सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 312



12 आतंकवाद के कांटे को निकालकर ही रहेंगे : मोदी

## न्यूज डायरी

### सीएम की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक स्थगित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था को लेकर मंगलवार को प्रस्तावित उच्चस्तरीय बैठक अपरिहार्य कारणों को लेकर स्थगित करनी पड़ी। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया। बैठक में अवैध घुसपैठ और गंभीर आपराधिक घटनाओं सहित कुल 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा होनी थी। यह बैठक सीएम आवास में होनी थी।

### आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए 31 जुलाई 2025 तक दाखिल होने वाली आयकर रिटर्न (आईटीआर) की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 सितंबर 2025 कर दी है। करदाताओं के लिए सहज और सुविधापूर्ण फाइलिंग के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### सुकमा में 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में मंगलवार को 39 लाख के इनामी एक महिला सहित 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित होने दबाव के फलस्वरूप 18 नक्सलियों ने सुकमा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर किया।

### ठेला पर कपड़ा बेचने वाले की बेटी बनी रांची टॉपर

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में छात्राओं ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। खासकर रांची जिले की तहरीन फातमा ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये पंडित नेहरू

**नयी दिल्ली।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को पीएम मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

### ट्रिपल मर्डर के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**रांची।** खलारी में पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या करने वाले आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी रवि लोहरा ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चो की सिलवट से मार कर हत्या कर दी थी। तीनों की हत्या के बाद रवि लोहरा खुद भी जान देना चाहता था।

## जैक 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, पूरे राज्य में 91.7 फीसदी छात्र सफल

# 98.60% के साथ हजारीबाग की गीतांजलि बनीं स्टेट टॉपर

- मैट्रिक परीक्षा के टॉप 10 में इंदिरा गांधी हजारीबाग की 7 बेटियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जैक सभागार में रिजल्ट जारी किया। इस साल मैट्रिक की परीक्षा में 91.7 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। बीते साल की तुलना में इस वर्ष का परीक्षाफल बेहतर रहा है और करीब डेढ़ प्रतिशत बच्चे इस बार बीते साल से ज्यादा सफल घोषित किये गये हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाईस्कूल हजारीबाग की गीतांजलि 98.60% अंक के साथ स्टेट टॉपर रही। वहीं रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 98.20% के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान और इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 97.80%) के साथ तीसरे स्थान पर रही है। इस बार की मैट्रिक परीक्षा में भी बैटियों का दबदबा कायम रहा है।

### मैट्रिक परीक्षा में बेटों को पछाड़ बेटियों ने दबदबा कायम रखा

| | |
|---|---|
| टॉपर : गीतांजलि | 98.60 प्रतिशत |
| सेकेंड टॉपर : रितु, अमृता, पूजा, अमर | 98.20 प्रतिशत |
| थर्ड टॉपर : शिवानी कुमारी | 97.80 प्रतिशत |



**रिजल्ट का फैक्ट फाइल**

कुल पास प्रतिशत : 91.71%
प्रथम श्रेणी : 2 लाख 2 हजार 140 छात्र
द्वितीय श्रेणी : 1 लाख 57 हजार 294 छात्र
तृतीय श्रेणी : 17 हजार 521 छात्र

**टॉप-5 रिजल्ट वाले जिले**

| | |
|---|---|
| कोडरमा: | 97.83% |
| पाकुड़: | 96.83% |
| लातेहार: | 96.25% |
| साहिबगंज : | 96.22% |
| जामताड़ा: | 96.00% |

### स्टेट टॉपर को तीन लाख रुपये का नगद ईनाम

जैक बोर्ड ने टॉपर्स को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। स्टेट टॉपर को तीन लाख रुपये प्राइज मनी दी जायेगी।

**नकद पुरस्कार की राशि**

प्रथम रैंक : 3 लाख रुपये
द्वितीय रैंक : 2 लाख रुपये
तृतीय रैंक : 1 लाख रुपये



### रिजल्ट में डेढ़ प्रतिशत की हुई वृद्धि : सचिव

स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने बताया कि इस बार 4,31488 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 3,95755 परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जिसमें प्रथम श्रेणी से 202140, द्वितीय श्रेणी से 157294 और तृतीय श्रेणी से 17521 परीक्षार्थी शामिल हैं। वहीं, कुल 91.71 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते साल की तुलना में इस साल का रिजल्ट 1.5 प्रतिशत अधिक रहा।

### मेहनत और मार्गदशन का मिला परिणाम : राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी मैट्रिक परीक्षा के सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन और सहयोग किया, को भी बधाई दी। साथ ही राज्यपाल ने कहा कि मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### आगे भी कड़ी मेहनत करें और बढ़ते रहें : मुख्यमंत्री

सीएम हेमंत सोरेन ने जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी हैं। सीएम हेमंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिला वो कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि आपके सहयोग और मार्गदर्शन से ही बच्चे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हैं। आप सभी को जोहार।

### बच्चे और हमारी मेहनत रंग लायी : शिक्षा मंत्री

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी को नए आयाम तक पहुंचाया है। यह हमारे शिक्षा तंत्र, शिक्षकों और सरकार की साझा मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है, जो उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का काम कर रही है।

# पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान भारत में बनेंगे, मिली मंजूरी

## वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दी है।

मंत्रालय से जारी वक्तव्य में कहा गया है 'देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक



पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दी है। यह मॉडल पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए स्वदेशी विशेषज्ञता, क्षमता और क्षमता का दोहन करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर होगा।

# 16वें वित्त आयोग की टीम आज से 31 मई तक झारखंड में रहेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 16वें वित्त आयोग की टीम बुधवार (आज) को अपने चार दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अगुवाई वाली यह टीम 31 मई तक राज्य दौरे पर रहेगी। इस दौरान आयोग और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के बीच बैठकों का दौरा होगा। बैठक में राज्य सरकार अगले पांच सालों के लिए जिलों के समग्र विकास के लिए आर्थिक सहयोग की मांग करेगी। वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, रांची पहुंचने के बाद टीम दोपहर में पतरातू जाएगी। वहां से लौटने के बाद टीम बिरसा मुंडा म्यूजियम भी जायेगी। टीम होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेगी। वहीं गुरुवार यानी 29 मई को सुबह वित्त आयोग की टीम देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करेगी। देवघर में स्थानीय निकाय के सदस्यों के साथ मीटिंग करेगी। इसके बाद 30 मई को आयोग की टीम रांची में बैठक करेगी। यह बैठक रेडिसन ब्लू में होनी है। आयोग के समक्ष वित्त सचिव प्रेजेंटेशन देंगे।

### महिला जज को नहीं मिली चाइल्ड केयर लीव पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**रांची।** झारखंड की एक महिला न्यायिक अधिकारी ने चाइल्ड केयर लीव देने से इनकार किए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया। पीठ ने 29 मई को मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई है। महिला न्यायिक अधिकारी के वकील ने कहा कि वह एक एडिशनल डिस्ट्रिक जज और सिंगल पेरेंट है। उन्होंने चाइल्ड केयर लीव मांगी थी क्योंकि, उसका तबादला कर दिया गया था। कहा कि उनकी छुट्टी को अस्वीकार कर दिया गया। वकील ने कहा कि महिला ने 10 जून से दिसंबर तक चाइल्ड केयर लीव मांगी थी। सीजेआई ने पूछा, इसे क्यों अस्वीकार कर दिया गया? इस पर वकील ने जवाब देते हुए बताया कि इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। चाइल्ड केयर लीव विशेष प्रकार का अवकाश है जो महिला कर्मचारियों और एकल पुरुष कर्मचारियों को उनके बच्चों की देखभाल को दिया जाता है।

## पंचकूला में धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनकर घर लौट रहे थे

# हरियाणा में एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

**एजेंसी**

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में देहरादून से आए एक परिवार के 7 लोगों ने आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी बाबा धीरेंद्र शास्त्री की पंचकूला सेक्टर-28 में चल रही कथा में भाग लेने के लिए आया था। कथा सुनने के बाद घर लौटते समय सेक्टर-27 में खड़ी एक कार में परिवार के सातों सदस्य अचेत पाये गये। पुलिस को रात 11 बजे सूचना मिली कि एक कार में कई लोग बेहोश हैं। पुलिस मौके पर पहुंची व सबको अस्पताल पहुंचाया। छह को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक की हालत गंभीर थी, जिसकी बाद में मौत हो गई। मृतकों में प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी, तीन बच्चे और दो बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह कर्ज का बोझ और आर्थिक तंगी बताई जा रही है।

**गाड़ी में उल्टियां की हुई थी:** अंदर सभी ने उल्टी की हुई थी। उन्होंने प्रवीण मित्तल को बाहर निकाल लिया। वो कांप रहा था। प्रवीण ने बताया कि हमारे सिर पर कर्जा है।

### सवालों के घेरे में कई पहलू, जांच शुरू



इस घटना के बारे में डीसीपी हिमाद्री कौशिक और डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर अमित दहिया ने कहा कि फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जांच जारी है कि परिवार ने यह कदम क्यों उठाया और पंचकूला में उन्होंने आत्महत्या का स्थान क्यों चुना। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि परिवार ने कथा के बाद खुदकुशी की योजना पहले से बनाई थी या यह निर्णय अचानक लिया गया। जिस स्थान पर कार खड़ी थी, वहां उनका कोई परिचित था या नहीं। डीसीपी हिमाद्री कौशिक ने कहा कि पूरे परिवार ने सुसाइड किया है। सभी की पहचान हो गई है।

### घाटे में चल रहा था टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार

जानकारी के अनुसार, प्रवीण मित्तल पर कुछ सालों से काफी कर्ज हो गया था। मित्तल ने कुछ समय पहले देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का व्यवसाय शुरू किया था, लेकिन उन्हें भारी नुकसान हुआ। व्यवसाय में घाटे और बढ़ते कर्ज से मानसिक तनाव में आकर उन्होंने कथित रूप से यह कदम उठाया। देहरादून में उन्होंने टूर एंड ट्रैवल्स का बिजनेस शुरू किया था, लेकिन वह नहीं चला। इसके बाद परिवार कर्ज के तले दबता चला गया। इतनी तंगी हो गई थी कि घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया था।

### अमृतसर में बम विस्फोट में आतंकी के उड़े चिथड़े

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में मंगलवार की सुबह हुए बम धमाके का खुलासा हो गया। धमाके में मारा गया व्यक्ति आतंकी पृष्ठभूमि का था। प्रारंभिक जांच में इस धमाके का आतंकी कनेक्शन सामने आया है। धमाके में युवक के चिथड़े उड़ गए। पुलिस ने शरीर के टुकड़े एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। बता दें कि मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे अमृतसर के मजीठा रोड पर स्थित डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के बाहर धमाका हुआ। यह धमाका इतना तेज था कि एक व्यक्ति के हाथ व पैर कटकर दूर जा गिरे। विस्फोट की खबर मिलते ही पुलिस की टीम पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। अमृतसर एसएसपी मनिंदर सिंह ने आशंका जतायी कि यह आतंकी घटना हो सकती है। बताया कि पहले भी कई मामले आए हैं, जिनमें हथियारों की खेप अज्ञात जगह पर रखी जाती थी। आतंकी या स्लीपर सेल के लोग बाद में उसे उठाते हैं। उन्होंने बताया कि शक है कि यह व्यक्ति भी यहां रखा विस्फोटक उठाने आया और तभी धमाका हो गया।

## 48 आइपीएस अधिकारियों का तबादला

# कौशिक रांची के आइजी व अजीत नये सिटी एसपी बने

- एडीजी रैंक के चार, आइजी-डीआइजी रैंक के नौ, एसपी रैंक के 25 अधिकारी बदले
- धनबाद, हजारीबाग, खूंटी जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा समेत कई एसपी बदले

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड के 20 आईएएस अफसरों के तबादले के बाद राज्य सरकार ने मंगलवार को 48 आईपीएस अफसरों का तबादला किया। तदाशा मिश्र को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। मनौज कौशिक रांची के नये आइजी बनाये गये हैं। वहीं अजीत कुमार रांची के नये सिटी एसपी बनाये गये। प्रवीण पुष्कर को रांची का नया ग्रामीण एसपी बनाया गया है। ऋत्विक श्रीवास्तव धनबाद के नये सिटी एसपी बनाये गये हैं। एडीजी रैंक के चार, आइजी रैंक के नौ, डीआइजी रैंक के नौ और एसपी रैंक के 25 अधिकारी का तबादला किया गया है, जबकि स्पेशल ब्रांच आइजी प्रभात कुमार को जैप आइजी का प्रभार दिया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस बाबत मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी।

**कौन कहां गये :** एडीजी तदाशा मिश्रा को विशेष सचिव गृह, कार एवं आपदा प्रबंधन विभाग में पदस्थापित किया गया। एडीजी संजय लाठकर को रेल एडीजी के पद पर पदस्थापित किया गया। एडीजी प्रिया दुबे प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित की गयी हैं। मनोज कौशिक को आईजी रांची जोन के पद पर स्थापित किया गया। आईजी अखिलेश कुमार झा को पुलिस अकादमी हजारीबाग भेजा गया है। आईजी एवी होमकर को रेल आईजी जबकि प्रभात कुमार को जेल आईजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। माइकल राज को आईजी अभियान बनाया गया। क्रांति गड़ीदेशी को बोकारो जोन का आईजी बनाया गया। आईजी नरेंद्र कुमार को आईजी मानवाधिकार बने। शैलेंद्र कुमार सिंह को आईजी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया। सुदर्शन मंडल को आईजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। टी कंडासामी को एडीजी अभियान बनाया गया। संजीव कुमार को एसीबी डीआईजी, वाई एस रमेश को एससीआरबी डीआईजी, सुरेंद्र कुमार झा को डीआईजी कार्मिक बनाया गया। मनोज रतन चौथे को स्पेशल ब्रांच डीआईजी बनाया गया। संध्या रानी मेहता को डीआईजी बजट, शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल को डीआईजी स्पेशल ब्रांच, नौशाद आलम अंसारी को डीआईजी पलामू, चंदन कुमार झा को डीआईजी सीआईडी और अनुरंजन किस्पोट्टा को डीआईजी कोल्हान बनाया गया। कुसुम पूनिया को जैप 9 कमांडेंट, पटेल मयूर कन्हैयालाल को आईजी प्रोविजन, किशोर कौशल को जैप 7 का कमांडेंट बनाया गया।

मोहम्मद अर्शी को सिमडेगा एसपी बनाया गया। धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन को स्पेशल ब्रांच एसपी बनाया गया। निधि द्विवेदी को पाकुड़ एसपी, आशुतोष शेखर को पीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। पीयूष पांडे को जमशेदपुर का एसएसपी और प्रभात कुमार को धनबाद एसएसपी बनाया गया। अमन कुमार को गढ़वा एसपी, सादिक अनवर रिजवी को लोहरदगा एसपी, अरविंद कुमार सिंह को एसीबी एसपी, विकास पांडे को एसीबी का एसपी बनाया गया। अंजनी अंजन को हजारीबाग एसपी बनाया गया। श्री सौरभ को जैप 10 का कमांडेंट और राजकुमार मेहता को जामताड़ा एसपी बनाया गया। शंभू कुमार सिंह को जैप 4 कमांडेंट बनाया गया। अजीत कुमार को रांची सिटी बनाया गया। मुकेश कुमार को गोड्डा एसपी, राकेश रंजन को चाईबासा एसपी, हरिश बिन जमा को गुमला एसपी, मनीष टोप्पो को खूंटी एसपी, हरविंदर सिंह को बोकारो एसपी, सुमित अग्रवाल को चतरा एसपी, प्रवीन पुष्कर को रांची ग्रामीण एसपी और ऋतिक श्रीवास्तव को टीएसपी धनबाद बनाया गया।

## कार्टून कोना

### तीसरी आंख




## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 68 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित

# झारखंड के नागपुरी गायक महावीर को पद्मश्री पुरस्कार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दूसरे चरण में 68 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें बिहार कोकिला के नाम से मशहूर बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका, शारदा सिन्हा (मरणोपरांत), गुजरात की कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया (मरणोपरांत) कला के क्षेत्र में और सार्वजनिक मामले के लिए चंडीगढ़ के न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। शारदा सिन्हा के पुत्र और कुमुदिनी के पोते ने उनकी ओर से पुरस्कार ग्रहण किया। साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण सम्मान दिया गया। झारखंड के नागपुरी गायक महावीर नायक को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को राष्ट्रपति ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया था। बता दें कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिये जाते हैं।



राष्ट्रपति के हाथों बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका, स्वर्गीय शारदा सिन्हा के बेटे सम्मान ग्रहण करते हुए।

### 3 को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और 56 हस्तियों को पद्मश्री सम्मान

राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को आयोजित समारोह में द्रौपदी मुर्मू ने 68 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें 3 को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और 56 हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया, इसमें झारखंड के नागपुरी गायक महावीर नायक भी शामिल हैं। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री के लिए नामित किया गया था। जिनमें 7 को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण, और 113 को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(शेष खबर पेज 11 पर)

# अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूत के साथ सुदेश महतो ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव में भाग लेने न्यू जर्सी पहुंचे थे। इस दौरान वह लगातार महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मुलाकात कर रहे थे। इसी क्रम में अमेरिका में नियुक्त भारत के महावाणिज्य दूत विनय श्रीकांत प्रधान के साथ श्री महतो की अनौपचारिक मुलाकात हुई। दोनों ने भारत-अमेरिका राजनीतिक एवं व्यापार संबंध, प्रवासियों से जुड़े मुद्दों समेत कई विषयों पर चर्चा की। श्री प्रधान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजाना के समारोह में भाग लेने विशेष रूप से न्यूयॉर्क से न्यू जर्सी पहुंचे थे। श्री प्रधान ने बिजाना के प्रयासों की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तरी अमेरिका के प्रवासियों को सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे से जोड़ने में बिजाना सेतु का कार्य कर रहा है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना संख्या एमईसीएचसीकेपी–25–26–08,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** झारसुगुड़ा के स्टेशन यार्ड में त्वरित जल व्यवस्था का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 4,91,18,890.14, **बोली प्रतिभूति राशि** : रु. 3,95,600/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। **निविदा के खुलने का स्थान** : वरिष्ठ डीएमई/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 16.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। (PR-207)

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/540/2025 दिनांकः-26.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत " बेको–मखमारगो पथ के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 11.65 तक (कुल लंबाई– 11.65 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य"। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 6,74,77,506.00(छः करोड़ चौहत्तर लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ छः रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs.6,75,000.00(छः लाख पचहत्तर हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 05(पाँच) माह। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 03.06.2025, 10:30 बजे से। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 24.06.2025, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 26.06.2025, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 353572 (Road) 25-26 (D)


# मैट्रिक परीक्षा में लड़कियों ने एक बार फिर मारी बाजी

## अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में इस वर्ष कुल 4,31,488 छात्रों ने परीक्षा दिया था, जिसमें 91.71% यानी 3,95,755 विद्यार्थी पास हुए हैं।

इस बार के रिजल्ट की खास बात यह है कि अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं इस परीक्षा में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर रिजल्ट दर्ज कर अपनी बढ़त बनाए रखा है।

| वर्ग | परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | पास प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग | 25,303 | 24,131 | 95.36% |
| पिछड़ा वर्ग | 60,853 | 57,158 | 93.92% |
| अनुसूचित जाति | 17,592 | 16,200 | 92.08% |
| सामान्य वर्ग | 2,67,206 | 2,43,880 | 91.27% |
| अनुसूचित जनजाति | 60,534 | 54,386 | 89.84% |

**रिजल्ट का फैक्ट फाइल**

कुल परीक्षार्थी : 4,31,488, कुल उत्तीर्ण छात्र : 3,95,755, कुल पास प्रतिशत : 91.71%, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : अति पिछड़ा वर्ग (95.36%), सबसे कम पास प्रतिशत : अनुसूचित जनजाति (89.84%), लड़कियों का पास प्रतिशत : 53.30%, लड़कों का पास प्रतिशत : 46.69%

### लड़कियों ने फिर मारी बाजी

जैक की ओर से अयोजित मैट्रिक परीक्षा में इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल 4,31,488 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 2,28,356 लड़कियां और 2,03,132 लड़के शामिल थे। इसमें से 3,95,755 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल घोषित किये गये हैं।

वहीं परीक्षा में शामिल 2,28,356 लड़कियों में से 2,10,967 पास कर गयीं, जबकि 2,03,132 में से 1,84,788 लड़के इस परीक्षा में सफल घोषित किये गये हैं।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य में छात्राओं की शैक्षणिक भागीदारी और सफलता दर में लगातार सुधार हो रहा है। लड़कियों ने न केवल अधिक संख्या में भाग लिया है, बल्कि सफलता दर में भी लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

| लिंग | परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| लड़कियां | 2,28,356 | 2,10,967 | 53.30% |
| लड़के | 2,03,132 | 1,84,788 | 46.69% |

**लड़कों और लड़कियों का वर्गवार प्रदर्शन**

| वर्ग | कुल उत्तीर्ण | लड़कियां | लड़के |
|---|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | 2,43,880 | 1,32,982 | 1,10,898 |
| अनुसूचित जाति | 16,200 | 7,906 | 8,294 |
| पिछड़ा वर्ग | 57,158 | 28,591 | 28,567 |
| अति पिछड़ा वर्ग | 24,131 | 11,644 | 12,487 |

# मैट्रिक परीक्षा के टॉप 10 में इंदिरा गांधी हजारीबाग की सात बेटियां



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से मंगलवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप 10 विद्यार्थियों में से 7 इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60% (493 अंक) के साथ पहला स्थान यानी स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 491 अंक (98.20%) के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। अमर कुमार प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ से हैं।

**टॉप 10 विद्यार्थियों की लिस्ट**

| विद्यार्थी का नाम | स्कूल | मार्क्स (%) |
|---|---|---|
| गीतांजली | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 493 (98.60) |
| रितू कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 491 (98.20) |
| अमृता गुप्ता | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 491 (98.20) |
| पूजा कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 491 (98.20) |
| अमर कुमार | प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ | 491 (98.20) |
| शिवानी कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 489 (97.80) |
| विकास प्रमाणिक | प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर | 489 (97.80 |
| श्रेया कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 488 (97.60) |
| साक्षी कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 488 (97.60) |
| शुभम कुमार पात्रा | प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल बांगुड़दा | 487 (97.40) |

इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 489 अंक (97.80%) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 488 अंक (97.60%) प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनायी है। अन्य टॉपर्स में विकास प्रमाणिक (प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर) ने 489 अंक (97.80%) और शुभम कुमार पात्रा (प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल, बांगुड़दा) ने 487 अंक (97 l40%) प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**जिला परिवहन कार्यालय, रॉंची**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, रॉंची से निबंधित ऐसे निजी वाहन जिनकी निबंधन की वैधता 15 वर्ष पूर्ण हो चुकी है अथवा समाप्त होने के पश्चात् निबंधन नवीकरण नहीं कराया गया है वैसे वाहनो पर महालेखाकार, झारखण्ड, रॉंची के अंकेक्षण दल द्वारा आपत्ति दर्शाया गया है।

अतः उक्त स्थिति में वैसे निजी वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपने वाहन का पथकर का भुगतान कर वाहन का निबंधन नवीकरण (Renewal of Registration) कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए आपके विरूद्ध निलामपत्र वाद दायर किया जायेगा एवं वाहन का निबंधन संख्या को NOT TO BE TRANSACTED कर दिया जायेगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
रॉंची

PR 353559 Transport(25-26).D

**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सेन्हा (लोहरदगा)**

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 01/2025–26 दिनांक

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | सेन्हा | सेन्हा मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण | 20,00,000 | 5,000 | 40,000 | 04(चार) माह |

2. वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.05.2025
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 05.06.2025 / 10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय :– 06.06.2025 / 11:00 बजे पूर्वाह्न में
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– प्रखण्ड कार्यालय सेन्हा
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– प्रखण्ड कार्यालय सेन्हा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित सेन्हा प्रखण्ड के संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in जिला परिषद् लोहरदगा पर देखा जा सकता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
सेन्हा (लोहरदगा)

PR 353565 Lohardaga(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 13/2025–26**
**जिला योजना अनाबद्ध निधि**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.06.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक(छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.06.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 05.06.2025 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख)सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of HYDT with solar operated 2 HP Submersible DC motor Pump Set with Rising & Distribution Main through HDPE pipe. at Jharkhand Awasiya Balika Vidyalaya Chainpur (Kating) under D.W.&S. Division Gumla for year 2025-26. | 6,71,830.00 | 13,450.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| 2 | Construction of HYDT with solar operated 2 HP Submersible motor Pump Set with Rising Main through HDPE pipe at parsa panchayat at telaya village under district fund 2025-2026. | 12,98,596.00 | 26,000.00 | 2,500.00 | 30 Days |

निविदा की नियम एवं शर्ते :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.353639 Drinking Water and Sanitation(25-26):D


# आयुष्मान योजना की सुविधा को खत्म करने में जुटी हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो को सरना कोड की चिंता है तो धर्मांतरण पर लगायें रोक**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के दो प्रमुख मुद्दे पर हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनता को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित किये जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना झारखंड में शिथिल पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के 5 लाख तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। इस योजना के प्रावधान के तहत केंद्र सरकार की भागीदारी 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की 40 प्रतिशत है। और यदि राज्य सरकार इसे अपने राज्य की योजना में अलग नाम से चलाती है तो यह अनुपात 40 व 60 का हो जाता है। झारखंड में यह मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत इसी अनुपात में चल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के प्रावधान के तहत लाल कार्ड, पीला कार्ड, हरा कार्ड धारियों के साथ राज्य के कर्मचारी, पेंशन धारी सहित वकील आदि भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वाहवाही के लिये घोषणायें तो खूब की हैं। लेकिन, वास्तविकता इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के लिये 30 बेड के हॉस्पिटल और शहरी क्षेत्र के लिये 50 बेड की अनिवार्यता की है। जबकि, ग्रामीण क्षेत्र के लिये यह नियम कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 बेड के हॉस्पिटल उपलब्ध नहीं हैं। जबकि भारत सरकार के निर्णयों में 10 बेड के हॉस्पिटल का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जो 750 हॉस्पिटल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में सूचीबद्ध हैं। इसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार 538 हॉस्पिटल का भुगतान फरवरी 25 से नहीं हुआ है। और 212 हॉस्पिटल का पिछले 10 महीने से बकाया भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत शिकायत निवारण समितियां भी गठित हैं। इसकी बैठकें भी नहीं होती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का बयान भी बेतुका आता है। वे इस लचर व्यवस्था के लिये ईडी को दोषी ठहराते हैं। उन्होंने मांग की कि अविलंब राज्य सरकार अस्पतालों के बकाये का भुगतान सुनिश्चित कराये। केंद्र सरकार के तय मानक के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सूचीबद्ध किया जाये।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस-झामुमो को यदि सरना आदिवासियों की चिंता है तो आधा अधूरा काम नहीं करें। सरना कोड के पहले महत्वपूर्ण है सरना धर्म संस्कृति की रक्षा। उन्होंने बताया कि 2011 में झारखंड की कुल आबादी 3,29,88,134 थी। इसमें 86,45042 आदिवासियों की संख्या थी। 2011 में राज्य में आदिवासियों की कुल आबादी 26.20 प्रतिशत थी। इसमें 14,18,608 ईसाई की संख्या है। अर्थात झारखंड की कुल आबादी के 4.30 प्रतिशत ईसाई हैं। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से पूछा कि वे बतायें कि आखिर आदिवासी ऐसे ही अपनी धर्म संस्कृति से अलग होता गया तो फिर सरना धर्म कोड कौन भरेगा। उन्होंने कहा कि सरना कोड तो वही भरेगा जो सरना स्थल, मारांग बुरू, जाहिर थान को मानेगा। ये बचेंगे तभी तो धर्म कोड की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इस राज्य में रघुवर दास सरकार ने धर्म स्वातंत्र्य कानून बनाकर इसे संरक्षित रखने के लिए कड़े प्रयास किये थे। उन्होंने राज्य सरकार से इस कानून को कड़ाई से लागू करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी मौजूद थे।

### सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो का प्रदर्शन, वक्ताओं ने कहा

# सरना कोड के लिए केन्द्र सरकार को विवश कर देंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मंगलवार को राज्यभर के जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया। रांची में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा साथियों पूर्वघोषित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत आज हमलोग यहां उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जुटे हैं, अपनी बातों को राष्ट्रपति तक पहुंचाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। राज्य की जनभावना के अनुरूप झामुमो लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग करता आ रहा है। यह राज्य की भावना है कि सरना धर्म कोड लागू हो और उस भावना का ख्याल रखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का काम किया। उस सत्र में सरना धर्म कोड को विधेयक के रूप में पेश किया गया। वो दिन था 11 नवंबर 2020 और वो एक ऐतिहासिक दिन था, जब सरना धर्म कोड को पास करके राज्यपाल महोदय के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का काम किया गया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा चाहता है कि सरना धर्म कोड लागू हो, चाहे किसी भी कीमत पर हो। जिस तरह जनगणना के लिए हमने केंद्र सरकार को मजबूर किया उसी तरह सरना धर्म कोड के लिए भी हम केंद्र सरकार को मजबूर करेंगे। चाहे दिल्ली जाकर आंदोलन करना पड़े, हम दिल्ली भी जाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।

**क्या है सरना धर्म कोड की मांग**

सरना धर्म कोड की मांग आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान और अस्तित्व को मान्यता देने के लिए है। झारखंड में सरना धर्म की पूजा पद्धति, संस्कृति और मान्यताएं अन्य सभी धर्मों से अलग हैं। झारखंड विधानसभा में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की है।

**आदिवासी समाज की मांग है धर्म कोड : विकास मुंडा**

तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड पूरे आदिवासी समुदाय की मांग है, पूरे देश में रहने वाले आदिवासी समुदाय की मांग है कि अलग धर्म कोड हो, जब आप जातिगणना को मांग सकते हैं तो सरना धर्म कोड को भी शामिल करें, झामुमो सरना धर्म कोड को लेकर रहेगा। पार्टी के आए हुए कार्यकर्ता एक बड़े लड़ाई के लिए तैयार रहें।

**मुख्य रूप से उपस्थित रहे ये नेता :** धरना प्रदर्शन कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय, तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, सिल्ली विधायक अमित महतो शामिल हुए। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं संचालन में संपन्न हुआ, जिसमे पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारीगण, केंद्रीय सदस्य, जिला संयोजक मंडली के सदस्य, जिला और महानगर के सभी स्तर के नेतागण एवं प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया ने किया।

**राज्य हमलोगों को खैरात में नहीं मिला : सुप्रियो**

पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य हमलोगों को खैरात में नहीं मिला। सरना धर्म कोड भी हम बलिदान के बाद सौगात के रूप में लेंगे। जल जंगल जमीन बचाना है तो सरना को मानना होगा। जनगणना में इसका आंकड़ा भी देना होगा। भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। आदिवासी इस देश के सबसे पुराने मालिक हैं। झामुमो की मांग है कि सरना धर्म को जनगणना फॉर्म में अलग कोड दिया जाए, जिससे आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान को मान्यता मिल सके।

# ठेला वाले की बेटी बनी सिटी टॉपर आइपीएस बनने की है ख्वाहिश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में छात्राओं ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। रांची की तहरीन फातमा ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गर्व हुआ है।

**आर्थिक रूप से कमजोर है परिवार :** तहरीन का पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद साधारण है। उनके पिता ठेले पर कपड़ों की दुकान लगाते हैं। उनके पिता सीमित आय के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। माता-पिता की कड़ी मेहनत और समर्थन का ही परिणाम है कि तहरीन आज इस मुकाम तक पहुंची हैं। टॉपर तहरीन बताती हैं कि उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए किया और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी।

**अनुशासन और नियमितता ही बनीं सफलता की कुंजी :** तहरीन बताती हैं कि नियमितता, अनुशासन और आत्मनिर्भर अध्ययन उनकी सफलता की कुंजी रही। तहरीन को स्कूल और शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग मिला। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर तहरीन ने बताया कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर तकनीकी क्षेत्र में देश का नाम रोशन करना चाहती हैं।

### पिता ठेले पर बेचते हैं कपड़ा

तहरीन के पिता अब्दुल रहमान ने कहा कि एक ठेले पर कपड़ों की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कहा कि दुकान से जो भी आमदनी होती है बेटियों के पढ़ाई पर खर्च करते हैं। उनके तीन बेटियां हैं और तीनों होनहार है। उन्होंने कहा कि बेटी को आईपीएस बनने की ख्वाहिश है, जो पूरा करने की हर संभव कोशिश होगी। तहरीन के पिता बेटी की इस उपलब्धि पर काफी खुश हैं।

# मैट्रिक परीक्षा में निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल का शानदार प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल ने एक बार फिर से अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का प्रमाण देते हुए दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 136 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इनमें से 25 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन के साथ शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने परीक्षा परिणाम पर हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और विद्यालय परिवार को उन पर गर्व है।

प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की समर्पित शिक्षण प्रणाली, बच्चों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा परिणाम के बाद से लगातार अभिभावकों द्वारा मिल रही शुभकामनाएं शिक्षकों के लिए सम्मान की अनुभूति करा रही हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आशुतोष कुमार, किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, पंकज, सुरेश कुमार, सुधीर कुमार आदि थे।

### 90 प्रतिशत से अधिक अंक लानेवाले छात्र

- शिखा कुमारी - 95.60%
- रिश्ता शर्मा - 94.20%
- सुहानी कुमारी - 93.60%
- राज गुप्ता - 93.60%
- साजिया परवीन - 93.00%
- सादिया परवीन - 91.20%
- सागर कुमार सिंह - 91.00%
- आर्यन कुमार साव - 90.00%



## श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन


खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय डोरंडा की छात्राओं ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा रानी कुमारी ने 93.80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सरस्वती कुमारी ने 91.40% अंक के साथ द्वितीय स्थान, तथा नँदनी कुमारी ने 87% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाध्यापिका उपमा पाल ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुभाषचंद्र बोथरा एवं सचिव घेवर चंद नाहटा ने भी सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को बधाई दीं।

## नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर की जया मुंडा स्कूल टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर के 96 विद्यार्थियों ने झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें 81 बच्चों ने प्रथम तथा 11 बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किये। जया मुंडा ने 93.2% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं विद्यालय के अंकित कुमार महतो ने 92.8% अंक लाकर द्वितीय, शुभम कुमार साहू ने 91.4% अंक लाकर तृतीय, शिवानी कुमारी ने 89.0% अंक लाकर चतुर्थ, रोहित कुमार साहू ने 88.4% अंक लाकर पंचम, अनुज कुमार साहू ने 88.0% अंक लाकर षष्ठम, कैश अंसारी ने 87.4% अंक लाकर सप्तम, अनिशा टोप्पो ने 87.2% अंक लाकर अष्टम, श्वेता कुमारी ने 86.6% अंक लाकर नवम व रोशनी कुमारी 84.6% अंक लाकर दशम स्थान पर रहे। विद्यालय के 03 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक,14 विद्यार्थियों ने 80 से 89%, 23 विद्यार्थियों ने 70 से 79%, 41 विद्यार्थियों ने 60 से 69% एवं 11 विद्यार्थियों 45 से 59% के बीच अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने सफल विद्यार्थियों को बधाई के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा विद्यालय के सभी बच्चे मजदूर एवं किसान वर्ग के परिवार से आते हुए भी बच्चों के अथक परिश्रम के साथ - साथ शिक्षक - शिक्षिकाओं के श्रेष्ठ मार्गदर्शन व अभिभावकों के उचित संरक्षण से परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा।



## ज्ञानोदय उच्च विद्यालय गांधीनगर का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा

**शिवानी और सानिया बनी विद्यालय टॉपर**

**रांची।** ज्ञानोदय उच्च विद्यालय गांधीनगर कांके रोड रांची का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय की छात्रा शिवानी कुमारी, रॉल नं0 0046, कुल प्राप्तांक 435, सानिया परवीन, रॉल नं0 0004, कुल प्राप्तांक 432 लाकर विद्यालय का टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। विद्यालय के सचिव डॉ भीम प्रभाकर ने बताया कि इस बार माध्यमिक परीक्षा 2025 में कुल 96 विद्यार्थियों शामिल हुए जिसमें 83 विद्याथीर्यों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के परीक्षाफल पर संस्था के सचिव एनडी शर्मा और प्रचार्या अंकिता पॉल संतोष व्यक्त किया है और उन्होंने इसके लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों के परिश्रम का परिणाम बताया है।

## मोरहाबादी के वेंडर मार्केट में दुकानों का शांतिपूर्वक किया गया आवंटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी में नवनिर्मित वेंडर मार्केट में दुकानदारों को दुकानें आवंटित करने की प्रक्रिया मंगलवार को रांची नगर निगम कार्यालय में संपन्न हुई। यह आवंटन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिसकी प्रक्रिया नगर निगम भवन के आठवें तल्ले पर आयोजित की गई थी।

**लाभार्थियों की सूची जारी :** लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने के चंद मिनट बाद ही लाभार्थियों की सूची जारी कर दी गई और मौके पर ही आवंटन पत्र भी वितरित कर दिए गए। इस आयोजन के दौरान कुछ आवेदक अनुपस्थित रहे, जिनके बारे में आगे विचार किया जाएगा।

**आवंटन से पहले हुआ विरोध, फिर समाधान :** लॉटरी से ठीक पहले मोरहाबादी के कुछ फुटपाथ दुकानदारों ने नगर निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि प्रशासन द्वारा फल-सब्जी और फूड स्टॉल्स को एक ही परिसर में समाहित करने की कोशिश की जा रही है, जिससे उनके कारोबार में व्यवधान उत्पन्न होगा और ग्राहक भ्रमित होंगे। इस विरोध को गंभीरता से लेते हुए अपर नगर प्रशासक संजय कुमार ने प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों को संवाद के लिए आमंत्रित किया। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी, जिसके तहत विरोध कर रहे व्यापारी भी आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित होने को तैयार हो गए। समझौते के अनुसार, फल-सब्जी विक्रेताओं और फूड स्टॉल संचालकों को अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्थित किया जाएगा।

# पत्नी और दो मासूम बच्चों को मौत के घाट उतारने वाला हत्यारा रवि लोहरा गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मैक्लुस्कीगंज थाना अंतर्गत धमधमियां ढुब टोला में अपनी पत्नी दो नाबालिग मासूम बच्चों की बेरहमी पूर्वक हत्या करनेवाले आरोपी व्यक्ति रवि लोहरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त नया धौड़ा, खलारी का रहनेवाला है। पुलिस ने हत्याकांड में प्रयुक्त खून लगा सिलवट जब्त कर लिया है। इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब एक बजे मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में पत्नी व दो मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या करनेवाले आरोपी पति रवि लोहरा को पुलिस ने हत्याकांड के आठ घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने मृतका रेणु देवी, आयुष कुमार (07 वर्ष) व आरोहि कुमारी (04 वर्ष) के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा।

**ससुराल में रहता था रवि लोहरा**

पुलिस के अनुसार अभियुक्त राज मिस्त्री का कार्य करने गढ़वा गया था, जो करीब एक सप्ताह पहले घर आया था। अभियुक्त के भाईयों के साथ बंटवारा में घर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस कारण अपने ससुराल धमधमिया में विगत एक वर्ष से अपने परिवार के साथ में रह रहा था। वह अपनी पत्नी रेणु देवी से घर चलने के लिए और घर पर हीं झोपड़ी बनाकर रहने के लिए बोलता था, जिसमें पत्नी रेणु देवी जाने से इंकार करती थी।

**साजिश के तहत हत्याकांड को दिया अंजाम :** पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने यह भी बताया कि रेणु देवी के घर जाने से इंकार करने के कारण रवि लोहरा ने योजना बनायी कि अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद स्वयं भी आत्महत्या कर लेगा। इस हत्याकांड में मृतिका रेणु देवी के भाई चंदन कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना में कांड दर्ज किया गया है।

## घर से अवैध हथियार और गोली बरामद, गिरफ्तार

**गुप्त सूचना पर पुलिस की टीम ने हिंदपीढ़ी में की छापामारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हिन्दपीढ़ी थाना की पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त अल्फाज लेक रोड, छाता मस्जिद, हिन्दपीढ़ी का रहनेवाला है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा, गोली और मोबाइल जब्त किया है। इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हिन्दपीढ़ी थाना अन्तर्गत लेक रोड, छाता मस्जिद के पास अल्फाज नाम का व्यक्ति अपने पास अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। उक्त सूचना पर डीएसपी कोतवाली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम कार्रवाई करने के लिये अप्फाज के घर के पास पहुंची। टीम ने घर की घेराबंदी कर दरवाजा खोलवाया। अल्फाज के बारे में पूछने पर बताया कि वो बगल वाला कमरा में सो रहा है। इसपर उस कमरा को खोलवाने पर एक व्यक्ति मिला, जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम अल्फाज बताया। उसके कमरा का विधिवत तलाशी ली गयी तो एक लोहे का देसी कट्टा बरामद हुआ। उक्त देशी कट्टा को खोलने पर चेम्बर में एक लोड गोली बरामद हुआ। हथियार के साथ अल्फाज को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया।

# चेन स्नैचर और खरीदार गिरफ्तार

- बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को दिया था अंजाम
- दो फरार अपराधी गिरफ्त से बाहर, छापामारी जारी
- घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की स्कूटी व सोना का गलाया हुआ गोला पीस जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने चेन छिनतई की घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त नौशाद, रवि कुमार चौरसिया के पास से घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की स्कूटी और सोना का गलाया हुआ गोल पीस (वजन 7.128 ग्राम ) जब्त किया है।

इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी ने बताया कि 12 मई को लोअर बाजार थाना अर्न्तगत बहू बाजार - बरनाबास अस्पताल के सामने से चेन छिनतई की घटना हुई थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुये सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा कांड के उद्भेदन के लिए सीसीटीवी और स्थानीय गुप्तचरों के सहयोग से इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की गई। जिसमें घटना में शामिल एक अपराधी की गिरफ्तारी की गई। पुलिस पुछताछ में गिरफ्त में आये अभियुक्त के द्वारा दी गई जानकारी पर छीना गया चेन का गलाया हुआ सोना की बरामदगी सोना खरीदने वाले रवि कुमार चौरसिया के पास से की गई है। इस घटना में शामिल अन्य दो अपराधी की पहचान हो गई है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये छापामारी की जा रही है। पुलिस टीम में के वी रमन, डीएसपी, सिटी, दयानन्द कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार, पुअनि सुधीर वाड़ा,सअनि भीम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# जेएसएलपीएस के बर्खास्त कर्मचारियों से होगी 17.14 लाख की वसूली, आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने दो बर्खास्त कर्मचारियों से 17.14 लाख रुपये की वसूली का आदेश दिया है। इन कर्मचारियों को मार्च 2025 में वित्तीय अनियमितता के आरोप में बर्खास्त किया गया था। बर्खास्तगी से पहले दोनों को 20 महीने तक निलंबित रखा गया। निलंबन की अवधि में उन्हें 50 प्रतिशत वेतन दिया गया। संविदा पर नियुक्त कमर्चारियों को निलंबन की अवधि में नियमित सरकारी कर्मचारियों की तरह दिया गया 50 प्रतिशत वेतन विवाद का विषय बना हुआ है।

**2023 में ही दोनों कर दिये गये थे सस्पेंड :** बता दें कि सचिन साहू और अश्विनी कुमार दास जेएसएलपीएस में संविदा के आधार पर नियुक्त हुए थे। सचिन लातेहार में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर और अश्विनी दास डिस्ट्रिक्ट फाइनांस मैनेजर के पद पर पस्थापित थे। वित्तीय अनियमितता का आरोप लगने के बाद वर्ष 2023 में इन दोनों को निलंबत कर दिया गया था। इसके बाद मार्च 2025 में दोनों को बर्खास्त कर दिया गया। बर्खास्तगी के बाद मई 2025 में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ने इन कर्मचारियों से कुल 17.14 लाख रुपये की वसूली का आदेश जारी किया है। जांच में दोनों को 17.14 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता के लिए दोषी पाया गया है।

# नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का बयान भ्रामक और तथ्यों से परे : डॉ. इरफान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा आयुष्मान भारत योजना को लेकर दिए गए बयान पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि मैं किसी के दबाव में काम नहीं करता। राज्य में आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में भारी गड़बड़ियां सामने आई हैं। जांच जारी है और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी भी अस्पताल को भुगतान नहीं किया जाएगा। गलत भुगतान किसी हाल में नहीं किया जाएगा। इस फैसले से भाजपा नेता और उनसे जुड़े कई अस्पतालों में बौखलाहट है, क्योंकि उनमें से कई अस्पताल जांच के घेरे में हैं। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि आयुष्मान भारत की आड़ में भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### स्वास्थ्य को व्यापार नहीं बनने दूंगा : मंत्री



डॉ. अंसारी ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य को व्यापार नहीं बनने दूंगा। हमारी प्राथमिकता राज्य के हर नागरिक को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। झारखंड की जनता को धोखा देने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। राजनीति कीजिए, लेकिन स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय को राजनीति से दूर रखिए।

**बाबूलाल जी तथ्यों के साथ करें पीसी :** डॉ. अंसारी ने बाबूलाल मरांडी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मरांडी जी अगर आप प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं तो तथ्यों और आंकड़ों के साथ बात करें। आपके पास विभागीय जानकारी ही नहीं है, तो अनाप-शनाप बयानबाजी कर जनता को दिग्भ्रमित क्यों कर रहे हैं? आप एक वरिष्ठ और गंभीर नेता हैं, आपकी बातों में भी गंभीरता होनी चाहिए। खासकर स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

डॉ. अंसारी ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। इस सरकार की प्रतिबद्धता पारदर्शी, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने की है। राज्य में एक बड़ा और व्यापक परिवर्तन हो रहा है और पूरा सिस्टम सुधारा जा रहा है।

ईडी की कार्रवाई पर स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा कि ईडी की छापेमारी 4 अप्रैल को हुई, लेकिन कोई दस्तावेज जब्त नहीं किए गए। हमारी आपत्ति सिर्फ इतनी है कि जब तक हमें यह नहीं बताया जायेगा कि जांच में क्या पाया गया है और कौन दोषी है, तब तक हम आगे की कार्रवाई कैसे करें? हमारा इरादा पारदर्शिता और न्याय के साथ कार्य करने का है, लेकिन विभाग को पंगु बनाकर काम में बाधा पहुंचाई जा रही है। हमें काम करने दिया जाए ताकि सही अस्पतालों को जल्द भुगतान किया जा सके।

# आधी रात गश्त पर निकली रांची पुलिस, सुरक्षा का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी में मनचलों व अड्डाबाजी करनेवालों की अब खैर नही है। रांची पुलिस अब असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिये देर रात गश्त पर निकल रही है। सोमवार रात के करीब एक बज रहे थे। इस अंधेरी रात में सन्नाटे को चीरते हुए ठक-ठक, ठक-ठक की आवाज रांची के मेन रोड में गूंज रही थी। यह आवाज थी सड़क पर उतरे पुलिस फोर्स के बूटों की। राजधानी की सड़कों पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश पूरे लाव लश्कर के साथ उतरे थे। मकसद सिर्फ इतना था कि कहीं कोई अड्डाबाजी या गुंडई तो नहीं कर रहा। घर में सो रहे लोगों की नींद हराम करने की कोशिश तो नहीं कर रहा।

डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में फोर्स ने कोतवाली, हिंदपीढ़ी, डेली मार्केट और सुखदेवनगर थाना क्षेत्रों में जगह-जगह छापामारी की। वहीं, मेन रोड के अलावा इन इलाकों के गली-कूचों में भी पैदल मार्च किया। गश्ती के दौरान डीएसपी प्रकाश सोय और कोतवाली थानेदार आदिकांत कुमार के अलावा डेली मार्केट, सुखदेवनगर, महिला थाना और हिंदपाढ़ी के थानेदार भी थे।

गौरतलब है कि डीआईजी सह रांची पुलिस कप्तान चंदन सिन्हा ने सख्त निर्देश दिया था कि किसी भी हाल में कहीं पर भी अड्डाबाजी नहीं होनी चाहिये। अड्डाबाजी और गुंडई करने वालों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने का निर्देश भी दिया गया था। श्री सिन्हा ने आम लोगों से भी अपली की है कि अड्डेबाजी करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, पुलिस फौरन कार्रवाई करेगी। सूचना देने के लिए 8987790664 जारी किया गया है।

# संकट के समय देश और सेना के साथ खड़ी है कांग्रेस पार्टी : इमरान प्रतापगढ़ी

- प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने देश और सेना के सम्मान में जय हिन्द सभा का किया आयोजन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सह सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि भारत की आजादी से लेकर अब तक जो कुर्बानियां हमारे सेना के सैनिकों ने, सिपाहियों ने देश की शरहदों की हिफाजत करते हुए दी है। उनको श्रद्धांजलि देने, नमन करने का दिन है। इसी के लिए यह जय हिंद सभा का आयोजन किया गया है। उन्होंने शायर के अंदाज में कहा कि 'टूटने और बिखरने का चलन मांग लिया, हमने हालात से शीशे का बदन मांग लिया! हम भी खड़े थे तकदीर के दरवाजे पर, लोग दौलत पे गिरे हमने वतन मांग लिया। इमरान प्रतापगढ़ी मंगलवार को रांची के इटकी स्थित कुंदी मैदान में सेना के सम्मान में आयोजित जय हिन्द सभा का संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर एआईसीसी स्थायी आमंत्रित सदस्य झारखंड प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अल्पसंख्यक कांग्रेस के झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, बंधु तिर्की, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांके विधायक सुरेश बैठा एवं प्रदेश अलपसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष मंजूर अंसारी उपस्थित थे।

प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा आयोजित सभा में इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी के साथ पूरी पार्टी देश के संकट के समय सरकार और देश के सेना साथ खड़ा है। राहुल गांधी विदेश यात्रा छोड़ कर पहलगाम के मृत परिजनों से मिलने गए। वहीं प्रधानमंत्री बिहार के मधुबनी में जाकर जनसभा को संबोधित किया। विपक्ष सेना के नाम पर राजनीति नहीं करती, जो विपक्ष देश के लिए इंदिरा गांधी, राजीव गांधी गोलियां खाई हैं। वो विपक्ष कभी सेना के नाम पर राजनीत नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि जो देश भर में अपना पोस्टर लगा रहे हैं वो सेना के नाम पर राजनीत नहीं है तो क्या है? कांग्रेस पार्टी भारतीय सेना पर गर्व करती है और सलाम करती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारतीय सेनाओं के सम्मान के लिए आज जय हिन्द सभा का आयोजन किया गया है। जब जब देश में संकट आता है हमारे जवान सीमा में खड़े होकर लडाई लड़ते हैं। हमारे पूर्व प्रधानामंत्री लालबहादूर शस्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया है। उन्होंने कहा कि जवानों को जयकारा कीजिए जो सीमाओं पर सुरक्षा प्रदान करते हैं, किसानों का जयकारा कीजिए जो हमें धरती चीर कर अन्न उत्पादन कर हमें खिलाते हैं। हम कांग्रेस के सिपाही हैं जिसका गौरवशाली इतिहास है, जो आजादी से लेकर देश निर्माण तक का कार्य किया है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के सम्मान में आज हमारे विधान सभा क्षेत्र में जय हिंद सभा का आयोजन हुआ है। मैं सभी अतिथियों को धन्यवाद देती हूं, जोहार करती हूं। कांग्रेस पार्टी देश की आजादी से लेकर निर्माण तक कार्य की है आगे भी देश के लिए समर्पित रहेगी।

अल्पसंख्यक झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दुर में हमारी भारतीय सेना ने जो ताकत दिखाया है वह हर भारतीयों के लिए बहुत ही गर्व की क्षण है। भगवान बिरसा मुंडा के इस पावन धरती पर सेना के सम्मान में जयहिन्द सभा का आयोजन किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनमुद्दों को लेकर काफी संवेदनशील है। जनता की हर समस्याओं पर अपनी आवाज मुखरता के साथ उठाते रही है। मॉब लिंचिंग कानून हो, या सरना धर्मकोड लागू करने की मांग हो सभी मुद्दों पर काफी गंभीर है और इसे लागू करके ही रहेंगे। जय हिन्द सभा का संचालन प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दूबे ने की धन्यवाद ज्ञापन संगठन महासचिव अख्तर अली ने किया।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर हुसैन खान, महमूद अली, जेडी तिग्गा, खालिद खान, सगीर अंसारी, संतोष सरदार, सोहराब अंसारी, करीम अंसारी, शहीद रजा, मुजम्मिल अंसारी, मंजूर आलम, बारीक अंसारी, कमरूल हसन, मो अशरदुल कादरी, तौकिर अख्तर, सरवर अंसारी, सफार अंसारी मौजूद थे।

### लोकतंत्र को मजबूत करने में कांग्रेस का योगदान : के. राजू

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने कहा कि भारतवर्ष में लोकतंत्र को मजबूत कांग्रेस पार्टी ने किया और देश के सेनाओं को बहुत बल दिया। यही कारण है कि हरेक दौर में भारतीय सेना ने जीत हासिल किया है। इस बार भी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर में जीत हासिल की है। इसी का जश्न मनाने के लिए हम सब आज एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए नहीं आमलोगों की समस्याओं के लिए खड़ी रहेगी।

## खबर एक नजर में

### राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रभारी जीनल एन गाला, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी उपस्थित थे।

### बीएयू कल से 12 जून तक चलायेगा कृषि संकल्प अभियान

रांची। कृषि को ज्यादा लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से आरंभ हो रहे राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बिरसा कृषि विवि के वैज्ञानिक भी झारखंड के 24 जिलों में किसानों के द्वार तक पहुंचेंगे। यह अभियान 12 जून तक चलेगा। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने मंगलवार को इस अभियान की तैयारी की समीक्षा भी की। इसमे संबंधित वैज्ञानिक तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुख ऑनलाइन जुड़े। कुलपति ने सभी वैज्ञानिकों से इस अभियान की सफलता के लिये तत्परता से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्पादकता में प्रति हेक्टेयर मात्र एक क्विंटल की वृद्धि से भी राज्य और देश के कुल उत्पादन परिदृश्य में काफी अंतर आ जायेगा। बीएयू के सामुदायिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष तथा इस अभियान की एडिशनल नोडल पदाधिकारी डॉ रेखा सिन्हा ने बताया कि यह अभियान कृषि दक्षता बढाने के लिए मांग आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देगा। यह अभियान देश के 700 जिलों में चलेगा। इसमे 731 कृषि विज्ञान केंद्रों, आइसीएआर के 113 शोध संस्थानों के अलावा कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन विभाग के अधिकारी तथा किसान भी भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार हर टीम प्रतिदिन दो स्थानों पर जायेगी। हर स्थान पर 200 से 300 किसानों के साथ संवाद स्थापित करेगी। इसके लिए वाहन संबंधित जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों तथा आइसीएआर संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। मिट्टी विज्ञान के प्रोफेसर डॉ बीके अग्रवाल को इस कार्यक्रम का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### बड़ा पूजा- जागरण और भजन पर रात भर झूमे भक्त



**रांची।** डोरंडा स्थित मनीटोला मे मां मनोकामना काली मंदिर में चल रहा बड़ा पूजा महोत्सव का समापन मंगलवार को श्रद्धा, संस्कृति और भक्ति के साथ हो गया। अंतिम दिन जागरण और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान मां के भजनों पर भक्ति देर रात तक झूमते रहें।

### सना नेमत राईन उर्दू स्कूल की टॉपर बनी

**रांची।** झारखण्ड एकडमिक कौंसिल मेट्रिक की परीक्षा में राईन उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल का परीक्षाफल 92.2 प्रतिशत रहा। मंगलवार को मेट्रिक का परीक्षा परिणाम जारी हुआ, जिसमें राईन स्कूल रांची के बच्चियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किये। 91 प्रतिशत अंकों के साथ सना नेमत स्कूल टॉपर बनी जबकि 82.2 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि 82.20 अंक हासिल कर शिफा अमरीन और तहसीन परवीन संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल की प्राचार्या फरहीन नाज ने बताया परीक्षा में कुल 90 छात्र शामिल हुए। जिसमें 28 प्रथम श्रेणी और 47 छात्र द्वीतीय श्रेणी से पास हुए हैं। परीक्षा परिणाम पर संतोष जताते हुए स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल ने छात्राओं को बधाई के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। बधाई देने वालों में सचिव शाहिद सुहेल, पूर्व सचिव हाजी हसनैन, सदर इनामुल हक व पूर्व सदर हाजी जावेद शामिल हैं।

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद किया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मंगलवार को कांग्रेस भवन में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नेताओं ने उनके उनके जीवन के पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता के आंदोलन में उनका अमूल्य योगदान था, लगभग 10 वर्षों से अधिक समय उन्होंने आंदोलन के दौरान जेल में बिताया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत को प्रगति के पथ पर ले जाने में उनकी दूरदर्शी सोच ने आधुनिक भारत के निर्माण की नींव डाली। दुनिया को पंचशील का सिद्धांत देने वाले पंडित नेहरू ने भारत के नवनिर्माण में देश के हर राज्यों को बराबर का हक प्रदान किया।

नेताओं ने कहा कि देश के आर्थिक विकास के लिए अनेक देशों के साथ अपना कूटनीतिक संबंध मजबूत किया। पंडित नेहरू को आधुनिक भारत के राष्ट्र निर्माता के रूप में जाना जाता है, भारत की विदेश नीति को उन्होंने गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान औद्योगिकरण और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दिया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, जगदीश साहू, नवीन सिंह, सुरेन राम, नरेंद्र कुमार लाल, प्रभात कुमार, कामता पासवान, भोलानाथ सिंह, मनोज कुमार सिंह, मोहसिन अहमद, रामबचन पासवान, अरुण प्रसाद शामिल थे।

## आरोपी अधिवक्ता को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, कोर्ट ने आपराधिक कार्यवाही को किया निरस्त

- पीएनबी की साकची शाखा, जमशेदपुर से 4.74 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फर्जी एवं मनगढ़ंत दस्तावेज के आधार पर पंजाब नेशनल बैंक की साकची शाखा, जमशेदपुर से 4.74 करोड रुपए की धोखाघड़ी मामले में आरोपी बैंक के पैनल अधिवक्ता कैलाश कुमार अग्रवाल को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सीबीआई द्वारा कैलाश कुमार अग्रवाल के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और एवं आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। कैलाश कुमार अग्रवाल ने इस कथित धोखाघड़ी में खुद के शामिल नहीं रहने का और कोई वित्तीय लाभ नहीं लेने का आधार बताते हुए अपने खिलाफ चल रहे आपराधिक कार्रवाई को निरस्त करने एवं सीबीआई कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज करने एवं आरोप गठन करने के आदेश को भी रद्द करने का आग्रह किया था।

### संत जेवियर्स व गोस्सनर कॉलेज के बीच एमओयू



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची और गोस्सनर कॉलेज के बीच मंगलवार को एमओयू हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच अगले पांच वर्षों के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु शैक्षणिक गतिविधि तथा अन्य क्षेत्रों में आपसी सहयोग एमओयू पर हस्ताक्षर किया गए। इनके जरिये विद्यार्थियों को रोजगार परक कौशल प्रशिक्षण करवाने व उनके बौद्धिक विकास के लिए, संस्थाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त करना,अकादमिक कार्यों जैसे अन्य कार्यों से लाभान्वित किया जाएगा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर,एसजे, गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ती, उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, अजय कुमार, केमिस्ट्री विभागाध्यक्षों डॉ. यू आर सेन व एस.के. सेनगुप्ता, डॉ. संदीप चंद्रा मौजूद थे।

### जमीन कारोबारी हत्याकांड में एक पकड़ाया

**रांची।** राजधानी रांची के कांके में हुए जमीन कारोबारी रमेश उरांव हत्याकांड में पुलिस ने संदेही गुनहगार शाहिद नामक शक्स को धर दबोचा है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हत्याकांड अवैध संबंध व पैसों के लेन-देन में हुई है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। गौरतलब है कि कांके थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर इलाके में बीते 19 मई की सुबह में घर की दहलीज पर रमेश उरांव की छुरा मारकर हत्या कर दी गयी थी। वह अपने दोनों बेटों का मुंडन करवा कर घर लौट रहे थे। रमेश उरांव की पत्नी और दोनों बेटे भी उनके साथ थे। जैसे ही वे अपने नवनिर्मित घर की दहलीज पर पहुंचे, वहां घात लगाये अपराधी ने उन पर हमला कर दिया। छुरा से रमेश का गला रेत डाला था। खून से लथपथ रमेश उरांव को जल्दबाजी में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे बचाया नहीं जा सका था। रमेश की हत्या की फैली खबर के बाद लोगों का गुस्सा उबाल पर आ गया था। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया था।

## कांग्रेस-झामुमो ने स्व. कार्तिक उरांव के सपने को किया चकनाचूर : सत्यनारायण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के कार्यालय में मंगलवार को एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक में केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली के ज्वलंत मुद्दे पर चर्चा की गई। परिषद् के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने बताया कि स्व. कार्तिक उरांव ने 70 के दशक में झारखंड पार्टी का वर्चस्व खत्म करके कांग्रेस की नींव रखी थी। वहीं, कांग्रेस आज झामुमो जैसी क्षेत्रीय पार्टी से सांठ-गांठ करके सत्ता की लालच में सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी का अस्तित्व खो चुकी कांग्रेस सत्ता की लालच में अपनी राष्ट्रीय गरिमा को धूमिल कर रही है। कांग्रेस व झामुमो मिलकर आदिवासियों को धार्मिक आस्था से खिलवाड़ करने में तुली हैं। आदिवासियों के आदिवासियत समाप्त करने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि स्व. कार्तिक उरांव का सपना कांग्रेस में रहकर आदिवासियों की धर्म, संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित रखकर उनको संरक्षित करना था। वे आदिवासियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर अच्छी छवि और पहचान दिलाना चाहते थे। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने रांची से एक शुरूआत की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने 30 दिसंबर 1968 को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय का उदघाटन किया था।

बैठक में बाना मुंडा, विमल कच्छप, जादो उरांव, दीपक जायसवाल, उदय किशोर पांडेय, अजय लिंडा आदि उपस्थित थे।

### चैंबर ने की बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा



**रांची।** झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की इम्पोर्ट एक्सपोर्ट उप समिति की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में संपन्न हुई । बैठक में औद्योगिक क्लस्टर से निर्यात बुनियादी ढांचे जैसे गोदाम, अंतदेर्शीय कंटेनर डिपोर्ट, कोल्ड स्टोरेज, रेल रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने की बात पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप समिति केचेयरमैन सुरेश अग्रवाल ने कहा कि झारखंड के मौसम में ताजे फूलों की खेती, सब्जियों, फलों के निर्यात की संभावना है। इसलिए, समय के साथ, हवाई कार्गो निर्यात सुविधा को उचित जोर के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए साथ ही मौजूदा निर्यात उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए । बैठक में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, उप समिति चेयरमैन सुरेश अग्रवाल, सदस्य विवेक सिंघानिया, अरुण भर्तिया, अलोक कुमार, गौतम शाही, जयंत सिंघानिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सरना स्थल से रैंप नहीं हटाया गया, आदिवासी समाज कभी नहीं भूलेगा

- आदिवासी बचाओ मोर्चा सह केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा ने किया धरना-प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी बचाओ मोर्चा सह केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरना धर्म अगुवा चारी उरांव ने की। आदिवासी अगुवाओं ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार द्वारा आदिवासियों के धार्मिक स्थल सिरम टोली सरना स्थल के मुख्य द्वार पर रैंप नहीं हटाया गया, जिसे आदिवासी समाज कभी नहीं भूलेगा। लगातार पांच सालों तक इस मुद्दे को जिंदा रखा जाएगा। साथ ही मांरग्ङ बुरु पारसनाथ पहाड़, गिरिडीह लुगुबुरु, मुड़हर पहाड़ पिठौरिया, दिवरी दिरी तमाड़ आदि को बचाया नहीं जा रहा है। राज्य में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार जैसे पेसा कानून, धर्म कोलम, जमीन लूट, समता जजमेंट स्थानीय नीति, लैंड बैंक, ट्राइबल सब प्लान इत्यादि मामलों में अभी तक किसी भी सरकार ने नीतिगत फैसला नहीं लिया है। इसलिए आदिवासी बचाओ मोर्चा सह केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से मांगे रखी गई हैं। धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व मंत्री देवकुमार धान, निरंजना हेरेंज टोप्पो, कुंदरसी मुंडा, प्रेमशाही मुंडा, राहुल तिर्की, आकाश तिर्की, फूलचंद तिर्की, बबलू मुंडा,रविन्द्र भगत, संगीता कच्छप, हर्षिता मुंडा, अनिल कुमार भगत, चारी उरांव, राकेश बड़ाइक, छोटी लिंडा, सुरेन्द्र लिंडा, राजेश लिंडा, नेलसन भगत, देवेन्द्र लाल उरांव, विकास उरांव, रमेश उरांव, लाला महली, संजय तिर्की, एंजेला लकड़ा, निशा भगत, गौरी किंडो, हंदु भगत, पवन करमाली, प्रकाश मुंडा, दर्शन गंझु, सुपुल उरांव, निरंजन उरांव, विमल चन्द्र बड़ाइक, बसंत सहित अन्य लोग शामिल थे।

### झारखंड के 320 आजमीन हज को मंत्री ने किया रवाना



**रांची।** कोलकाता एयरपोर्ट से हज पर रवाना होने वाले 320 हाजियों के तीसरे जत्थे को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, श्रम मंत्री संजय यादव और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाफिजुल अंसारी ने विदा किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मंत्री गुलाम रब्बानी और सिद्दीकुल्लाह चौधरी, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान, युवा झारखंड के संयोजक अर्श आलम, जावेद अहमद, सोहेल मालिक, शकील अहमद चौधरी, मो तस्लीम रजा, मो. अकरम हसन, अल्तमश अहमद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## साईं नाथ विवि में जेल सुधार विषय पर सेमिनार का भव्य आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय के बहुउद्देश्यीय हॉल में मंगलवार को जेल सुधार विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति दीपक रोशन, झारखण्ड उच्च न्यायालय को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत सभी गणमान्य सम्मानित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात अतिथियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति दीपक रोशन ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्यों से उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जेल सुधार विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जेलें केवल दंड के स्थान नहीं, बल्कि पुनर्वास और पुनर्निर्माण के केन्द्र होने चाहिए। अपने सारगर्भित वक्तव्य में न्याय प्रणाली में तकनीकी सुधारों, तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था और मानवीय दृष्टिकोण के समन्वय पर अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। तत्पश्चात सम्मानित अतिथि, आईपीएस प्रशांत सिंह ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आज तकनीकी प्रगति ने जेल प्रशासन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता के नये द्वार खोले हैं। वायरलेस कम्युनिकेशन, निगरानी प्रणाली, डिजिटल रिकॉर्डिंग जैसे उपाय जेल सुरक्षा को आधुनिक बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे हैं। पुनः प्रोफेसर डॉ पीके चतुर्वेदी, प्राचार्य, सीएन लॉ कॉलेज एवं डीन ने विधिक दृष्टिकोण से जेल सुधारों की आवश्यकता एवं भविष्य की दिशा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विधि के विद्यार्थी केवल कानून की धाराओं को रटकर अच्छे वकील नहीं बनते, बल्कि जब वे समाज की पीड़ा को समझते हैं, तभी वे न्याय का सही अर्थ जान पाते हैं। जेल सुधार का अध्ययन, विधि शिक्षा का एक अनिवार्य अंग होना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक-विश्वविद्यालय के कुलपति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और कहा कि शिक्षा संस्थानों का उत्तारदायित्व केवल एकेडेमिक डिग्रियां देना नहीं है, बल्कि एक ऐसा सामाजिक वातावरण तैयार करना है, जहां छात्रों में मानवाधिकार, न्याय और दया की भावना विकसित हो। यह सेमिनार उसी दिशा में एक सशक्त पहल है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे समाज की असली परीक्षा तब होती है, जब हम अपने सबसे कमजोर, सबसे हाशिए पर खड़े लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं-और जेलों में बंद व्यक्ति उन्हीं में आते हैं। अंत में कुलपति ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह सेमिनार आने वाले समय में न्यायिक सोच को अधिक मानवीय और संवेदनशील बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

सेमिनार के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाल ही में खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति- एवं सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## सीसीएल ने किया 'अनुशासनात्मक जांच : सिद्धांत, प्रक्रिया और न्यायिक दृष्टांत' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के विधि विभाग द्वारा मंगलवार को 'अनुशासनात्मक जांचः सिद्धांत, प्रक्रिया और न्यायिक दृष्टांत' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने भौतिक रूप से एवं वर्चुअली भाग लिया।

इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ता अमित कुमार दास ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अनुशासनात्मक जांच की विधिक प्रक्रिया, उससे जुड़ी प्रमुख न्यायिक व्याख्याएं और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही, सीसीएल के महाप्रबंधक (एचआर/आईआर) नवनीत कुमार ने भी विषय पर गहन सत्र का संचालन किया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एचआरडी), महाप्रबंधक (ईई), महाप्रबंधक (विधि), महाप्रबंधक (मैनपावर) सहित वे कर्मी उपस्थित रहे जो वर्तमान में जांच अधिकारी या प्रबंधन प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों से अन्य कार्यपालकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्चुअली भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 50 कार्यपालकों ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी और ज्ञानवर्धक बताया। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासनात्मक जांच प्रक्रिया की स्पष्टता और व्यावहारिकता को समझने में इस प्रशिक्षण को अत्यंत सहायक बताया।

# मैट्रिक परीक्षा में गांव की बेटियों ने लहराया परचम


श्रुति कुमारी।


प्रीति कुमारी।


सुनील मुंडा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** जैक द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा की रिजल्ट में गांव की बेटियों ने परचम लहराया है। प्रखंड के जरिया कटर माली गांव निवासी व्यवसायी केश्वर महतो की बेटी श्रुति कुमारी ने 94% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी है। वही बेड़ो देवी मंडप के प्रकाश गोप की बेटी प्रीति कुमारी ने 90% अंक लाकर पूरे प्रखंड में दूसरा स्थान लाकर सफलता अर्जित किया है। वही सुनील मुंडा 90% पवन कुमार महतो 90 % राजकुमार 89% स्वाति प्रिया 89% रीना कुमारी 89% स्वाति कुमारी 88% नीतीश चटर्जी 88% खुशबू कुमारी 88% अंशु बाड़ा 87% सुकन्या रंजन 86%अंजनी कुमारी 85% हुरिया मुस्तफा 85% सुनील कुमार 85 % अंक प्राप्त कर प्रखंड का मान बढ़ाया हैं। वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जिसमें 27 छात्र छात्राएं सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। लड़कियों का रिजल्ट सुनने के बाद स्वजनों और शिक्षकों में काफी उत्साह है। वहीं प्रखंड में लड़कियों के अव्वल आने के बाद भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस वर्ष बेटियों ने सफलता पाई है जो खुशी की बात है।

## किसान उच्च विद्यालय कुच्चू की भारती प्रखंड टॉपर बनी

**ओरमांझी।** जैक बोर्ड परिक्षा में किसान उच्च विद्यालय कुच्चू की छात्रा भारती कुमारी प्रखंड टॉपर हुई हैं। इसकी जानाकरी देते हुए प्राचार्य अरूण कुमार बताया कि इस बार विद्यालय के 126 विद्यार्थी परिक्षा में शामिल हुए थें। जिसमें 96.2 अंक के साथ भारती कुमार प्रखंड टॉपर हुई। वहीं 95.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रतिमा कुमार द्वितीय टॉपर व रानी कुमारी 93.4 प्रतिषत अंक के साथ तृतीय विद्यालय टापर हुई हैं। वहीं प्रखंड टापर छात्रा के संबंध में बताया उसके पिता रवि कुमार महतो टेंट व जेरॉक्स कापी का दुकान संचालक हैं। छात्रा के प्रखंड टापर होने पर उसके माता पिता के साथ विद्यालय के शिक्षक के छात्र-छात्राओं ने भी बधाई दी है।


प्रखंड टॉपर भारती कुमारी।


द्वितीय टापर प्रतिमा कुमारी


तृतीय टापर रानी कुमारी

## लॉरेंस हाइस्कूल, हुरहुरी का रिजल्ट रहा 90 प्रतिशत

- छात्रा रुकैया तरन्नुम बनी विद्यालय टॉपर
- दूसरे स्थान पर रही आशा
- कैश को मिला तीसरा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** मैट्रिक परीक्षा में लॉरेंस हाई स्कूल, हुरहुरी का रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा। इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी।रुकैया तरन्नुम ने विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल किया। उसे 93.4 प्रतिशत अंक मिले। 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर आशा कच्छप दूसरे और 91.4 प्रतिशत के साथ मो कैश तीसरे स्थान पर रहे। दिशा कच्छप 91 और हनीफा 90 प्रतिशत अंक लायी। दोनों क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रही। प्राचार्य नौशाद आलम ने बताया कि विद्यालय के 226 विद्यार्थी प्रथम, 66 द्वितीय तथा 12 तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुये। 14 ने परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया।

### स्कूलों में लड़कियों का रहा दबदबा

छोटानागपुर राज उवि, उत्क्रमित उवि पुरियो व पाली, महारानी प्रेम मंजरी प्रोजेक्ट उवि, कस्तूरबा गांधी उवि बिजुलिया तथा कृषक उवि गड़री गुड्ड में भी लड़कियों का दबदबा रहा। सरस्वती शिशु मंदिर, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल सिमलिया व विद्या मंदिर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी बेहत्तर प्रदर्शन किया। इधर, बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रीज पब्लिक स्कूल, आमटांड 94 और लोट्स पब्लिक स्कूल, बाजपुर का रिजल्ट 92.8 प्रतिशत रहा।

### आदिवासी स्कूल का रिजल्ट संतोषजनक

आदिवासी बाल विकास उवि का रिजल्ट संतोषजनक रहा। यहां के 64 व 54 विद्यार्थी क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। कनक लता 89 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टॉपर हुयी। अमन कुमार राम 87.4 और प्रिंस कुमार ने 86.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरे और तीसरे स्थान के लिये जगह बनायी।

## सरस्वती शिशु मन्दिर गेतलसूद का रिजल्ट शत प्रतिशत




**अनगड़ा।** अनगड़ा सरस्वती शिशु मन्दिर गोतल सूद का मैट्रीक का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा कुल 56 भैया बहनों ने मैट्रीक की परीक्षा में शामिल हुए थे जिनमे 43 ने प्रथम श्रेणी मे तथा 13 ने द्वितीय श्रेणी में उर्तीण हुए । विवेक भोक्ता 87 प्रतिशत शेखर कुमार, मंजू कुमारी और रुचिका पाण्डे ने 86.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। छात्र छात्राओं की सफलता पर अध्यक्ष जितेन्द्र उरांव सचिव गणेश लोहरा कोषाध्यक्ष रेणुका देवी संरक्षक विगेश्वर महतो अनुप पाण्डे प्राचार्य सेवाराम महतो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है।


### झारखण्ड सरकार,गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

73वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–100/25<br>2. आवेदक–पौलुस हेमरोम<br>3. पिता–स्व0 जोहन हेमरोम<br>4. ग्राम–कसमार पोस्ट–सोसई कोचाँबा<br>5. प्रखण्ड–अड़की थाना–अड़की<br>6. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–दाहिना तरफ गाल में हल्का घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारण :–आवेदक का वर्ष 1994 का झारखण्ड पार्टी का सदस्यता परिचय पत्र सलंग्न है। | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–101/25<br>2. आवेदक–ऐरिक कुमार सुलेमान तिडू<br>3. पिता–स्व0 रंजन इलियस तिडू<br>4. ग्राम–जुरदाग, पोस्ट–जुरदाग<br>5. प्रखण्ड–कर्रा थाना–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–67 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | रॉंची कोतवाली थाना काण्ड सं0–38/78 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.08.1978 को झारखण्ड अलग राज्य के आंदोलन के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–01 माह 21 दिन | 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 353616 Home(25-26).D


## पं.नेहरू को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गयी

**सिल्ली।** 27 मई 2025 को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में आधुनिक भारत के निमार्ता,भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने नेहरू के तस्वीर पर श्रधा सुमन अर्पित कर श्रधांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, निशाकर महतो, सैय्यद कमर आलम, सहदेव वेदिया, लखिन्द्र बड़ाईक, समसेर आलम, शेख मूसा, सईकुल, सदानंद सोनार, सोशल मिडिया के देवाशिष दत्ता, अल्पसंख्यक कांग्रेस रांची जिला महासचिव रमजान अंसारी, इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

## भाजपा की बैठक 31 को

**बेड़ो।** भारतीय जनता पार्टी की एक आवश्यक बैठक आगामी 31 मई दिन शनिवार को समय अपराह्न दो बजे सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल बेड़ो में होगी। मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा कि इस बैठक में सभी मंडल के सम्मानित पूर्व एवं वर्तमान के पदाधिकारियों, मंच-मोर्चा के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, बेड़ो मंडल क्षेत्र में निवास करने वाले प्रदेश एवं जिला के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, पूर्व सांसद प्रतिनिधियों, पूर्व विधायक प्रतिनिधियों, बूथ के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, सभी पन्ना प्रमुख व सभी कार्यकर्ताओं को निर्धारित समय पहुंच कर इस बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## पिपरवार के नये थाने प्रभारी का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददात



**पिपरवार।** विश्व हिंदू परिषद का बजरंग दल पिपरवार मंडल समिति के सभी कार्यकर्ता नवनियुक्त पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार से औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात में सभी बजरंग दल के कार्यकताओं ने भगवा गमछा पहनाकर थाना प्रभारी को सम्मानित किया। इस दौरान विहिप कार्यकताओं ने प्रभु श्री राम दरबार का फोटो उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस औपचारिक मुलाकात में क्षेत्र के समस्याओं को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिसमें पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि सह विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष बचरा सह विश्व हिंदू परिषद सेवा प्रमुख सुनील प्रसाद, जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार संरक्षक शंकर सिंह चेरो, समरसता प्रमुख मुकेश राणा, संजय प्रसाद, छोटन बंगाली, मनोज कुमार, पप्पू सोनी रामप्रवेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां लखपती पब्लिक स्कूल सिकिदिरी का रिजल्ट शत प्रतिशत







खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** मां लखपती पब्लिक स्कूल बकसीडीह, सिकिदिरी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। ईश्वरी कुमारी 92 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनी है।राखी कुमारी 86.8 प्रतिशत के साथ दूसरा व टिंकू 81.8 प्रतिशत अंक लाकर टिंकू यादव ने तसरा स्थान पाया है। उषा कुमारी को 77.8 प्रतिशत, संजू कुमारी व फुलेन्द्र बेदिया को 77.4 प्रतिशत अंक मिला है। कुल 76 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 48 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है।

स्कूल के प्राचार्य बलराम साहू ने इसे शिक्षकों का मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत का नतीजा बताया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सादीक जमाल 83 प्रतिशत अंक विद्यालय टापर

**ओरमांझी।** प्रखंड के एसएस हाई स्कूल ओरमांझी के सादीक जमउल 83 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टापर हुआ है। वहीं अमित उरांव 81 प्रतिशत व नागेश्वर कुमार 76 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय टापर हुए हैं। इसकी जानारी देते हुए विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा कुमारी ने बताया, विद्यालय से परिक्षा में शामिल हुए 166 विद्यार्थी में 160 विद्यार्थी उतीर्ण हुए हैं। जिसमें 26 प्रथम श्रेणी, 117 द्वितीय श्रेणी व 17 तृतीय श्रेणी में उतीर्ण हुये हैं। इसके अलावे आदर्ष उच्च विद्यालय पांचा के 179 में 155 विद्यार्थी ही पास हुए हैं। अर्चना कुमारी 84.21, शाहीद अंसारी 81.4 व हसनैन शदाब राजा 79.8 प्रतिषत हंक के साथ विद्यालय के प्रथम, द्वितीय व तृतीय टापर हुए है। उतीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई है।

### न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल शत प्रतिशत उतीर्ण

## प्रिया कुमारी 95 प्रतिशत विद्यालय टॉपर


प्रिया कुमारी


बेबी कुमारी


शिवानी कुमारी

**ओरमांझी।** जैक बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल गुड्डू पांचा ओरमांझी की छात्रा प्रिया कुमारी 95 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टापर हुई हैं। वहीं बेबी कुमारी 93.6 व शिवानी कुमारी 92.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व तृतीय टापर हुए हैं। इसकी जानाकरी देते हुए प्राचार्य कामेश्वर महतो ने बताया इस बार बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 62 परिक्षार्थी शामिल हुए थें, व सभी विद्यार्थी उतीर्ण हुए हैं। जिनमें 50 प्रथम श्रेणी व 12 विद्यार्थी द्वितीय तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुए है। सभी को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बधाई दी गई है।

## एसपीवी दड़दाग ओरमांझी के 170 बच्चे उतीर्ण


पायल





लक्ष्मी कुमारी।

94.2 % के साथ किरन व पायल टॉपर हुई

**ओरमांझी।** जैक बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के षिवाजी प्रतिभा विकास विद्यालय दढ़दाग ओरमांझी की छात्रा किरना कुमारी व पायल कुमार दोनो 94.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर हुई हैं। वहीं अल्ताफ केसर 90.6 व लक्ष्मी कुमारी 90.4 प्रतिषत अंक के साथ द्वितीय व तृतीय टॉपर हुए हैं। इसकी जानाकरी देते हुए प्राचार्या रिता मुक्ता ने बताया इस बार बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 181 परिक्षार्थी शामिल हुए थें। जिसमें 170 विद्यार्थी उतीर्ण हुये हैं। जिनमें 122 प्रथम श्रेणी, 46 द्वितीय व दो विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुए है। सभी को निदेषक धनीलाल महतो, सचिव डॉ. पारसनाथ महतो व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बधाई दी गई है।

# ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का समापन

## बच्चे अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बनकर उभरेंगे : पांडेय

- प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र
- प्रशिक्षक भी किये गये सम्मानित


बच्चों को प्रशस्ति पत्र देते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य की स्कूली शिक्षा एवं साक्षर व झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से के तत्वाधान में शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पांच दिनी ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर समाप्त हो गया। समापन समारोह में जेसीआरटी के उपनिदेशक विंध्याचल पांडेय खास मेहमान थे। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों का उत्साह वर्द्धन कर प्रमाण पत्र दिया। प्रशिक्षक भी सम्मानित किये गये। इस दौरान श्री पांडेय ने कहा कि बच्चे अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार बनकर उभरेंगे। कार्यशाला में रांची के 120 बच्चों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय कला उत्सव के स्वर्ण पदक विजेता विकास महली, रजत की पूजा मुर्मू और कांस्य की लक्ष्मी कुमारी को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र दिया गया। संचालन चंद्रदेव सिंह ने किया।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री रामदास सोरेन व विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने संदेश के जरिये राज्य परियोजना निदेशक शशिरंजन और प्रभाग प्रभारी धीरसेन सोरेंग के प्रयासों की सराहना करते हुये गायन, वादन व नृत्य के प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी है।

### इन्होंने निभायी भूमिका

श्वेता रश्मि, सचिन कुमार, गायन प्रशिक्षक काजूरी मुखर्जी, दिव्या कुमारी, नृत्य प्रशिक्षक नीरज नयन त्रिपाठी, हेमली कुमारी व गुरुवा लोहार, कार्यक्रम समन्वक चंद्रिका कुमारी, अर्चना कुमारी, निवारण महतो, सोनालिका, बिहार गौरव, विनोद प्रधान एवं जेसीआरटी के पदाधिकारी व कर्मचारी आदि।


### कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), राँची
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कृषि भवन कैम्पस, कॉके रोड, राँची (झारखण्ड)
e.mail - atmaranchi_123@rediffmail.com

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

राँची जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि जिले में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (DARE), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (DA&FW) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक– 29 मई से 12 जून 2025 तक प्री–खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन जिले के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामों में किया जा रहा है। जिसकी समय सारणी निम्नरूपेन है :–

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार रूपरेखा

Team 1

| कृषि विज्ञान केन्द्र, मोराबादी, राँची | Name and Mobile no | Time | Name and Mobile no | Time | Name and Mobile no | Time | Officials from Agriculture Department & ATMA, Ranchi |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Rajesh Kumar 9431361972 | | Dr. Rajesh Kumar 9431361972 | | Dr. Rajesh Kumar 9431361972 | | |
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Bhart Mahto 9955532903 | | Dr. Bhart Mahto 9955532903 | | Dr. Bhart Mahto 9955532903 | | |
| Road map | Village 1 | | Village 2 | | Village 3 | | |
| 29.05.2025 | Ramdaga (Angara) | 10:30 AM | Medhetungari (Angara) | 12:30 PM | Getalsud (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 30.05.2025 | Tirlakocha (Angara) | 10:30 AM | Bhognabera (Angara) | 12:30 PM | Budhakocha (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 31.05.2025 | Nagarabera (Angara) | 10:30 AM | Mahuatungari (Angara) | 12:30 PM | Kashitoli (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 01.06.2025 | Lepsar (Chanho) | 10:30 AM | Ranichancho (Chanho) | 12:30 PM | Harra (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 02.06.2025 | Dokad (Angara) | 10:30 AM | Aruabera (Angara) | 12:30 PM | Kamta (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 03.06.2025 | Misirhotang (Silli) | 10:30 AM | Medinipiska (Silli) | 12:30 PM | Losera (Silli) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 04.06.2025 | Hesalpiri (Burmu) | 10:30 AM | Kharkutoli (Burmu) | 12:30 PM | Soba (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 05.06.2025 | Katingdari (Burmu) | 10:30 AM | Bagda (Burmu) | 12:30 PM | Salhan (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 06.06.2025 | Pola (Lapung) | 10:30 AM | Sakarpur (Lapung) | 12:30 PM | Tilai (Lapung) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 07.06.2025 | Itachildari (Bero) | 10:30 AM | Lamkana (Bero) | 12:30 PM | Ghaghratikratoli (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 08.06.2025 | Arid (Burmu) | 10:30 AM | Airud (Burmu) | 12:30 PM | Sosai (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 09.06.2025 | Kokre (Bero) | 10:30 AM | Kulli (Bero) | 12:30 PM | Bhandra (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 10.06.2025 | Harhi (Nagri) | 10:30 AM | Plandu (Nagri) | 12:30 PM | Saher (Nagri) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 11.06.2025 | Bhuiandih (Tamar) | 10:30 AM | Baburamdih (Tamar) | 12:30 PM | Pelkadih (Tamar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 12.06.2025 | Chakla (Ormanjhi) | 10:30 AM | Sawaiya (Ormanjhi) | 12:30 PM | Baridihi (Ormanjhi) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार रूपरेखा

Team 2

| कृषि विज्ञान केन्द्र, मोराबादी, राँची | Name and mobile no | Time | Name and mobile no | Time | Name and mobile no | Time | Officials from Agriculture Department & ATMA, Ranchi |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Manoj Kumar Singh 9431357660 | | Dr. Manoj Kumar Singh 9431357660 | | Dr. Manoj Kumar Singh 9431357660 | | |
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Vishakha Singh 6002370830 | | Dr. Vishakha Singh 6002370830 | | Dr. Vishakha Singh 6002370830 | | |
| Road map | Village 1 | | Village 2 | | Village 3 | | |
| 29.05.2025 | Parastoli (Angara) | 10:30 AM | Reshambanadag (Angara) | 12:30 PM | Barwatoli (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 30.05.2025 | Sarjamdih (Angara) | 10:30 AM | Bandhuadih (Angara) | 12:30 PM | Matkamdih (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 31.05.2025 | Simratoli (Angara) | 10:30 AM | Gundalitoli (Angara) | 12:30 PM | Chotakigorang (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 01.06.2025 | Barhu (Kanke) | 10:30 AM | Marwa (Kanke) | 12:30 PM | Uruguttu (Kanke) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 02.06.2025 | Roll (Chanho) | 10:30 AM | Badhaiya (Chanho) | 12:30 PM | Chaliyo (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 03.06.2025 | Siram (Burmu) | 10:30 AM | Ulatu (Burmu) | 12:30 PM | Makka (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 04.06.2025 | Surid (Burmu) | 10:30 AM | Geswe (Burmu) | 12:30 PM | Mahadevtoli (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 05.06.2025 | Kulwe (Burmu) | 10:30 AM | Karanjuatoli (Burmu) | 12:30 PM | Chapatoli (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 06.06.2025 | Gurgurjari (Mandar) | 10:30 AM | Bansjari (Mandar) | 12:30 PM | Mahuajari (Mandar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 07.06.2025 | Sarnatoli (Bero) | 10:30 AM | Hulsi (Bero) | 12:30 PM | Muramu (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 08.06.2025 | Piprajara (Kanke) | 10:30 AM | Rarha (Kanke) | 12:30 PM | Simalbera (Kanke) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 09.06.2025 | Lundari (Chanho) | 10:30 AM | Taranga (Chanho) | 12:30 PM | Sukarhuttu (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 10.06.2025 | Kudlong (Nagri) | 10:30 AM | Hotwasi (Nagri) | 12:30 PM | Tikratoli (Nagri) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 11.06.2025 | Lenkeya (Tamar) | 10:30 AM | Dimra (Tamar) | 12:30 PM | Kuchru (Tamar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 12.06.2025 | Chandra (Orrmanjhi) | 10:30 AM | Mayapur (Orrmanjhi) | 12:30 PM | Santi (Orrmanjhi) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार रूपरेखा

Team 3

| कृषि विज्ञान केन्द्र, मोराबादी, राँची | Name andmobile no | Time | Name and mobile no | Time | Name and mobile no | Time | Officials from Agriculture Department & ATMA, Ranchi |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Neha Rajan 9798584969 | | Dr. Neha Rajan 9798584969 | | Dr. Neha Rajan 9798584969 | | |
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Ravindra Kr Singh 7651912885 | | Dr. Ravindra Kr Singh 7651912885 | | Dr. Ravindra Kr Singh 7651912885 | | |
| Road map | Village 1 | | Village 2 | | Village 3 | | |
| 29.05.2025 | Obar (Angara) | 10:30 AM | Badri (Angara) | 12:30 PM | Khaksitoli (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 30.05.2025 | Kuturlowa (Angara) | 10:30 AM | Putadag (Angara) | 12:30 PM | Sursu (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 31.05.2025 | Mungadih (Angara) | 10:30 AM | Dimra (Angara) | 12:30 PM | Zaradih (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 01.06.2025 | Tigranayatoli (Ratu) | 10:30 AM | Pali (Ratu) | 12:30 PM | Bajpur (Ratu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 02.06.2025 | Ajaigarh (Silli) | 10:30 AM | Budhabera (Silli) | 12:30 PM | Thinthinpakhna (Silli) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 03.06.2025 | Khakhra (Burmu) | 10:30 AM | Baraudi (Burmu) | 12:30 PM | Bhatboreya (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 04.06.2025 | Gutru (Burmu) | 10:30 AM | Lawagara (Burmu) | 12:30 PM | Chaingara (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 05.06.2025 | Murgi (Burmu) | 10:30 AM | Usku (Burmu) | 12:30 PM | Saram (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 06.06.2025 | KargeNayatoli (Mandar) | 10:30 AM | Sevadih (Madar) | 12:30 PM | Jaher (Mandar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 07.06.2025 | Kathartoli (Bero) | 10:30 AM | Garhatoli (Bero) | 12:30 PM | Sijhua (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 08.06.2025 | Mathatoli (Chanho) | 10:30 AM | Gutua (Chanho) | 12:30 PM | Choreya (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 09.06.2025 | Kuchchu (Angara) | 10:30 AM | Hundarujara (Angara) | 12:30 PM | Hundaru (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 10.06.2025 | Chipra (Nagri) | 10:30 AM | Patrachauli (Nagri) | 12:30 PM | Sugda (Nagri) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 11.06.2025 | Jojodih (Tamar) | 10:30 AM | Kothadih (Tamar) | 12:30 PM | Baisnadih (Tamar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 12.06.2025 | Sadma (Orrmanjhi) | 10:30 AM | Dundun (Orrmanjhi) | 12:30 PM | Madkama (Orrmanjhi) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |

अतः आप सभी किसान भाईयों से निवेदन है कि उपरोक्त तिथिवार ग्रामों में आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाये एवं राज्य सरकार तथा भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लें।

निवेदक
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, राँची

PR 353658 Agriculture(25-26)D

# हार्ड स्टेट बनता भारत

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया, जो भारतीय सेना द्वारा किए गया एक अद्वितीय सैन्य अभियान था. इस अभियान में, भारतीय सेना ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए और उन्हें ध्वस्त कर दिया। जब प्रधानमंत्री नवोदित भारत की बात करते हैं तो उनका आशय होता है कि हमारा देश सहिष्णुता, विश्व बंधुत्व और सर्वधर्म समभाव में भरोसा करता रहेगा। इसका एक अर्थ यह भी है कि भारत अब सॉफ्ट स्टेट से हार्ड स्टेट में तब्दील हो रहा है, लेकिन भारतीय मनीषा के आधार पर। यह ध्यान रखना होगा कि सॉफ्ट स्टेट एक ऐसा राज्य होता है जो अपनी आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए कमजोर या उदारवादी नीतियों का पालन करता है। ऐसे राज्य अक्सर अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कम सख्त कदम उठाते हैं।

हार्ड स्टेट, दूसरी ओर, एक ऐसा राज्य होता है जो अपनी आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए सख्त और दृढ़ नीतियों का पालन करता है। ऐसे राज्य अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाते हैं। आपरेशन सिंदूर के बाद, यह तर्क दिया जा सकता है कि भारत एक सॉफ्ट स्टेट से हार्ड स्टेट की ओर बढ़ रहा है। यह अभियान आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत में निर्मित हथियारों, उपकरणों और तकनीक की शक्ति का प्रदर्शन हुआ है। दरअसल,यह अभियान आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी दशार्ता है. देश के अनेक शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं और हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। जाहिर है कि देश एक सशक्त देश बनकर उभर रहा है।


# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एक गंभीर चुनौती



**भारतीय** बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।

अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।



\- ललित गर्ग

> क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है।

## लेटर टू एडिटर

### भविष्य की रणनीति

**भारत** ने कई बार अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में की गई एयर स्ट्राइक आज भी लोगों को याद है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों का सफाया किया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी छेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं। यह ऑपरेशन अभी जारी है। यदि दुश्मन देश दोबारा कोशिश करेगा, तो भारत और भी कठोर जवाब देगा। अब हमें आतंक के खिलाफ भविष्य की रणनीति मजबूत करनी होगी।

– राहुल शर्मा, रांची

### बढ़ती गर्मी

**यूरोपीय** वैज्ञानिकों के अनुसार साल 2024 अत्यधिक गर्म रहा, जो ग्लोबल वार्मिंग का संकेत है। सर्दी का घटता समय और बढ़ता तापमान आने वाले संकट के संकेत हैं। अब चिंता नहीं, बल्कि सामूहिक चिंतन और पर्यावरण संरक्षण के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है, नहीं तो परिणाम विनाशकारी होंगे।

– राजेश कुमार, जमशेदपुर

## X ट्वीट

**मुझे** विश्वास है कि 2047 में आजादी के 100 वर्ष का उत्सव हम विकसित भारत के रूप में मनाएंगे। पाकिस्तान की हर आतंकी गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं, बल्कि युद्ध की सोची-समझी रणनीति है। इसका जवाब हमेशा ऑपरेशन सिंदूर की भाषा में ही दिया जाएगा।

– पीएम मोदी, पीएम

**झारखण्ड** एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की मैट्रिक (10वीं) परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें। उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।

– हेमंत सोरेन, सीएम

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# 'हॉर्ट लैम्प' आप भी लिखिए, भले छोटा लिखिए

## सामयिक

प्रभुनाथ शुक्ल

**आम तौर** पर सर्वहारा वर्ग की पीड़ा एक जैसी होती हैं, उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं के लिए एक संजीवनी है। बुकर पुरस्कार भाषा के नाम पर लड़ने वाले एक सभ्य समाज के लिए साफ संदेश है। अगर भाषा का विभेद होता तो दीपा भस्थी की तरफ से कन्नड़ से अनूदित बानू मुश्ताक की सिर्फ 12 लघुकथाओं के संकलन हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जाता। भाषा और साहित्य सीमा से बहुत दूर है। अब तक यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार छह भारतीय लेखकों को मिल चुका है। इसके लिए बानू मुश्ताक के साथ दीपा भी बधाई की पात्र हैं, क्योंकि यह उनकी पहली अनूदित कृति है जिसे यह सम्मान मिला है।

बानू मुश्ताक दक्षिण भारतीय लेखिका हैं। बानू मूलरूप से कन्नड़ में अपना लेखन करती हैं। बानू को जो बुकर पुरस्कार मिला है वह कन्नड़ में लिखी उनकी लघुकथा संग्रह से चुनी कुछ लघुकथाओं के अंग्रेजी अनुवाद पर दिया गया है। उन्होंने कुल छह लघुकथा संग्रह, एक उपन्यास, एक निबंध और एक कविता संग्रह लिखा है। उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी, तमिल, मलयालम और उर्दू में किया गया है। उन्हें इसके अलावा और भी पुरस्कार मिले हैं। बानू लंकेश पत्रिका से भी जुड़ी थीं और उन्होंने बेंगलुरु में ऑल इंडिया रेडियो में भी काम किया।

बानू मुश्ताक (77) की स्कूली शिक्षा की शुरूआत भी कठिन चुनौतियों से हुई यही उनके लेखकीय जीवन की चुनौती बनी। उनका जन्म 1948 में कर्नाटक के मुस्लिम परिवार में हुआ था। शिवमोगा के कन्नड़ मिशनरी स्कूल में पिता के काफी प्रयास के बाद उनका दाखिला भी आठ साल की उम्र में इस शर्त पर हुआ था कि उन्हें छह माह में कन्नड़ को लिखना-पढ़ना आना चाहिए, नहीं तो स्कूल छोड़ना पड़ेगा। बानू एक मुस्लिम परिवार से रहीं जहां स्कूल की शर्त उनके लिए एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने कर दिखाया। मुश्ताक ने 1980 में मुस्लिम समाज में कट्टरता को कम करने के लिए काम किया। उन्होंने मस्जिदों में भी मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश की वकालत किया जिसकी वजह से उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी हुआ। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। हालांकि उन्होंने स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का समर्थन किया था, जिसका विवाद कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में आज भी मुद्दा है।


बानू मुश्ताक ने मुस्लिम समाज में औरतों और दूसरी समस्याओं को बड़ी गहराई से परखा। ऐसी समस्याओं ने उन्हें प्रभावित किया जिसे उन्होंने कहानी या लघुकथा का आधार बनाया। लिखने का शौक उन्हें बचपन से था, उनकी पहली कहानी 26 साल की उम्र में प्रजामाता में प्रकाशित हुई। इसके बाद लेखन की दुनिया में उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिस हॉर्ट लैम्प के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला है उसमें 1990 से 2023 तक की लघुकथाएं हैं। इनमें मुस्लिम समाज की महिलाओं का संघर्ष दिखाया गया है। अनुवादक दीपा भस्थी भी पहली भारतीय हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

मुश्ताक की कहानियों का अनुवाद साल 2022 में पहली बार दीपा भस्थी ने अंग्रेजी में किया। इसमें उन्होंने हॉर्ट लैंप नाम से कन्नड़ से कुछ चुनी हुई कहानियों का अंग्रेजी में अनुवाद किया, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में 50 हजार पाउंड की राशि लेखक को मिलती है। इसमें आधी राशि अंग्रेजी अनुवादक के हिस्से में जाती है। खास यह है कि बुकर पुरस्कार सिर्फ अंग्रेजी कृति या उस भाषा में अनूदित संग्रह को ही मिलता है। भारतीय रुपये में इस पुरस्कार की कीमत 52.95 लाख होती है। मुश्ताक पहली कन्नड़ लेखिका हैं, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया। यह अनुवादक दीपा भस्थी के लिए भी गर्व का विषय है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष मैक्स पोर्टर ने कहानियों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि हालांकि मुश्ताक की कहानियां स्त्रीवादी विचारधारा की पोषक हैं। पितृसतात्मक व्यवस्था का मुखर विरोध और प्रतिरोध है। लेकिन सबसे अहम बात है कि इसमें स्त्री के दैनिक जीवन के संघर्ष को बेहद उम्दा तरीके से प्रदर्शित किया गया है। यह अपने आपमें सबसे अलग है।अब तक छह पूर्व भारतीय लेखकों को उनकी कृति के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिल चुका है। इनमें वीएस नायपॉल, सलमान रुश्दी, अरुंधती राय, किरण देशाई, अरविंद अडिगा और गीतांजली श्री को हिंदी उपन्यास के लिए 2022 में यह पुरस्कार मिला था। जबकि सबसे पहले 1971 में नायपॉल को मिला मिला था। ऐसी स्थित में कन्नड़ से अंग्रेजी में अनूदित हॉर्ट लैम्प को बुकर मिलना गर्व की बात है।

# परंपरा से पर्यावरण की रक्षा

## पर्यावरण

रतन सिंह



**मायरा** यानी भात भरने की परम्परा में भी जुड़ा है पर्यावरण प्रेम। भात भरना एक परंपरा है। हमारे देश में बहन की पुत्री या पुत्र की शादी में मायरा भरने की परम्परा सदियों पुरानी है। कोई भी महिला अपने पुत्र या पुत्री की शादी तय होते ही गुड़ की भेली व चावल लेकर मायके जाती है और अपने भाई को देते हुए उसे शादी में आने के लिए आमंत्रित करती है। भाई अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार उपहार आदि लेकर जाता है, इसी को भात भरना या मायरा भरना कहा जाता है। इस अवसर पर बहन शादी में आये अपने भाई का स्वागत करती है और भाई चुनड़ी ओढ़ा कर बहन का सम्मान करता है। एक ओर भाई-बहन का प्रेम है और दूसरी ओर बहन के बच्चों यानी भानजे-भानजियों के प्रति ननिहाल का प्रेम।

राजस्थान या कहीं और के भी कई रिवाज ऐसे हैं जहां परंपरा में पर्यावरण का प्रेम छलकता है। राजस्थान में भाई जब भात लेकर बहन के ससुराल जाता है तब सबसे पहले गांव की सीमा में घुसते ही खेजड़ी के पेड़ को चुनड़ी ओढ़ाता है। उल्लेखनीय है कि भात भरने में सबसे महत्वपूर्ण रस्म बहन को चुनड़ी ओढ़ाना होता है और ठीक यही रस्म गांव की सीमा जिसे स्थानीय भाषा में कांकड बोलते है, में प्रवेश करते ही भाई खेजड़ी के पेड़ को चुनड़ी ओढ़ा कर उसे सम्मान देता है। जो प्रदेश के लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जागरूकता को प्रदर्शित करता है। अर्थात्? पेड़ों को सहेजने की प्रथा। राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ को पर्यावरण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है।

दरअसल, जो भाई खेजड़ी वृक्ष को अपनी बहन के समान समझता है, जाहिर है वह उसका संरक्षण ही करेगा और खेजड़ी वृक्ष का संरक्षण मतलब पर्यावरण का संरक्षण। इस तरह राजस्थान में सदियों पहले यह परम्परा बनाई गई और खेजड़ी के वृक्ष को बहन का दर्जा दिया गया ताकि कोई भी व्यक्ति उसे नुकसान पहुंचाने की न सोचे।


राजस्थान में ऐसी और भी कई परम्पराएं है जो सीधे सीधे पर्यावरण से जुड़ी हैं। प्रसंगवश यहां बता दें कि देश के अन्य हिस्सों में पर्यावरण को बचाये रखने के लिए या पर्यावरण की महत्ता को दशार्ने के लिए ऐसे अनेक रीति-रिवाज हैं जो लोगों को जागरूक करने या धर्म अथवा आस्था से जोड़कर पर्यावरण को संवारने का संकल्प जाहिर करवाते हैं।

साभार : ज्ञानदर्पण डॉट कॉम

राष्ट्रपति भवन में विमर्श करते महामहिम राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति,लोकसभा अध्यक्ष और गणमान्य सदस्य फोटोः अजय सानी



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## मैट्रिक में बालिका उच्च विद्यालय की छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**कुजू।** बालिका उच्च विद्यालय मुरपा की छात्राओं ने झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन का विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय की छात्रा रिया कुमारी 392 अंकों के साथ विद्यालय टापर रहीं। वहीं पूजा कुमारी 379 अंक हासिल कर द्वितीय, वंदना कुमारी 363, नरगिस परवीन 352 व खालिदा जिया 336 अंकों के साथ क्रमशः तृतीय, चतुर्थ व पांचवें स्थान पर रहीं। विद्यालय से कुल 87 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थीं। जिसमें 22 ने प्रथम व 40 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप प्रसाद ने सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## पब्लिक हाई स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुजू। झारखंड अधिविधं परिषद द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में पब्लिक हाई स्कूल कुजू के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। साथ ही विद्यालय के सागर रजक ने 92.8 प्रतिशत अंक लाकर जिला में सातवां व मुस्कान कुमारी 92.6 प्रतिशत अंक लाकर जिला में आठवां स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल किया है। परीक्षा में विद्यालय के सागर रजक 464 अंक लाकर टॉपर रहे. वहीं मुस्कान कुमारी 463 अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही। वहीं श्याम कुमार 91.6, आकांक्षा पटेल 91, रिया कुमारी 90.40, श्वेता कुमारी 88.8, ईशान कुमार नायक 88, बंटी कुमारी 86.60, अभय गोस्वामी 84.8, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी ईशा कुमारी 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉप 10 में शामिल हुई। प्राचार्य गीतांजलि कुमारी ने बताया कि परीक्षा में विद्यालय से कुल 183 बच्चे शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी से 78, द्वितीय श्रेणी से 88 व तृतीय श्रेणी 9 बच्चे सफल रहे। जबकि 5 बच्चे दोबारा परीक्षा देंगे। विद्यालय का ओवरऑल प्रदर्शन 95.6 रहा। उन्होनें बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवज भविष्य की कामना की।

## डीडीसी ने की समाज कल्याण की समीक्षा



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा। डीडीसी ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला परवेक्षिकाओं से ली, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो ने समाज कल्याण विभाग की प्रगति पीपीटी प्रस्तुत किया । डीडीसी ने पोषण ट्रैकर ऐप में शतप्रतिशत लाभुकों के पंजीकरण एवं उनका आधार सत्यापन का निर्देश दिया, साथ ही बच्चों का वजन माप, गृह भ्रमण,आंगनवाड़ी खुलने से सम्बन्धी आंकड़ा शतप्रतिशत एंट्री करने का सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षकाओं को निर्देश दिया। साथ ही कैंप लगाकर आधार अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के स्तर से जो भी पेंडन्सी है 24घंटे के अंदर शून्य करने का निर्देश दिया। आधारभूत सरंचना से सबंधित जैसे भवन, पेयजल, शौचालय का भौतिक सत्यापन तीन दिनों के अंदर करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध करने का निर्देश दिया। इसके अलावे सेविका साहियका चयन एवं आयुष्मान कार्ड, चेहरा प्रमाणिकरण, एलएस ऑनबोर्डिंग फॉर आधार किट, गंभीर कुपोषित बच्चों के रेफरल से सबंधी कार्यो को गंभीरता से करने का भी सख्त निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से सभी सीडीपीओ ,महिला पर्यवेक्षिकाओ ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी यूआईडी , कार्यपालक अभियंता विद्युत उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर में दिखी आत्मनिर्भर भारत की झलक : संजय सेठ

रामगढ़। भाजपा रामगढ़ जिला की ओर से अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर मंगलवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। संजय सेठ ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की विरासत आज भी प्रासंगिक है। हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। अहिल्याबाई होलकर की कहानी महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके ही प्रेरणा से भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बना रहें हैं, बल्कि 18 करोड़ इज्जत घर, उज्वला योजना के तहत 20करोड़ महिलाएं के रसोई में गैस चूल्हा पहुंचा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना से आज देश की बेटियां सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सारा देश तिरंगा यात्रा निकाल सेना का अभिनन्दन कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर के मूल्य मंत्र से आज भारत दुनिया के चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है। उन्होंने मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को लोकमाता रानी अहिल्या बाई होलकर से प्रेरित बताया। कहा कि उन्होंने देश की जनता से जो जो वादे की उन सभी को धरातल पर उतारा है।

# अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

## खबर मन्त्र का असर, पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने पकड़ा अवैध कोयला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग/ चौपारण।** झूठ की चादर जितनी भी बड़ी हो, सच की किरणें उसे चीर ही देती हैं। हजारों टन कोयले की कालिख से रंगे अवैध कारोबार पर आखिरकार कानून की नजर पड़ ही गई। चरही के अवैध कोल डीपू से लदे ट्रक को पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने धर दबोचा, जिससे यह साबित हो गया कि खबरें यूं ही नहीं छपतीं, उनमें सच्चाई होती है। ये कार्रवाई सिर्फ एक ट्रक की जब्ती की नहीं, बल्कि उस पूरे तंत्र के खिलाफ है जो सच्ची पत्रकारिता करने वालो के खिलाफ साजिशे रचती हैं। अवैध कोयला लदे ट्रक की जब्ती ने कोयला सिंडिकेट की हकीकत उजागर कर दी है। अवैध कोयले की तस्करी के मुद्दे को खबर मन्त्र अखबार ने बखूबी उठाया और न सिर्फ कोयला सिंडिकेट बल्कि उन लोगो के खिलाफ भी मोर्चा खोला जो अपनी ईमान को बिकाऊ बना बैठे थे। ज्ञात हो कि खबर छपते ही चरही कोल बेल्ट में



अफरातफरी मच गई और इस गंदे गठजोड़ की पोल खुलने लगी। पिछले कुछ दिनों में खबर मन्त्र की इस मुहिम से कई अहम जानकारियाँ सामने आईं, जिससे ये साफ हो गया कि किस तरह कोयले का काला कारोबार फल-फूल रहा था। अब जब पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने ट्रक पकड़ा, तो यह कार्रवाई केवल एक वाहन की जब्ती नहीं, बल्कि भ्रष्ट व्यवस्था के गाल पर एक तमाचा है। खबर मन्त्र की पत्रकारिता ने साबित कर दिया है कि अगर कलम ईमानदार हो, तो वो सत्ता, सिंडिकेट और सिस्टम, तीनों को झुका सकती है। इस कार्रवाई से ईमानदार पत्रकारों में खुशी की लहर है, और उम्मीद है कि आगे भी यह मुहिम बिना रुके जारी रहेगी। काली स्याही से लिखी गई खबरें अब बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। इस मामले पर जब खबर मन्त्र संवाददाता ने सहायक वन संरक्षक ए.के. परमार से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि उन्हें गुप्त सुचना मिली थी की 14 चक्का ट्रक अवैध कोयला लेकर बिहार की ओर निकल रही है। टीम गठित कर सिंघानी चौक के पास से उसका पीछा किया गया और पकड़ा गया, ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी ।जब्त ट्रक को चौपारण रेंज कार्यालय लाया गया, जहां कागजातों की जांच के उपरांत संबंधित वाहन के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वन वाद की प्रक्रिया प्रारंभ की गई ।गश्ती दल में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी बीरेन्द्र कुमार, कृष्णा प्रसाद महतो, गृह रक्षक उमेश कुमार, अशोक कुमार, चालक सुखदेव यादव समेत अन्य वन कर्मी शामिल थे।

# हजारीबाग के शशि प्रकाश सिंह बने 138 वें उपायुक्त

**सरकारी योजनाओं को जमीन तक पहुचाना मेरी प्राथमिकता : डीसी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले को उसका नया शीर्ष प्रशासक मिल गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के तेजतर्रार अधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को जिले के 138वें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार संभाल लिया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त वेश्म में निवर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और जिम्मेदारी सौंपी। प्रभार सौंपने के बाद नैंसी सहाय ने मीडिया से मुखातिब होते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों और तीन महीनों की यह यात्रा बेहद खास रही। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक चुनावों का संचालन किया, चार बार रामनवमी जैसे बड़े त्योहारों का शांतिपूर्ण आयोजन कराया। उन्होंने जिलेवासियों, मीडिया और समस्त प्रशासनिक टीम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और नए उपायुक्त को शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण करने के बाद शशि प्रकाश सिंह ने भी मीडिया से संवाद किया। उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने साफ किया कि विकास, पारदर्शिता और जनहित प्रशासन की बुनियाद होंगे। अब जिले को एक नई दृष्टि और ऊर्जा के साथ नेतृत्व मिलेगा। जनता को उम्मीद है कि नए उपायुक्त भी उसी तत्परता और संवेदनशीलता से जिले की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे, जैसी मिसाल पूर्व उपायुक्त नैंसी सहाय ने कायम की थी।

## सहायक निदेशक ने लगाया जनता दरबार

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगा। उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी जनशिकायत कोषांग निवेदिता राय ने जनता दरबार का संचालन किया। मौके पर उन्होंने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। जिनमें कटकमसांडी के अंजुम प्रवीन ने उनकी भूमि पर जबरन चहारदीवारी देने का मामला प्रकाश में लाते हुए न्याय की गुहार लगाई, इनके आवेदन को एसडीओ सदर को भेजते हुए जांचोपरांत उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

वहीं चौपारण, मचला निवासी की सुलोचना भारती ने आंगनबाड़ी ठेकदार पर फजीर्वाड़ा का आरोप लगाया जिसपर बीडीओ चौपारीण को जांचोपरात कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं से बड़कागांव के लखन महतो ने एनटीपीसी भू मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई।

# चौपारण में भारी मात्रा में देसी व विदेशी शराब जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** चौपारण थाना क्षेत्र में एक बार फिर शराब माफिया के सक्रिय होने के प्रमाण सामने आए हैं। हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम परसाटांड़ में मुन्नी लाल यादव के घर भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर तस्करी की तैयारी की जा रही है।

इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापेमारी हुई। पुलिस जब मुन्नी लाल यादव के घर के पास पहुँची, तो एक युवक बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक की



बोरी में 200 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली, जहाँ से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद विदेशी शराब में स्टर्लिंग रिजर्व ब्रांड की तीन पेटियाँ मिलीं, जिनमें दो पेटी 375 मिलीलीटर और एक पेटी 750 मिलीलीटर की बोतलें थीं। पुलिस ने विजय कुमार (पिता - जुगल यादव, निवासी - मचरक, थाना फतेहपुर, जिला गया, बिहार) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चौपारण थाना कांड संख्या 151/25, दिनांक 27/05/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी अनुम प्रकाश, पुलिस उपनिरीक्षक सुनील राम, सहायक उपनिरीक्षक बलराम महतो, हवलदार गोपाल प्रसाद सिंह एवं सुरेंद्र पांडेय शामिल थे।

## रामगढ़ में दो छात्राओं ने किया जिला टॉप

**टेकलाल महतो हाई स्कूल की छात्रा अमृता गुप्ता और एस एस प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा सामिया नाज ने लाया 476 अंक**



**कुजू।** रामगढ़ के दो छात्रों ने मैट्रिक में जिला टॉप किया। मांडू प्रखंड के टेकलाल महतो हाई स्कूल धनबेड़वा, सुगिया की छात्रा सोनडीहा निवासी अमृता गुप्ता ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 476 अंक लाकर जिला में पहला स्थान प्राप्त कर क्षेत्र के नाम रौशन की है। अमृता भविष्य में जेपीएससी परीक्षा पास कर अधिकारी बन राज्य सेवा करने की तमन्ना रखती है। अमृता अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों व चालक पिता भीम प्रसाद गुप्ता व गृहिणी माता चंपा देवी को देती हैं। उन्होंने ईमानदारी पूर्वक किए गए निरंतर प्रयास को सफलता का मूलमंत्र बताया है। वहीं एस एस प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा सामिया नाज ने 476 अंक लाकर रामगढ़ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जिला का नाम रौशन की है। सामिया नाज ने कुल 476 अंक प्राप्त किया।

# पवन क्रूस स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नव्या, आईशा, जानवी, अनुष्का, अंजली, तौसीफ,
रानी, वैष्णवी, प्रियांशी, सुनिधि

- मैट्रिक में शत प्रतिशत रिजल्ट 104 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण
- 94.6 प्रतिशत अंक लाकर नव्या कुमारी बनी विद्यालय की टॉपर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पवन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा ने एक बार फिर से अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिचय देते हुए जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के सभी 104 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक लाकर नव्या कुमारी विद्यालय की टॉपर छात्रा बनने का गौरव पाया है।

वहीं 94.4 प्रतिशत अंक के साथ आईशा प्रवीण द्वितीय और 93.8 प्रतिशत अंक लाकर जानवी राज विद्यालय की थर्ड टॉपर की सूची में शामिल हुई। वहीं अनुष्का कुमारी 93.6, अंजली कुमारी 92.6, तौसीफ रजा 92.2, रानी कुमारी 90.8, वैष्णवी शर्मा 90.6, प्रियांशी टुडू और सुनिधि कुमारी 89.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमन्ती, खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**गांधी उच्च विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन, पाकिजा बनी टॉपर**

मैट्रिक में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय देवरिया भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा में विद्यालय के 217 विद्यार्थी शामिल हुए थें। इसमें 103 प्रथम श्रेणी, 94 द्वितीय श्रेणी और 14 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि 6 विद्यार्थी मॉरजिनल हुए हैं। विद्यालय का रिजल्ट 97.23 प्रतिशत रहा। विद्यालय की पाकिजा परवीन 92.40 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी है। वहीं जास्मीन परवीन 86.40 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और संजित बैठा 80.40 प्रतिशत अंक लाकर टॉप थ्री की सूची में शामिल होने का गौरव पाया है। संस्कार कुमार 80.20, विक्की कुमार 80, अनिशा राणा 79.4, अंकित मांझी 77.4, अंजली कुमारी 76.4, रानी कुमारी 75.2, रोहित कुमार व राणा प्रताप कुमार 74.80 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन की सूची में शामिल हैं।

विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने छात्रों को दी बधाई।

एक नजर में

## जैक 10वीं में इंदिरा गांधी विद्यालय की बेटियों ने झारखंड का नाम किया रोशन



**हजारीबाग ।** जब बात झारखंड की बेटियों की उड़ान की होती है, तो हजारीबाग की एक आवाज सबसे पहले गूंजती है इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की। इस बार भी, इस स्कूल की छात्राओं ने जो कारनामा किया है, वह केवल परीक्षा में अंक लाने का नहीं, बल्कि पूरे राज्य में बेटियों की ताकत दिखाने का ऐलान है। जैक 10वीं बोर्ड के नतीजे आते ही हजारीबाग में जश्न का ऐसा नजारा दिखा, जैसे कोई त्योहार मन रहा हो। 2025 के जैक मैट्रिक रिजल्ट्स ने यह साबित कर दिया कि हजारीबाग की बेटियाँ सिर्फ.पढ़ाई में नहीं, मेहनत, अनुशासन और लगन में भी अव्वल हैं। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग ने राज्यभर में फिर से इतिहास रच दिया है। गीतांजलि, इसी स्कूल की होनहार छात्रा, 493 अंकों के साथ पूरे राज्य की टॉपर बनी हैं। उनकी सफलता सिर्फ अंक नहीं, संघर्ष और सपने की जीत है। गीतांजलि की सफलता कोई संयोग नहीं थी। उसके पीछे था सालों की तैयारी, शिक्षकों का समर्पण और स्कूल का वातावरण। स्कूल की ही रितु कुमारी, अमृता गुप्ता और पूजा कुमारी ने 491 अंक लाकर संयुक्त रूप से राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिवानी कुमारी ने 489 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। और रुकिए, यहीं बात खत्म नहीं होती। श्रिया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 488 अंकों के साथ चौथा स्थान, और वर्षा कुमारी, तनिष्का कुमारी व कोमल कुमारी ने 487 अंक पाकर पांचवां स्थान हासिल किया। इसे केवल एक परीक्षा की जीत न समझिए, यह उस सोच की जीत है जो बेटियों को आगे बढ़ने का हक देती है। यह उन माता-पिताओं, शिक्षकों और प्रशासन की मेहनत का फल है जिन्होंने लड़कियों की शिक्षा को ह्यमिशनह्ल बना दिया।

## दारू सरस्वती हाई स्कूल की टॉपर बनीं पायल



दारू। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 2025 की 10वीं परीक्षा में दारू प्रखंड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा में प्रखंड का मान बढ़ाया है। टॉप पर रहीं सरस्वती हाई स्कूल, दारू की पायल कुमारी, जिन्होंने 466 अंक (93.20प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से मेढकुरी हाई स्कूल की ज्योति कुमारी और महेशरा हाई स्कूल की माही कुमारी रहीं, दोनों ने 464 अंक (92.80प्रतिशत ) अर्जित किए। तीसरे स्थान पर सरस्वती हाई स्कूल के ही अजीत प्रजापति रहे, जिनके 461 अंक (92.20प्रतिशत) रहे। पायल और अजीत, दोनों की प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल से हुई थी, जिसने उनके शैक्षिक आधार को मजबूत किया। महेशरा हाई स्कूल की राधा कुमारी ने 458 और करिश्मा गोस्वामी ने 451 अंक प्राप्त किए। मेढकुरी स्कूल के अभिमन्यु कुमार (458) और रानी कुमारी (450) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। पुनाई के अपग्रेडेड हाई स्कूल से मो. माजउल ने 458 अंक पाकर स्कूल टॉपर बने। इस तरह दारू प्रखंड के छात्रों की मेहनत और शिक्षकों की लगन ने इस साल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान रचा है।

## कवालू में वन संरक्षण को लेकर बनी नयी समिति

दारू। रामदेव खरिका पंचायत के कवालू गांव में वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय परिषद के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता सुशील कुमार सिंह ने की और संचालन प्रभात सिंह ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से सुंदरलाल यादव को समिति का अध्यक्ष, ममता देवी को उपाध्यक्ष और सिकंदर कुमार उर्फ छोटू सिंह को सचिव चुना गया। बैठक में वनों की लगातार हो रही कटाई और इससे वन्यजीवों के गांव की ओर पलायन जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। वनरक्षी कुंदन कुमार ने कहा कि वन ही जीवन है, और हमें जंगलों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उपाध्यक्ष ममता देवी ने बताया कि ये क्षेत्र घने सदाबहार वनों से घिरा है, जहाँ भरपूर वर्षा होती है और जैवविविधता समृद्ध है। सचिव सिकंदर कुमार सिंह ने कहा कि पेड़ों की कटाई से न केवल पारिस्थितिकी असंतुलित होती है, बल्कि जंगली जानवरों का जीवन भी प्रभावित होता है। समिति ने जंगलों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर वनरक्षी असलम अंसारी, प्रभारी वनपाल मुकेश कुमार, समाजसेवी, ग्रामीण महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## माउंट ओलिवेट स्कूल का शानदार प्रदर्शन

बरही। झारखंड अधिविध परिषद रांची की ओर से आयोजित 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में गुड़ियों में संचालित माउंट ऑलिवेट स्कूल ने बेहतर प्रदर्शन किया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में माउंट ऑलिवेट स्कूल की ओर से 30 बच्चे ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे , जिसमें सभी 30 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं । इनमें अनूप मोदी सर्वाधिक 463 अंक लाकर विद्यालय का टॉपर होने का अवसर प्राप्त किया है । विद्यालय के प्राचार्य विजय यादव ने बताया कि उनके विद्यालय में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं । इनमें अनूप मोदी 463 ,रौनक कुमार 456, सलमान अंसारी 453 ,आकांक्षा कुमारी 450, रानी कुमारी 450, अंजन कुमार यादव 446, अंशु कुमारी 442, दीपक कुमार यादव 441 ,अंकित राज 440 ,आशीष कुमार शर्मा 434 ,शिव शंकर कुमार 432 ,अंकित कुमार पंडित 432 ,धीरज कुमार 431 ,गोलू कुमार 430, लक्ष्मण कुमार 427 ,प्रीति कुमारी 425, मोनिका कुमारी 424, पंकज कुमार 427 ,सुभाष कुमार यादव 420, सूरज कुमार 419, जवाहर पासवान 416 ,रवि कुमार यादव 411 ,शिवानी कुमारी 410 ,रोबिन कुमार यादव 407 ,सचिन कुमार राणा 406, लक्ष्मी कुमारी 404 ,दीपा कुमारी 403 ,काजल कुमारी 402, नीलम कुमारी 400, अभिषेक कुमार यादव 399 अंक लाकर सफलता हासिल की है।

## भक्ति जागरण का विधायक ने किया उद्घाटन

बरही। पंचमाधव पंचायत अंतर्गत जरहिया गांव में चल रहे श्री श्री 1008 शिव शक्ति महायज्ञ के पांचवें दिन भव्य जागरण का उद्घाटन किया गया। बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। इसके अलावा जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, उपमुखिया बिनोद यादव, अध्यक्ष मनोहर यादव और मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप मौजूद रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरण में रामगढ़ से आई विश्वकर्मा म्यूजिकल ग्रुप की टीम ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विधायक मनोज कुमार यादव ने भी भजन-गीत गाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। विधायक मनोज यादव ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और श्रद्धा को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को इस महायज्ञ में शामिल होने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। मौके पर संरक्षक सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, अध्यक्ष मनोहर यादव, उपाध्यक्ष आकाश भारती, सुभाष यादव, विजय यादव, सिकंदर यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोपाल, नरेश यादव, बिरेन्द्र यादव, अवधेश यादव, सचिव सुनील यादव, अरुण यादव और महेंद्र यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जागरण के दौरान पुजारी शशिभूषण, महेंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, भातु महतो, विकास कुमार, छोटेलाल यादव और सरयू यादव ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाया।

# न्याय की भाषा में बदलाव की दस्तक हिंदी में शपथ

**अपने शपथ ग्रहण** में मातृभाषा का प्रयोग कर न्यायमूर्ति गवई ने देश के करोड़ों हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को एक नई उम्मीद से भर दिया है। लोगों को आशा है कि उनके नेतृत्व में न्यायपालिका में हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को उचित सम्मान और स्थान प्राप्त होगा।

**उमेश चतुर्वेदी**

बीते 14 मई को राष्ट्रपति भवन में हिंदी के प्रयोग ने एक नया इतिहास रच दिया। देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक बन गया। उन्होंने हिंदी में शपथ लेकर एक नई परंपरा की शुरूआत की। अब तक सभी मुख्य न्यायाधीश अंग्रेजी में ही शपथ लेते रहे हैं।



देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री जैसी प्रमुख हस्तियां पहले से ही हिंदी में शपथ लेती रही हैं, लेकिन न्यायपालिका का सर्वोच्च पद अब तक इससे अछूता था। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले न्यायमूर्ति गवई ने हिंदी में शपथ लेकर उस परंपरा को तोड़ा और न्यायपालिका में अब तक उपेक्षित रही हिंदी को सम्मान दिया।

उनके इस निर्णय का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। अपने शपथ ग्रहण में मातृभाषा का प्रयोग कर न्यायमूर्ति गवई ने देश के करोड़ों हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को एक नई उम्मीद से भर दिया है। लोगों को आशा है कि उनके नेतृत्व में न्यायपालिका में हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को उचित सम्मान और स्थान प्राप्त होगा।

यह विडंबना ही है कि छह वर्ष पूर्व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अदालतों में हिंदी में सुनवाई की अनुमति दी जा चुकी है, जबकि भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका आज भी अंग्रेजी तक ही सीमित है। न्यायमूर्ति गवई से अपेक्षाएं इसलिए भी हैं क्योंकि उनके पद में महत्वपूर्ण अधिकार निहित हैं। मुख्य न्यायाधीश की सहमति के बिना किसी भी उच्च न्यायालय में कार्यवाही की भाषा स्थानीय नहीं बन सकती। संविधान के अनुच्छेद 348(1)(ए) के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट और सभी हाईकोर्ट की कार्यवाही अंग्रेजी में ही की जाएगी। हालांकि, इसी अनुच्छेद के भाग (2) में यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राज्य अपनी राजभाषा में न्यायिक कार्य करना चाहता है, तो राज्यपाल राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर संबंधित हाईकोर्ट की कार्यवाही में हिंदी या राज्य की अन्य आधिकारिक भाषा के प्रयोग की अनुमति दे सकता है। राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 में भी इसी तरह का प्रावधान किया गया है। इसके तहत राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, उच्च न्यायालय के निर्णय या आदेशों के लिए अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी या राज्य की अन्य राजभाषा के प्रयोग को अनुमति दे सकता है। दुर्भाग्यवश, इन संवैधानिक और विधिक प्रावधानों के बावजूद, आज तक इनका उपयोग बहुत सीमित रहा है।

संविधान के प्रावधानों के तहत हिंदी को 26 जनवरी, 1965 से राजभाषा के तौर पर पूरे देश में कामकाज करने की अनुमति मिलनी थी। लेकिन इसके खिलाफ तीखे विरोध के साथ तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति मैदान में कूद पड़ी थी। हालांकि, जब उसे अहसास हुआ कि गणतंत्र दिवस पर ऐसा करना उचित नहीं होगा तो एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को उसने ऐसा किया। राजभाषा को लेकर होते रहे ऐसे विवादों की वजह से राजभाषा नीति पर विचार के लिए मंत्रिमंडल समिति का गठन किया गया। जिसने 21 मई, 1965 की अपनी बैठक में यह तय किया कि हाईकोर्ट में अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा के प्रयोग से संबंधित प्रस्ताव पर देश के मुख्य न्यायाधीश की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। भारतीय भाषा प्रेमियों की नजर में यह प्रावधान भारतीय भाषाओं की न्याय की भाषा बनने की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

सांविधानिक प्रावधान के अंतर्गत हिंदी में कामकाज की अनुमति सबसे पहले राजस्थान को हासिल हुई, जिसे हिंदी में कार्यवाही की अनुमति 1950 में मिली। इलाहाबाद हाईकोर्ट में हिंदी कार्यवाही की अनुमति 1969 में मिली, जबकि मध्य प्रदेश को 1971 और बिहार को 1972 में मिली। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने समय-समय पर अपनी भाषाओं में अपने हाईकोर्ट में कार्यवाही चलाने की अनुमति मांगी, लेकिन उन्हें नाकामी ही मिली।

यद्यपि तमाम सांविधानिक प्रावधानों और उनकी बाधा के बावजूद भारतीय भाषा प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। वे भारतीय भाषाओं को न्यायपालिका की भाषा बनाने की मांग करते रहे हैं। इसका असर उच्च न्यायपालिका पर भी पड़ा है। बेशक न्यायिक कार्यवाही भारतीय भाषाओं में नहीं हो रही है, लेकिन फैसलों और न्यायिक कार्यवाही तक आम लोगों की सहज पहुंच बनाने की दिशा न्यायलय आगे बढ़े हैं। इसके तहत कार्यवाही और निर्णयों का अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता में एआई सहायता प्राप्त कानूनी अनुवाद सलाहकार समिति का गठन किया है। इसके जरिए अब तक 16 भाषाओं में हजारों फैसलों आदि का अनुवाद किया जा रहा है। ओका समिति की तरह सभी हाईकोर्टों ने भी अपने यहां अनुवाद के लिए समितियां बनाई हैं। कानून और न्याय मंत्रालय के अधीन बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.ए. बोबडे की अध्यक्षता में ह्यभारतीय भाषा समितिह्न का भी गठन किया है। यह समिति कानूनी सामग्री का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के उद्देश्य से सभी भारतीय भाषाओं के लिए एक समान शब्दावली विकसित कर रही है।

# पाक आर्मी अपनी पोस्ट छोड़कर भागी, कैसे बनी भगौड़ा सेना

**अभिनय आकाश**

**सीमा** पार से हुई प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए डीआईजी ने कहा कि वे अपनी चौकियों से भाग गए। वे इतनी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में अपने आतंकी ढांचे को फिर से स्थापित करेंगे। बीएसएफ ने यह भी पुष्टि की है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आतंकी ढांचे और पाकिस्तानी ठिकानों को काफी नुकसान पहुंचाया है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में शुरू किया गया था जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने किस तरह से पाकिस्तान के ठिकानों को और पाकिस्तानी वायु सेना के अड्डों को तबाह किया। उसकी तस्वीरें और वीडियो तो आपने विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से खूब देखी होंगी। लेकिन अब आपको बॉर्डर से जुड़ी नई तस्वीरों के बारे में बताते हैं, जिसे बीएसएफ की तरफ से जारी की गई है। बीएसएफ ने दिखाया है कि कैसे एक एक करके 6 तारीख से लेकर 10 तारीख के बीच तक पाकिस्तानी सेना के सैन्य पोस्ट आतंकियों के टेरर लॉन्च पैड और आईएसआई के कॉप्लैक्स तक को तबाह किया गया है। कुछ ठिकाने पाकिस्तान के अंदर थे। बताया जा रहा है कि ये ठिकाने पाकिस्तानी सीमा से तीन किलोमीटर अंदर थे।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा जारी किए गए एक नए वीडियो में पाकिस्तानी सैनिकों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की जवाबी कार्रवाई के दौरान भागते हुए दिखाया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सीमा चौकियों को निशाना बनाया गया था। ये हमले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी शिविरों के खिलाफ भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद 8 से 10 मई के बीच की गई कड़ी प्रतिक्रिया का हिस्सा थे। जम्मू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीआईजी इंद्रेश्वर ने कहा कि बीएसएफ निगरानी प्रणाली ने 8 मई की रात को सियालकोट के पास 40-50 आतंकवादियों के एक समूह की हलचल देखी। उन्होंने कहा कि हमने उनकी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए सांबा क्षेत्र में एक एहतियाती हमला किया।

सीमा पार से हुई प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए डीआईजी ने कहा कि वे अपनी चौकियों से भाग गए। वे इतनी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में अपने आतंकी ढांचे को फिर से स्थापित करेंगे। बीएसएफ ने यह भी पुष्टि की है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आतंकी ढांचे और पाकिस्तानी ठिकानों को काफी नुकसान पहुंचाया है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में शुरू किया गया था



जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

बीएसएफ द्वारा साझा की गई फुटेज में 1 मिनट 9 सेकंड का एक क्षण कैद किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सैनिक अपनी चौकियों के पास भारतीय हमलों की आवाज सुनकर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें पाकिस्तानी रेंजर्स को भी छिपने के लिए भागते हुए दिखाया गया है, जबकि भारतीय सेना आतंकवाद से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों पर हमला कर रही है।

वीडियो में पाकिस्तानी सेना की चौकियों को नष्ट होते हुए दिखाया गया है, जो भारतीय ऑपरेशन की सटीकता और पैमाने पर जोर देता है। वीडियो सीमा पार से होने वाले खतरों पर भारत के मुखर रुख को रेखांकित करता है और रिकॉर्ड की गई सैन्य कार्रवाई के माध्यम से परिचालन पारदर्शिता के लिए इसके प्रयास को उजागर करता है।

# विदेश में पढ़ाई : दुनिया के टॉप 10 सबसे सुरक्षित देशों को जानें कौन-कौन

**अनन्या मिश्रा**

**ऐसे** तमाम भारतीय छात्र हैं, जोकि विदेश में पढ़ाई का सपना देखते हैं। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। वहीं कुछ ऐसे देश भी हैं, जहां पर अपराध दर बेहद कम है और वहां का जीवन बेहद शांतिपूर्ण तरीके से चलता है।

अगर आप भी विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसके लिए एंडोरा सबसे अच्छा ऑप्शन है। स्पेन और फ्रांस के बीचो-बीच स्थित एंडोरा एक छोटा सा देश है, जोकि दुनिया का भी सबसे सुरक्षित देश माना जाता है। यहां पर स्टूडेंट्स को नर्सिंग से लेकर कंप्यूटर साइंस जैसे कोर्सेज में एडमिशन मिलता है।

दुनिया का दूसरा सबसे सुरक्षित देश संयुक्त अरब अमीरात माना जाता है। वअए में अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ शारजाह, खलीफा यूनिवर्सिटी और यूनाइटेड अरब अमीरात यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान मौजूद हैं। जहां से आप उच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

**कतर**

मिडिल ईस्ट में स्थित कतर एक ऐसा देश है, जोकि दुनिया का तीसरा सबसे सुरक्षित देश माना जाता है। यह एक छोटा सा देश है। कतर में लाखों की संख्या में भारतीय छात्र रहते हैं, जिनके बच्चे कतर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**ताइवान**

ताइवान दुनिया का चौथा सबसे सुरक्षित देश माना जाता है। साथ ही ताइवान विदेशी स्टूडेंट्स के बीच काफी ज्यादा पॉपुलर है। नेशनल सिंग हुवा यूनिवर्सिटी, नेशनल चेंग कुंग यूनिवर्सिटी और नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी यहां के टॉप संस्थान हैं।



**ओमान**

दुनिया के पांचवे सबसे सुरक्षित देश की लिस्ट में ओमान का नाम आता है। ओमान में भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। माजान यूनिवर्सिटी कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड अप्लाइड साइंसेज और मस्कट कॉलेज इस देश के टॉप संस्थान हैं।

**आइल ऑफ मैन**

दुनिया का छठा सबसे सुरक्षित देश आइल ऑफ मैन माना जाता है। ब्रिटेन और आयरलैंड के बीच यह छोटा सा द्वीप मौजूद है, जहां पर हजारों लोग रहते हैं। वहीं आइल ऑफ मैन में अपराध दर भी काफी कम है। यहां की शिक्षा प्रणाली भी काफी अच्छी है।

हांगकांग

वैसे तो हांगकांग में कई टॉप विश्वविद्यालय मौजूद हैं। लेकिन इसमें से यूनिवर्सिटी ऑप हांगकांग सबसे प्रमुख है। हांगकांग को दुनिया का 7वां सबसे सुरक्षित देश माना जाता है। हांगकांग में कई भारतीय रहते हैं। ऐसे में यदि आप भी विदेश में पढ़ने का सपना देख रहे हैं, तो यहां से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

**आर्मेनिया**

आर्मेनिया दुनिया का आठवां सबसे सुरक्षित देश है। यह मध्य एशिया और यूरोप के बीच स्थित है। आर्मेनिया में येरेवन स्टेट यूनिवर्सिटी मौजूद है, जोकि देश का टॉप संस्थान माना जाता है। इस यूनिवर्सिटी में कई देशों के छात्र पढ़ रहे हैं।

**सिंगापुर**

विदेश में पढ़ाई के लिए सिंगापुर भी दुनिया का टॉप देश माना जाता है। सिंगापुर में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर जैसे टॉप संस्थान मौजूद हैं। यहां पर पढ़ने के लिए दुनिया के कोने-कोने से स्टूडेंट्स यहां पहुंचते हैं।

**जापान**

बता दें कि जापान एक सुरक्षित देश है। यह देश अपनी संस्कृति, उच्च जीवन स्तर और तकनीक के लिए जाना जाता है। यहां की शिक्षा प्रणाली दुनिया भर में अपने उच्च मानकों और समग्र विकास पर ध्यान दिए जाने के लिए जानी जाती है।

# भारत की प्रगति में भ्रष्टाचार बड़ी बाधक

**सत्येन्द्र प्रसाद सिंह**

**वर्ल्ड** जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ सूचकांक में भारत को 0 से एक अंक के बीच 0.49 अंक मिले।

ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल के नवीनतम भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) से पता चलता है कि 2023 में देश में सरकारी क्षेत्र का भ्रष्टाचार एक मुद्दा रहा। वर्ष 2022 में जहां देश को 180 देशों में 85वां स्थान मिला था, वहीं इस वर्ष वह फिसलकर 93वें स्थान पर चला गया है।

यह रैंकिंग सापेक्ष स्थिति दर्शाती है। देश का सीपीआई अंक 100 में 40 से घटकर 100 में 39 रह गया है। ज्यादा अंक बेहतर स्थिति को दर्शाता है।

ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल की टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि इस मामूली बदलाव से कोई अहम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। रिपोर्ट में दूरसंचार कानून के पारित होने को खतरे का संभावित संकेत माना है जिसके जरिये राज्य की निगरानी शक्तियों का विस्तार हुआ है।

परंतु दीर्घावधि में भारत के सीपीआई अंक और रैंकिंग पर गौर करने से संकेत निकलता है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा जिन्न है जिससे भारत को अभी निर्णायक लड़ाई जीतनी है।




वर्ष 2012 से ही भारत का सीपीआई परिणाम 30-40 के इर्दगिर्द रहा है। भारत ने 2018 और 2019 में दोनों साल 41 अंकों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह चीन के प्रदर्शन से बहुत अलग नहीं है जिसने ताजा सूचकांक में 100 में 42 अंक हासिल किए जबकि इससे पहले उसे 45 अंक मिले थे। रैंकिंग के नजरिये से भी देखें तो भारत 70-75 से 80-85 के दरमियान रहा है। 2015 में हमें 76वीं रैंक मिली थी जो एक वर्ष पहले के 85वें स्थान से बेहतर थी।

निश्चित तौर पर इन नतीजों के अंतर पर प्रश्नचिह्न लग सकता है क्योंकि ये कारोबारियों और विशेषज्ञों की धारणा पर आधारित हैं। सीपीआई स्कोर को किसी देश की रैंकिंग की तुलना में अधिक परिणाम दशार्ने वाला माना जाता है और इसे विश्व बैंक तथा विश्व आर्थिक मंच समेत कई संस्थानों के 13 अलग-अलग भ्रष्टाचार आकलनों से निकाले गए तीन डेटा स्रोतों से निकाला जाता है।

भारत को कजाकस्तान और लसूटू के साथ साझा रैंकिंग दी गई है और इसलिए इस पर पर थोड़ा सतर्क निगाह डालने की आवश्यकता है। सीपीआई में रिश्वत, अधिकारियों द्वारा अपने पद का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए करने, अत्यधिक लालफीताशाही, सरकार की सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने की काबिलियत आदि जैसे मानक शामिल होते हैं।

इसमें कुछ बातों को शामिल नहीं किया जाता है मसलन नागरिकों के भ्रष्टाचार से जुड़े प्रत्यक्ष अनुभव, धन शोधन, कर संबंधी धोखाधड़ी, अवैध वित्तीय आवक या असंगठित अर्थव्यवस्था और बाजार। ऐसा इसलिए कि इन सभी की निगरानी कर पाना मुश्किल होता है।

चूंकि ये सभी तत्त्व भारत समेत विकासशील देशों में आम हैं, इसलिए संभव है कि सीपीआई इन देशों में भ्रष्टाचार की पक्षपाती तस्वीर पेश करे।

2016 के बाद से सीपीआई स्कोर के मामले में भारत 40 की ऊंचाई तक पहुंच गया। यह सार्वजनिक संपत्ति वितरण नीति में विवेकाधीन लाइसेंसिंग से नीलामी का प्रारूप अपनाने के कारण भी हो सकता है। विवेकाधीन लाइसेंसिंग दूरसंचार और कोयला घोटालों का स्रोत बनी थी जिसके कारण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का पतन हुआ था।

वस्तु एवं सेवा कर तथा ऋणशोधन कानून जैसी संस्थागत व्यवस्थाओं की बदौलत सार्वजनिक भ्रष्टाचार की संभावना कम हुई। परंतु अर्थव्यवस्था में सरकारी व्यय के आकार को देखते हुए तथा उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं के जरिये विनिर्माण निवेश जुटाने के प्रयासों के बीच असली बदलाव न्याय व्यवस्था में सुधार में निहित है। इस क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है।

त्वरित और मजबूत न्याय प्रक्रिया खुद बड़ा बदलाव ला सकती है। वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ सूचकांक में भारत को 0 से एक अंक के बीच 0.49 अंक मिले। यहां एक अंक सबसे मजबूत कानून व्यवस्था को दशार्ता है। सीपीआई स्कोर तैयार करने में इस सूचकांक का भी इस्तेमाल किया जाता है। इस पैमाने पर हम वियतनाम के आसपास हैं जो चीन प्लस वन निवेश नीति में भारत का अहम प्रतिस्पर्धी है।

**(सीनियर एडवोकेट रांची)**

# सेल्फ इम्प्रूवमेंट करें ताकि जमाने में फिट हों आप



**डॉ मेरी ग्रेस**

आज हर किसी के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट उनके कैरियर और जिंदगी, दोनों ही मोर्चों पर सक्सेस के लिए जरूरी है। एक दौर था जब पर्सनैलिटी डेवलपमेंट चुनिंदा सेलिब्रिटीज के लाइफस्टाइल का हिस्सा था। लेकिन अब हर किसी के लिए यह जरूरी हो गया हैह्न दरअसल पर्सनैलिटी कई चीजों से मिलकर बना एक साझा प्रभाव है। मसलन फिजिकल अपीयरेंस, मेंटल स्ट्रोंगनेस, पॉजिटिव एटीट्यूड, सांस्कृतिक मेलजोल की समझ और स्प्रिचुएलिटी। आमतौर पर पर्सनैलिटी का मतलब दिखने से लगाया जाता है जबकि दिखने से ज्यादा यह प्रजेंटेशन का मामला है। अपने आपको सलीके से व्यक्त करना और अपनी मौजूदगी को आकर्षक बनाना ही पर्सनैलिटी इम्प्रूवमेंट है।

**कई पहलुओं से सजगता की जरूरत**

पर्सनैलिटी इम्प्रूवमेंट के लिए कई तरह की सजगता की जरूरत पड़ती है मसलन पर्सनल हाईजीन, जब आप साफ सुथरा रहते हैं और सलीके से कपड़े पहनते हैं तो यह आपकी पर्सनैलिटी को आकर्षक बनाता है। यही बात आपकी मानसिक मजबूती और परिपक्वता से भी पैदा होती है। जब आप किसी बात पर तार्किक, महत्वपूर्ण और सोचने लायक संदर्भ के साथ जुड़ी बात कहते हैं, तो लोग आप पर ध्यान देते हैं और आपकी पर्सनैलिटी कई लोगों के बीच अलग से चिन्हित करने वाली हो जाती है। सोशल होना भी आज पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का हिस्सा है।

**आध्यात्मिकता की ताकत**

जब आप अपनी बातचीत और व्यवहार में सभी सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आये लोगों के साथ बराबरी और दोस्ताना व्यवहार करते हैं तो इससे भी आपके व्यक्तित्व में एक खास तरह का प्रभाव देखने को मिलता है। वहीं सबसे जरूरी है,आपके अंदर स्प्रिचुएलटी या आध्यात्मिकता का होना। दरअसल दुनिया में हमेशा कुछ ऐसे सवाल होते हैं जिनका जवाब किसी के पास नहीं होता। ऐसे समय पर यदि हमारे पास कोई आध्यात्मिक शक्ति नहीं होगी, तो हम हीनताबोध का शिकार हो जाएंगे। यह स्थिति हमें कई असफलताओं में डिप्रेशन से बचा लेती है।

**कैरियर से बढ़कर जिंदगी**

हाल के दशकों में युवतियों के लिए बिना कैरियर का मतलब हो गया है कि अपनी किसी तरह की पर्सनैलिटी का ही अहसास न होना। यह कैरियर को लेकर सजगता नहीं बल्कि हमारे सारे जीवन में कैरियर का हावी हो जाना है। आप वर्किंग वुमन हैं या हाउस वाइफ, इससे खास फर्क नहीं पड़ता है। जिंदगी जीने के लिए एक अच्छे कैरियर की जरूरत होती है, लेकिन एक अच्छा कैरियर खुद में जिंदगी नहीं होती। इसलिए अपनी पर्सनैलिटी को प्रभावशाली और आकर्षक बनाये रखने के लिए खुद को महत्वपूर्ण मानें, ओहदे को नहीं।

**व्यक्तित्व विकास में बेफिक्री भी सही नहीं**

यह भी ठीक नहीं कि हम अपनी पर्सनैलिटी को ग्रूम करने के बजाय खुद को लेकर बेफिक्र हो जाएं, खासकर महिलाओं के मामले में इस लापरवाही के गंभीर नुकसान होते हैं। दरअसल पर्सनैलिटी डेवलप करने के कई फायदे हैं और न डेवलप करने के बहुत सारे नुकसान हैं। इसलिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए या सेल्फ इंप्रूवमेंट को लेकर हर किसी को सजग रहना चाहिए। महिलाओं को तो खास तौरपर क्योंकि उन्हें कदम कदम पर अपनी पर्सनैलिटी की परीक्षाओं से गुजरना होता है।

**बातचीत का प्रभावशाली लहजा**

महिलाएं अगर सोशली एक्टिव होती हैं, स्मार्ट होती हैं, उनकी बातचीत में एक प्रभावशाली लहजा रहता है तो उन्हें हर जगह सम्मान मिलता है।

अपनी जीवनशैली को लेकर लापरवाह हो जाने पर विशेषकर महिलाओं को घर के बाहर तो दूर, घर के भीतर भी वांछित सम्मान नहीं मिलता। लेकिन सेल्फ इम्प्रूवमेंट के लिए किसी दूसरे की नकल न करें। चाहे ऑफिस जाने की बात हो या पार्टी। हमेशा खुद को अपने मनमुताबिक ड्रेसअप करें। यह भी कि महंगे और ब्रांडेड कपड़े आपको कुछ और किए बिना ही प्रभावशाली व्यक्तित्व का स्वामी नहीं बना देंगे। पर्सनैलिटी में सबसे ज्यादा असर लंबी अवधि में आपकी समझ और चीजों के प्रस्तुत करने के ढंग का पड़ता है।

**जनरल नॉलेज** एक लेवल की जनरल नॉलेज सभी को पता होती है। अगर आपको आम लोगों के बीच खास जगह पानी है तो थोड़ा काम भी ज्यादा करना पड़ेगा।

**(प्राचार्या, उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची)**

स्पीड न्यूज



## झामुमो ने डीसी ऑफिस पर किया धरना-प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई द्वारा आज पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर जातिगत जनगणना के वक्त सरना कोड को शामिल करने की मांग की गई। इसके बिना जातिगत जनगणना का विरोध किया गया। धरना कार्यक्रम को बाघराय मार्डी, मोहन कर्मकार, राजू गिरि, प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन समेत तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंत में डीसी कर्ण सत्यार्थी के जरिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के सभी बच्चे हुए पास

**गम्हरिया।** गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने जैक द्वारा घोषित मैट्रिक की परीक्षा परिणाम में परचम लहराया है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मैट्रिक के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष उक्त विद्यालय से कुल 73 बच्चो ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी ने उत्तीर्ण होकर यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और सटीक मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। स्कूल के छात्र लखन माझी ने 84 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनने का श्रेय लिया। वहीं, 83 प्रतिशत अंक लाकर सपन महतो द्वितीय, 82 प्रतिशत अंक लाकर रीया कुमारी तृतीय और 81 प्रतिशत निधि कुमारी व सचिन चौधरी चौथे स्थान पर रही। बच्चो के इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता हम सभी के लिए गर्व का विषय है। हमारे स्कूल के बच्चों ने न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाई है, बल्कि अनुशासन और निरंतर प्रयास का भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन, बच्चो की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से ही संभव हो सका है।

## वाणी विद्या मंदिर के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**गम्हरिया।** जैक द्वारा घोषित दसवीं की परीक्षा परिणाम में वाणी विद्या मंदिर के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लड़कों की अपेक्षा लड़कियों ने बेहतर परिणाम लाकर बाजी मारी। विद्यालय से कुल 281 बच्चे दसवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 160 बच्चे प्रथम श्रेणी, 105 बच्चे द्वितीय श्रेणी तथा 13 बच्चे तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंकित रजक पहले स्थान पर रहे जबकि 92.8 प्रतिशत अंक लाकर अंकित कुमार दूसरे व 92 प्रतिशत अंक लाकर रिया प्रामाणिक तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा विद्यालय टॉप टेन में शामिल अन्य छात्र-छात्राओं में निकिता लोहार, तुसी कुमारी रजक, सन्नी कुमारी, दीया पात्रा, विनय प्रताप यादव, खुशी सीट और अंश सिंह शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## दानपेटी का ताला तोड़ चढ़ावा चुरा ले गये चोर

**गम्हरिया।** बीती रात चोरों द्वारा आदित्यपुर थाना क्षेत्र के श्रीडूंगरी स्थित काली मंदिर और हरि मन्दिर के दानपेटी को तोड़कर उसमें रखे दान के पैसे उड़ा लिया गया। हालांकि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें तीन चोर भागते हुए साफ नजर आ रहे हैं। इस बावत वार्ड दो के निवर्तमान पार्षद अभिजीत महतो द्वारा थाना को सूचना दी गयी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## श्राद्ध कर्म हेतु जैलेन्द्र ने सहयोग किया

**अनगड़ा।** प्रखंड के गेतलसूद जारा टोली निवासी नागेश्वर बेदिया (25) का पिछले दिनों दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। श्राद्ध में सहयोग के लिए गांव के जीतू बेदिया के द्वारा भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार से संपर्क किया तब जैलेंद्र कुमार गांव जाकर मृतक के परिजन को खाद्य सामग्री एवं नगद दे कर सहयोग किया।

# कर्ण सत्यार्थी ने पूर्वी सिंहभूम, चंदन कुमार पश्चिम सिंहभूम और नितिश सिंह ने सरायकेला के उपायुक्त का पदभार संभाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोल्हान के तीनों जिलों क्रमशः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के नये उपायुक्तों क्रमशः कर्ण सत्यार्थी, चंदन कुमार और नितिश सिंह ने आज पदभार संभाल लिया। तीनों युवा आइएएस अधिकारियों के नेतृत्व में कोल्हान में विकास योजनाओं को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।

## कर्ण सत्यार्थी बने पूर्वी सिंहभूम के 25वें उपायुक्त निवर्तमान डीसी अनन्य मित्तल ने दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के अधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में निवर्तमान उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने पदभार सौंपा। इस अवसर पर जिला के उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीएम धालभूम, एडीसी व अन्य वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नव पदस्थापित उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी इसके पूर्व गुमला के उपायुक्त के रूप में पदस्थापित रहे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जिले के समग्र विकास, जनहित में सुशासन तथा योजनाओं के प्रभावी



नये डीसी कर्ण सत्यार्थी को गुलदस्ता देकर अभिनंदन करते निवर्तमान डीसी अनन्य मित्तल।

क्रियान्वयन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मौके पर निवर्तमान उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया।

## चंदन कुमार ने पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त का पदभार संभाला

**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के नये डीसी चंदन कुमार ने आज निवर्तमान डीसी कुलदीप चौधरी से पदभार ग्रहण किया। नये डीसी चंदन कुमार ने कहा है कि आदिवासी बहुल जिला पश्चिमी सिंहभूम के आखिर छोर पर खड़े



नागरिक तक विकास योजनाओं को त्वरित गति से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। चंदन कुमार के द्वारा आज पदभार ग्रहण के प्रथम दिन जिला समाहरणालय परिसर अवस्थित सभी कार्यालय सहित समाहरणालय परिसर का अवलोकन किया गया। उनके द्वारा क्रमवार विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण करते हुए, पदाधिकारी और कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, विभिन्न पंजी का संधारण, कार्यालय का रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं को देखा गया। उनके द्वारा कार्यालय के कर्मियों को ससमय कार्यालय में उपस्थित होने सहित कार्यालय परिसर में साफ सफाई बनाए रखने में अपना सहयोग स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## सरायकेला के नये डीसी नितिश कुमार ने पदभार ग्रहण किया

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला के 34वें जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के रूप में आज नितिश (भा.प्र.से.) ने निवर्तमान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला (भा.प्र.से.) से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवपदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार अंतर्गत संचालित योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारने, पूर्व से संचालित विकास कार्यों का सफल क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, निदेशक डीआरडीए डॉ अजय तिर्की, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पीड़ितों से मिलने ओरमांझी पहुंचे रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ पुलिस की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** केंदीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को ओरमांझी प्रखंड के सुदूरवती गांव को दौरा किया। उन्होने जावाबेडा गांव पहुंचे जहां ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद बांड भर छोड़ने जाने की मामले की जानाकरी ली, वहीं युवक धीरज बेदिया व गांव वालों से मामले की जानाकरी ली, धीरज बेदिया ने घटना को आपबीती बताया, इस पर रक्षा राज्यमंत्री ने पुलिस द्वारा की गई कार्रवायी को दुर्भाग्यपूर्ण बाया और कहा है इस संबंध में उपायुक्त रांची व वरीय अधिकारियों से बात कर न्याय दिलाने के प्रति आवश्यक कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार व ग्रामीणो को आश्वस्त दिया। बाद में उन्होने विगत दिनों निधन हुए हेन्देबीली पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह भाजपा के बूथ अध्यक्ष कामेश्वर बेदिया व चन्दरा पंचायत के रोलजारा के मंडल उपाध्यक्ष राजनाथ उरांव के स्वजनों से मिलने दोनो के घर गए। उन्होने दोनो भाजपा कार्यक्रताओं के निधन पर दुख जताया और कहा दोनो कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के सक्रीय भाजपा कार्यकता थें। उनके स्वजनों का ध्यान रखना हर भाजपा कार्य कार्यताओं की जिम्मेदारी है। दोनों परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वास भी दिया। मौके पर बेदिया समाज के अगुआ सह भाजपा नेता जीतनाथ बेदिया, मुखिया सुनिल उरांव मुखिया दष्मी मिंज, मुखिया रमेश बेदिया, मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, ओरमांझी के उपमुखिया संतोष गुप्ता, राजकिशोर साहू, शशि मेहता, सुरेश राम, मनोज राम, गोपालराम बेदिया, प्रकाश महतो, गनसु महतो, जगधन बेदिया, नरेश बेदिया, राजकुमार प्रजापति, सिकेन्द्र महतो, संदीप उरांव जगलाल बेदिया, विकास भोक्ता सहित कई लोग उपस्थित थें।



ओरमांझी में पीड़ितो से बात करते रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ।

## डॉ त्रिपुरा झा के किताब लिव इन रिलेशनशिप का हुआ विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शहर की जानी मानी शिक्षाविद डॉ त्रिपुरा झा की किताब लिव इन रिलेशनशिप का विमोचन मंगलवार को तुलसी भवन के प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। इस किताब का विमोचन राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, सुरभि के अध्यक्ष गोविंद दोदराजका, तुलसी भवन के महासचिव प्रसेनजीत तिवारी तथा हिन्दूपीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में कुणाल सारंगी ने पुस्तक के अहम पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विषय प्रवेश प्रसेनजीत तिवारी के द्वारा किया गया। गोविंद दोदराजका के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गयी। विमोचन के बाद अपने संबोधन मे शिक्षामंत्री रामदास सोरेन ने मौजूदा सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में व्याप्त रूढ़िवादिता को तोड़ने की वकालत की। कार्यक्रम का मंच संचालन खुशबू ठाकुर ने किया।

## ओरमांझी प्रखंड का पीडीएस संघ का चुनावः अशोक साहू को हटाकर संजय कुमार को अध्यक्ष बनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ का चुनाव मंगलवार को किया गया। अम्बिका प्रसाद साहू की अध्यक्ष में हुई बैठक में सर्वसम्मति से डिलर संघ के अध्यक्ष अशोक साहू को हटाकर संजय कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे सचिव कुंदन कुमार साहू, उपाध्यक्ष उमेश कुमार महतो, अब्दुल मनान अंसारी व चंद्रशेखर चैधरी को बनाया गया। वहीं उपसचिव दामोदर यादव, कोषाध्यक्ष सतीष कुमार चैधरी व मीडिया प्रभारी तबरेज आलम को और संघ का संरक्षक प्रमोद गुप्ता को बनाया गया है। चुने गए सभी पदाधिकारियों को फुलमाला पहना का स्वागत किया गया। वहीं पहली बार विधिवत संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताते हुए बधाई दी गई। बताया गया कि पूर्व अध्यक्ष को डिलरों द्वारा चुन कर अध्यक्ष नही बनाया गया था। वहीं ओरमांझी प्रखंड में विधिवत पहली बार संघ के पदाधिकारी चुना जाने को लेकर सभी डिलरों में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं चुने गए अध्यक्ष ने कहा, डिलरों को गरीब जनता का सेवा करने का अवसर मला है। सभी लाभकों के साथ संघ के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो, इसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। वहीं उपस्थित लोगों ने भी कहा विधिवत संघ का चुनाव हो जाने के बाद डिलारों की समस्याओं को भी उचित स्थान में रखा जा सकता है।



संघ के पदाधिकरी के साथ उपस्थित प्रखंड के राशन डिलर।

# पिपरवार विकास विद्यालय, किचटो का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित पिपरवार विकास विद्यालय, किचटो के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है।

इस वर्ष विद्यालय से कुल 44 छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा ( जैक बोर्ड ) में शामिल हुए थे। इनमें से 28 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 16 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की। विद्यालय की टॉपर्स सूची में शामिल हैं इनमे प्रथम स्थान निशात हाशमी ने 411 अंक (82.2%) प्राप्त कर प्रथम स्थान, निशा कुमारी ने 384 अंक (76.8%) अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं सोनू कुमार ने 381 अंक (76.2%) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन किए जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमाकान्त महतो ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







## जियो ब्लैकरॉक को म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए मिली सेबी की मंजूरी

- सिड स्वामीनाथन को मिली नई एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ की जिम्मेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/ मुंबई।** जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को भारत में म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। यह कंपनी जियो फाइनेंस सर्विसेस लिमिटेड और ब्लैकरॉक कंपनी का सयुंक्त उद्यम है। उम्मीद की जा रही है कि अब जल्द ही कंपनी भारतीय म्यूचुअल फंड बाजार में कदम रख देगी। सिड स्वामीनाथन को जियोब्लैकरॉक ने कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। जेएफएसएल की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा : ब्लैकरॉक के पास वैश्विक निवेश विशेषज्ञता है तो जियो के पास डिजिटल-फर्स्ट इनोवेशन, ब्लैकरॉक के साथ हमारी यह साझेदारी एक सशक्त साझेदारी है। साथ मिलकर, हम हर भारतीय के लिए निवेश को सरल, सुलभ और समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भव्य सरना धर्म यात्रा में आदिवासी समाज को एकजुट होने का आह्वान

## किरण मुंडा ने दिया धर्म-संस्कृति संरक्षण का संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कारो में सोमवार को सरना धर्म यात्रा का भव्य स्वागत पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाजों के साथ किया गया। ग्रामीणों ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष व धर्मगुरु कृष्णा उरांव समेत सभी यात्रियों का पैर धोकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।

यह धर्म यात्रा जय सरना ट्रस्ट के तत्वावधान में 23 मई को पत्थलकुदवा सरना स्थल, कटकमसांडी (जिला हजारीबाग) से प्रारंभ हुई । यात्रा का नेतृत्व ट्रस्ट के केंद्रीय सचिव अधिवक्ता किरण मुंडा ने किया। कुल 11 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा का आज पांचवां दिन था।

धर्म यात्रा का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव जाकर शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना, नशा मुक्ति का संदेश देना, और आदिवासी धर्म-संस्कृति, जल-जंगल-जमीन की रक्षा का संकल्प दोहराना है। इस संबंध में अधिवक्ता किरण मुंडा ने बताया कि आदिवासी समाज को हर हाल में अपने धर्म और पहचान को सुरक्षित रखना है। उन्होंने धर्मांतरण से दूर रहने की भी अपील की। इस कार्यक्रम में बहेरा पंचायत के मुखिया पति रमेश मुंडा, साधुचरण टाना भगत, सोमरा उरांव, राजेश उरांव, बुधना उरांव, अनुप उरांव, चिंता देवी, सीमा उरांव, सुरंती देवी, बसंती उरांव, पैरो उरांव समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे। वही यात्रियों में निशा उरांव, कुमारी लक्ष्मी मुंडा, पूजा कुमारी, रेशमी कुज्जूर, रौशनी कुज्जूर, रूपा मुंडा, निशु मुंडा, वर्षा मुंडा, सनतना मुंडा, मानसी उरांव, अनामिका एक्का, मोनिका उरांव, निरल उरांव, ओम उरांव, रमेश भुइंया, सौरभ बेदिया, आनंद उरांव, बादल सिंह मुंडा और वनिश उरांव प्रमुख रूप से शामिल थे ।



## एक नजर में

### क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर आजसू आइटी सेल के लॉबीनचंद्र के खिलाफ प्राथमिकी

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज का एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज बिस्टुपुर साइबर थाना में थाना प्रभारी से मिलकर आजसू पार्टी के आई टी सेल के लॉबीन चंद्र महतो के द्वारा क्षत्रिय समाज एवं सनातन धर्म के विरुद्ध अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी। मौके पर शिकायत दर्ज करवाने के उपरांत उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समरेश सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज हमेशा से सनातन धर्म का रक्षक, राष्ट्रवादी और अनुशाषित रहा है उसने सदैव छत्तीस बिरादरी को लेकर चलने का काम किया है ऐसे में एक राजनैतिक दल के जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति द्वारा ना सिर्फ क्षत्रिय समाज पर ओछी टिप्पणी की गयी है बल्कि सनातन धर्म का भी सार्वजनिक पटल पर अपमान किया गया है। अतः पुलिस प्रशासन से विनम्र आग्रह है की समय रहते ऐसे जहर फैलाने वाले व्यक्ति पर अविलंब कार्रवाई किया जाये वरना बाध्य होकर हमें स्वयं करवाई करना होगा। मौके पर अधिवक्ता रवि प्रकाश सिंह, क्षत्रिय महासभा के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राजपूत, सरायकेला जिलाध्यक्ष रवि शंकर सिंह, जमशेदपुर नगर अध्यक्ष श्रीकांत सिंह, बलदेव सिंह, राजेश सिंह, रवि राजू, रौनक सिसोदिया, सुखदेव सिंह, रमेश राजू, ललित सिंह, मोनू सिंह, इंद्रदेव सिंह, संतोष सिंह, मंटू सिंह, शुभम सिंह, मिथलेश सिंह आदि भी थे।

### जीपी मध्य उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं का शानदार प्रदेशन, रिजल्ट शत प्रतिशत

**अनगड़ा।** जीपी मध्य विद्यालय एव उच्च विथालय खोपी सरना के छात्र छात्राओं ने मैट्रीक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किए हैं विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कूल 99 छात्र छात्राओ ने मैट्रीक की परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें सभी ने शानदार सफलता हासिल किए हैं ।99 परीक्षार्थियों में से 83 प्रथम श्रेणी मे उतीर्ण हुए हैं 15 द्वितीय श्रेणी से तथा एक तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विधालय की रश्मि रानी 93.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और प्रखंड टॉपर बनी इसने कूल 466 अंक हासिल की है, वहीं प्रतिमा कुमारी 92.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय विद्यालय मे द्वितीय टॉपर बनी इसने कूल464 अंक हासिल की है। सन्नु महतो 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बना इसने 461 अंक हासिल किया। सानिया परवीन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर सूची में चौथा स्थान बनाई है। विद्यालय के 24 छात्र छात्राओं को 80 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है छात्र छात्राओं के शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है और उनकी उज्वल भविष्य की कामना की है। इन्होंने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं अभिभावक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को भी शुभकामना एव बधाई दी है।

### चोरेया गांव में फाइलेरिया किट का वितरण

**चान्हो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो की ओर से मंगलवार को प्रखंड के चोरेया गांव में फाइलेरिया रोग से पीड़ित 24 लोगों के बीच एमएमडीपी (फाइलेरिया) कीट का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को कीट के उपयोग करने तथा फाइलेरिया रोग से बचने के उपाय भी बताए गए। निगरानी निरीक्षक भोला साहू ने बताया कि चिकित्सीय परामर्श और नियमित दवा का उपयोग कर इस रोग से बचा सकता है।इसकी रोकथाम के लिए समय समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा का भी वितरण किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान आगामी 3 जून को चान्हो में आयोजित दिव्यांग शिविर के लिए 20 लोगों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किया गया। मौके पर बीपीएम श्यामेंद्र कुमार अभिषेक, भोला साहू, आलोक उरांव, राजेश कुंदन खलखो और सहिया दीदी मौजूद थे।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर तिग्गा पेट्रोल पंप के निकट हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार लगभग 12:00 की है। बताया जाता है कि गुड़गुड़जाड़ी निवासी 60 वर्षीय आंचल कुमार मुड़मा से मांडर आने के दौरान एक ऑटो के धक्के से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद उन्हें रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनके सर पर गंभीर चोट लगी है।

### चान्हो प्रखंड के स्कूलों का शानदार प्रदर्शन रहा

**चान्हो।** मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रखंड के स्कूलों का शानदार प्रदर्शन रहा है। देवेंद्र नाथ सिंह उच्च विद्यालय चोरया के बच्चों का रिजल्ट 87 परसेंट रहा। आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा फरहाना प्रवीन 437 अंक (87.4%) लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं पल्लवी कुमारी 436 अंक (87.2%) लाकर दूसरा स्थान और हसीना खातून 429 अंक (85.8%) लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस स्कूल से कुल 57 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा दी थी, जिसमें 38 प्रथम श्रेणी से और 19 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कस्तूरबा विद्यालय चान्हो का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल से कुल 50 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 38 फर्स्ट, 9 सेकेंड डिवीजन से पास हुए हैं। सोनम कुमारी 89.40 अंक लेकर स्कूल टॉपर बनी, वहीं तारामणि कुमारी को 89 प्रतिशत और रंजिता कुमारी को 85.80 प्रतिशत अंक मिले हैं। वार्डन मन्नू कुमारी ने सफल छात्राएं को बधाई दी है।

### फरार अभियुक्त के घर पर इस्तेहार चिपकाया गया

**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना कांड संख्या 08/25 के प्राथमिकी अभियुक्त सुनिल करमाली पिता सहदेव करमाली ग्राम सालहन निवासी के घर में मंगलवार को अनगड़ा थाना पुलिस ने ढ़ोल नगाड़ा व ढिंढोरा पीटकर इस्तेहार चिपकाया। सुनील करमाली शादी का प्रलोभन देकर एक लड़की के साथ यौन शोषण करने का प्राथमिकी अभियुक्त है और वह काफी दिनों से पुलिस के नजर से फरार है। उक्त इस्ते इस्तेहार हार स्थानीय लोगों के समक्ष चिपकाया गया।



### आरसीबी ने किया आइपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज, लखनऊ को छह विकेट से हराया, कोहली-जितेश और मयंक चमके

# बेंगलुरु ने क्वालिफायर-1 में मारी धमाकेदार एंट्री

**एजेंसी**

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 9 साल बाद आइपीएल में पहला क्वालिफायर खेलेगी। क्वालिफायर-1 में जगह बनाने के लिए आरसीबी को किसी भी कीमत पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत चाहिए थे। पहले खेलते हुए लखनऊ ने 3 विकेट पर 227 रन बना दिए। आरसीबी ने आइपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज करके मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान जितेश शर्मा विस्फोटक फिफ्टी लगाकर जीत के हीरो रहे। आरसीबी ने 19वें ओवर में ही 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। टीम अब पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। गुजरात और मुंबई के बीच एलिमिनेटर खेला जाएगा। आरसीबी ने टेबल में दूसरे नंबर पर फिनिश किया।



#### जितेश शर्मा की कप्तानी पारी

आरसीबी के लिए जितेश शर्मा ने कमाल की बैटिंग की। छठे नंबर पर बैटिंग करने उतरे जितेश ने 85 रनों की पारी खेली। उन्होंने 33 गेंद पर 8 चौके और 6 छक्के मारे। मयंक अग्रवाल के बल्ले से 23 गेंद पर 41 रनों की नाबाद पारी निकली। मयंक और जितेश के बीच 45 गेंद पर 107 रनों की साझेदारी हुई। इसमें 33 गेंद पर 85 रन जितेश के थे। मयंग ने 12 गेंद पर साझेदारी में 20 रनों का योगदान दिया।

#### पंत की शतकीय पारी बेकार

कप्तान ऋषभ पंत ने लखनऊ के लिए शतक लगाते हुए नाबाद 118 रन की आक्रामक पारी खेली। पूरे सीरीज में खराब लय के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने 61 गेंद की नाबाद पारी में 11 चौके और आठ छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए मिचेल मार्श के साथ 78 गेंद में 152 रन की साझेदारी कर के बड़े स्कोर की नींव रखी। मार्श ने 37 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 67 रन बनाये। आरसीबी के लिए नुवान तुषारा ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड को भी एक-एक सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मार्श ने तुषारा के खिलाफ शुरूआती ओवर में चौका लगाया तो वही सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे मैथ्यू ब्रिट्जके (14) ने कृणाल पंड्या की गेंद पर छक्का जड़ दिया। वह हालांकि तुषारा की यॉर्कर गेंद पर बोल्ड हो गये।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 09 | 04 | 01 | 19 | +0.372 |
| बेंगलुरु | 14 | 09 | 04 | 01 | 19 | +0.301 |
| गुजरात | 14 | 09 | 05 | 00 | 18 | +0.254 |
| मुंबई | 14 | 08 | 06 | 00 | 16 | +1.142 |
| दिल्ली | 14 | 07 | 06 | 01 | 15 | +0.011 |
| हैदराबाद | 14 | 06 | 07 | 01 | 13 | -0.241 |
| लखनऊ | 14 | 06 | 08 | 00 | 12 | -0.376 |
| कोलकाता | 14 | 05 | 07 | 02 | 12 | -0.305 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 | -0.647 |



**पर्पल कैप**
24 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई



**ऑरेंज कैप**
679 रन
साई सुदर्शन
गुजरात

### लखनऊ 227/3 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मार्श कै. जितेश बो. कुमार | 67 | 37 | 04 | 05 |
| ब्रीट्जके बो. नुवान तुषारा | 14 | 12 | 01 | 01 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 118 | 61 | 11 | 08 |
| पूरन कै. दयाल बो. शेफर्ड | 13 | 10 | 01 | 00 |
| अब्दुल समद नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 14

**विकेट पतन** : 1-25, 2-177, 3-226.

**गेंदबाज** : नुवान तुषारा : 4-0-26-1, क्रुणाल पंड्या : 2-0-14-0, यश दयाल : 3-0-44-0, भुवनेश्वर कुमार : 4-0-46-1, सुयश शर्मा : 3-0-39-0, रोमारियो शेफर्ड : 4-0-51-1.

### बेंगलुरु 230/4 (18.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. दिग्वेश बो. आकाश | 30 | 19 | 06 | 00 |
| कोहली कै. बदोनी बो. आवेश | 54 | 30 | 10 | 00 |
| पाटीदार कै. समद बो. रूर्की | 14 | 07 | 01 | 01 |
| लिविंगस्टन एलबीडब्ल्यू रूर्की | 00 | 01 | 00 | 00 |
| मयंक अग्रवाल नाबाद | 41 | 23 | 05 | 00 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 85 | 33 | 08 | 06 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 1-61, 2-90, 3-90, 4-123.

**गेंदबाज** : आकाश सिंह : 4-0-40-1, विलियम ओ रूर्की : 4-0-74-2, दिग्वेश सिंह : 4-0-36-0, शाहबाज अहमद : 3-0-39-0, आवेश खान : 3-0-32-1, आयुष बदोनी : 0.4-0-9.

#### मार्श का बल्ला भी जमकर बोला

पूरे सत्र में खराब बल्लेबाजी के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने यश दयाल के खिलाफ छक्का और दो चौके के साथ चौथे ओवर से 18 रन बटोर कर अपने तेवर दिखाये। पंत ने 10वें ओवर में सुयश शर्मा के खिलाफ छक्का और दो चौके लगाकर 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इस बीच मार्श ने शेफर्ड की गेंद को लांग ऑन के ऊपर से गेंद को दर्शकों के पास भेज कर मौजूदा सत्र में अपने 600 रन पूरे किये। मार्श ने अगले ओवर में सुयश के खिलाफ छक्के के साथ 31 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। मार्श ने 16वें ओवर में भुवनेश्वर की शुरूआती दो गेंदों पर छक्के जड़े लेकिन अगली गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। पंत ने भुवनेश्वर के अगले ओवर में चौके के साथ 54 गेंद में अपना शतक पूरा करने के साथ टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया।निकोल्स पूरन (13) बड़े शॉट खेलने में संघर्ष कर रहे थे लेकिन पंत ने शतक पूरा करने के बाद आखिरी दो ओवरों में यश दयाल और शेफर्ड के खिलाफ छक्के लगाकर टीम के स्कोर को 225 रन के पार पहुंचाया।

## विराट कोहली ने रचा इतिहास, टी20 में 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज


**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी20 में किसी एक टीम की तरफ से खेलते हुए 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गये। किंग कोहली ने इस मुकाबले में 24 रन बनाते ही टी20 में 9004* रन बना लिए। कोहली ने अपने आइपीएल करियर की शुरूआत 2008 में आरसीबी के साथ की थी, तब से वह इसी टीम का हिस्सा हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उनका बल्ला जमकर गरजा और वह 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 27 गेंदों में सत्र का आठवां अर्धशतक जड़ा। वह 30 गेंदों में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए।



#### आइपीएल में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज

कोहली इसके साथ ही आईपीएल में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ पचासा जड़ते ही वह इस मामले में डेविड वॉर्नर से आगे निकल गए। इससे पहले कोहली और वॉर्नर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम आईपीएल में 62 अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज था। हालांकि, अब कोहली के नाम 63 अर्धशतक हो गए हैं। रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने आइपीएल में 46 अर्धशतक लगाए हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा अर्धशतकीय पारी खेलने के मामले में यह कोहली का तीसरा सफल सीजन है। उन्होंने 2016 में 11 और 2023 में आठ पचासे लगाए थे।

## ऋषभ पंत ने अनोखे अंदाज में मनाया शतक का जश्न



लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने मंगलवार को बेंगलुरु के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। उन्होंने दमदार पारी के साथ खराब फॉर्म को भी पीछे छोड़ दिया। शतक के बाद पंत ने जिस तरह से जश्न मनाया वह अब चर्चा का विषय बना हुआ है। शतकीय पारी के बाद पंत ने खास अंदाज में जश्न मनाया। उन्होंने मैदान पर गुलाटी मारकर जश्न मनाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। लखनऊ ने उन्हें 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा था। लेकिन पूरे सीजन उनका बल्ला खामोश रहा था, जिसकी वजह से उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब पंत ने शानदार शतक जड़कर आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

**लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने पंत:** लखनऊ की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। यह उनका आखिरी लीग मुकाबला है। इस मैच में ऋषभ पंत ने कप्तानी पारी खेलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। वह 61 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के की मदद से 118 रन बनाकर नाबाद रहे। पंत ने अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक महज 54 गेंदों में पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 2018 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 63 गेंदों में 128 रनों की नाबाद पारी खेली थी। पंत आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।

## आरसीबी और पंजाब के बीच खेला जायेगा क्वालिफायर-1

आइपीएल 2025 में यह लीग चरण का आखिरी मुकाबला था, जिसे आरसीबी ने जीत लिया। 2016 के बाद पहली बार टीम ने लीग चरण का समापन शीर्ष-दो में रहकर किया है। लखनऊ पर जीत के साथ आरसीबी 19 अंक और 0.301 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची। वहीं, लखनऊ 14 मैचों में छह जीत और आठ हार के साथ 12 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही। अब आरसीबी का सामना पंजाब किंग्स से क्वालिफायर-1 में होगा। श्रेयस अय्यर की टीम ने सोमवार को मुंबई पर शानदार जीत दर्ज की थी। वहीं, मुंबई और गुजरात के बीच इस सीजन का एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा।

## पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक



सुमित अंतिल।



महेंद्र गुर्जर।

**स्विट्जरलैंड।** भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार पैरालिंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72.35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### ज्वेरेव, डिमिनौर और गाफ ने जीत दर्ज की

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में मंगलवार को खेले गये मुकबलों में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव, आस्ट्रेलिया के एलेक्स डिमिनौर तथा महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गाफ, बेलारुस की विक्टोरिया अजारेंका ने जीत दर्ज की। मंगलवार को यहां जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के लर्नर टिएन को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन के अगले दौर में जगह बनाई।

### ड्रीम यूटीटी जूनियर्स टूर्नामेंट 29 मई से अहमदाबाद में होगा शुरू

**अहमदाबाद।** ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) और अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सहयोग से अहमदाबाद में 29 मई से शुरू होने वाले ड्रीम यूटीटी जूनियर टूर्नामेंट में आठ टीमों के 16 खिलाड़ी खेलेंगे। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में होने 29 मई से आठ जून तक होने वाले इस अंडर-15 टेबल टेनिस टूनामेंट में देश भर के 16 प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। इनमें आठ-आठ लड़के और लड़कियों के वर्ग खिलाड़ी है। इन खिलाड़ियों को आठ फ्रेंचाइजी में जगह दी गई है।

## गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर में जीता स्वर्ण पदक




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय एथलीटों ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार शुरूआत की है और पहले ही दिन पदक का खाता खोल लिया है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि उनसे पहले सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस तरह भारत ने अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकेंड है जो उन्होंने इस साल की शुरूआत में बनाया था। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है।

#### सेबेस्टियन ने खोला था जीता का खाता




इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकेंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## ब्राजील टीम का किया ऐलान, नेमार बाहर कासेमीरो की वापसी


**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के नए कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को अपनी पहली 25 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें सबसे बड़ा नाम गायब रहा नेमार। चोट से जूझ रहे नेमार हाल ही में सैंटोस क्लब में लौटे हैं, लेकिन एंसेलोटी ने बताया कि वो अभी राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। एंसेलोटी ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे कई खिलाड़ी चोटिल हैं, जिनमें नेमार भी शामिल हैं। लेकिन हम उन पर भरोसा करते हैं। मैंने आज सुबह उनसे बात की और वह पूरी तरह सहमत हैं। टीम में मिडफील्डर कासेमीरो की वापसी हुई है, जो पिछले लगभग डेढ़ साल से टीम से बाहर चल रहे थे। 2022 विश्व कप में टीम के कप्तान रहे कासेमीरो की वापसी को एंसेलोटी ने नेतृत्व और बलिदान की जरूरत से जोड़ा।

## रोनाल्डो ने अल नास्र को छोड़ने के दिए संकेत

### अंतिम मुकाबले के बाद सोशल मीडिया पोस्ट से अटकलें तेज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सऊदी प्रो लीग के आखिरी मुकाबले में अल नास्र की ओर से गोल दागने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैच के बाद सोशल मीडिया पर ऐसा मैसेज पोस्ट किया जिससे उनके क्लब छोड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। रोनाल्डो ने अपनी अल नास्र जर्सी में एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा ,यह चैप्टर खत्म हुआ। कहानी अभी बाकी है। सभी का आभार। गौरतलब है कि रोनाल्डो का अल नास्र के साथ अनुबंध जून में समाप्त हो रहा है। इस सीजन में उन्होंने 25 गोल दागे और सऊदी प्रो लीग के टॉप स्कोरर रहे, लेकिन इसके बावजूद अल नास्र टीम एएफसी चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। अल फतेह के खिलाफ खेले गए अंतिम लीग मुकाबले में रोनाल्डो ने एक गोल दागा, जो उनके क्लब करियर का 801वां और अल नास्र के लिए 99वां गोल था। हालांकि, अल नास्र को इस रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, रोनाल्डो को एक ब्राजीलियन क्लब से आकर्षक प्रस्ताव मिला है, जिसमें उन्हें आगामी फीफा क्लब वर्ल्ड कप में खेलने का मौका मिल सकता है। यह टूर्नामेंट 14 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में आयोजित होना है।



# रोमांचक मुकाबले में कार्लसन ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया

### अर्जुन एरिगैसी ने दर्ज की जीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए।

#### कार्लसन ने उठाया गुकेश की गलती का फायदा

पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था। गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले क्लासिकल शतरंज के इस मुकाबले में अधिकतर समय तक नॉर्वे के गत चैंपियन को दबाव में रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक अर्जित किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी को आमार्गेडन गेम में हराया। इससे पहले क्लासिकल बाजी 54 चाल में बराबरी पर छूटी थी।

### जीत के बाद क्या बोले कार्लसन?



कार्लसन ने कहा, मुझे अभी अहसास हुआ कि मैं कुछ भी नहीं जानता। मैंने उन्हें आश्चर्य चकित करने की कोशिश की। मैंने उसी तरह का खेल खेला जैसे मैं हमेशा खेलते रहा हूं। इस टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं है। असल में काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने 11वीं चाल तक अपने प्रतिद्वंद्वी की सफेद मोहरों की बढ़त को बेअसर कर दिया था, जब उन्होंने नॉर्वे के खिलाड़ी को 15 मिनट से अधिक समय तक सोचने पर मजबूर कर दिया था। लेकिन अब रैपिड और ब्लिट्ज जैसे छोटे प्रारूपों में तथा हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज में खेलने लगे 34 वर्षीय कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल करके दिखा दिया कि उन्होंने क्लासिकल प्रारूप के साथ अपना संपर्क नहीं खोया है। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में चोटी के छह छह खिलाड़ी भाग में रहे हैं।

### एरिगैसी ने चीनी खिलाड़ी को हराया

एरिगैसी ने जीत से 1.5 अंक, जबकि वेई ने एक अंक हासिल किया। टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल प्रारूप में विजेता को तीन अंक मिलते हैं। यदि क्लासिकल बाजी ड्रा हो जाती है, तो खिलाड़ियों को एक-एक अंक मिलता है और फिर आमार्गेडन में आधे अंक के लिए खेलना होता है। एरिगैसी का दूसरे दौर में गुकेश से मुकाबला होगा।

### हम्पी ने वैशाली को दी मात



इस बीच दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने हम वतन भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। यह मुकाबला सहजता से आगे बढ़ रहा था लेकिन आखिर में वैशाली एक गलती कर गई जिसका फायदा उठाकर हम्पी ने जीत हासिल की। कार्लसन और गुकेश का मैच निर्णायक क्षणों तक चला, जिसमें नॉर्वे के खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर आखिर में दबाव बनाकर जीत हासिल की। कार्लसन की शुरूआत हालांकि उम्मीद के अनुरूप नहीं रही और उन्होंने बाद में इसे स्वीकार भी किया।

# सिंगापुर ओपन में सिंधू की जीत से शुरूआत

**एजेंसी**

**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजता पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरूआत की है। सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को हराकर मंगलवार को दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सिंधू ने सिर्फ 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। हालांकि, सिंधू के लिए आगे की राह कठिन है क्योंकि उनका सामना अब टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और फिलहाल विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर मौजूद चीन की यू फेई से होगा।

#### अन्य भारतीयों ने किया निराश

सिंधू ने जहां विजयी आगाज किया, वहीं अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, प्रियांशु रजावत और किरण जॉर्ड को अपने-अपने मुकाबलों में हार सामना करना पड़ा और ये खिलाड़ी पहले ही दौर से बाहर हो गए। मालविका और प्रियांशु एक गेम की बढ़त लेने के बावजूद लय बरकरार नहीं कर सके। मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपानिदा कातेथोंग के खिलाफ 21-14, 18-21, 11-21 से, जबकि प्रियांशु को पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोदाई नारोका के खिलाफ 21-14, 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, चेन ने अनमोल को मात दी। अनमोल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन अंत में उन्हें 11-21, 22-24 से शिकस्त मिली।



#### ध्रुव-क्रास्टो भी नहीं पेश कर सके चुनौती

इस साल इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले जॉर्ज को चीन के वेंग हॉन्ग यांग के खिलाफ 19-21, 17-21 से, जबकि आर संतोष रामराज को पुरुष एकल वर्ग के शुरूआती मुकाबले में दक्षिण कोरिया के किम गा यून के खिलाफ 14-21, 8-21 से हार मिली। मिश्रित युगल वर्ग में ध्रुव कपिल और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को चीन के चेंग जिंग और झांग ची की जोड़ी के खिलाफ 18-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। असिथ सूर्या और अमरुता पारमुतेश की जोड़ी भी जापान की युइची शिमोगामी और सायका होबारा की जोड़ी के खिलाफ 11-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गई।

# बीएसएल में एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवार्ड में 8 कर्मचारी विशिष्ट योगदान हेतु हुए पुरस्कृत

**सीजीएम अंजनी शरण ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मठ कर्मियों को विभिन्न प्रकार से प्रोत्साहित करने का प्रयास लगातार जारी है। इसी कड़ी में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के अप्रैल माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आठ कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में सीजीएम -मानव संसाधन अंजनी कुमार शरण के साथ संबंधित विभागों के सीजीएम विभागाध्यक्ष सहित वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। सीजीएम शरण ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाए रखना चाहिए। विश्व इस्पात बाजार एक कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम लोग इस चुनौती को पार करेंगे और बोकारो स्टील प्लांट को एक नई ऊंचाई तक ले जायेंगे। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम- मानव संसाधन सिबिल सिंह ने किया।

# हर हाल में सरना कोड लागू करना होगा: प्रेमनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जिला मुख्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन**



**गोड्डा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले शहीद स्तंभ परिसर में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन कुमार के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में सैकड़ो आदिवासी महिला एवं पुरुषों के अलावा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मोटे तौर पर कहा जाए तो बहुत दिन और बाद किसी मुद्दे को लेकर झामुमो की ओर से प्रदर्शन के दौरान तेवर दिखा है। इतना ही नहीं राजनीति से दूर रहने वाली आदिवासी महिलाएं सरना कोड के मसले पर ढोल नगाड़े और मांदर के बीच रोड शो करते हुए धरना स्थल सहित स्तंभ पर पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समर्थकों एवं महिलाओं की ओर से वीर शिबू सोरेन जिंदाबाद और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारों से शहीद स्तंभ परिसर बुलंद किया गया। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी जिलों में सरना धर्म को संविधान में मान्यता दिलाने की मांग को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सरना धर्म को अलग कोड के रूप में मान्यता देने की मांग की और आदिवासी पहचान, संस्कृति तथा धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान कई वक्ताओं ने सरना धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आदिवासी समाज की आत्मा बताया। इस मौके पर स्थानीय कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया जो आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन जिला सचिव वासुदेव सोरेन की ओर से किया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि धरना प्रदर्शन के बाद महामहिम के नाम ज्ञापन डीसी को सौपा जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम में सोनू कोचिंग के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




बेरमो। चलकारी स्थित सोनू कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में लहराया परचम। विध्या रानी ने 84 .2 फीसदी अंक लाकर अपने स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर जरीडीह बाजार में सेकंड स्कूल टॉपर बनी। विध्या रानी चलकरी बस्ती रविदास टोला की रहने वाली है। पिता मुकेश्वर रविदास, मां अनीता देवी ने विध्या की सफलता से खुश होकर उन्होंने कहा की विध्या ने कोचिंग, विद्यालय के साथ साथ परिवार का नाम भी रोशन किया। वही इस कोचिंग के नवीन कुमार 80 .4 फीसदी और विमल रविदास 80 .4 फीसदी अंक लकार प्रथम श्रेणी हासिल किया। सोनू कोचिंग के 32 विद्यार्थियों में 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल किया।

### हत्यारोपी शिक्षक को विभाग ने किया निलंबित



गोड्डा/ठाकुरगंगटी। थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय माल मंडरो में पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष ठाकुर नामक शिक्षक को बोआरीजोर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बताते चले की आरोपी शिक्षक ने मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के फुलोलक्ष्मी गांव निवासी ग्राम प्रधान तालू मुर्मू का 02 लाख रुपये की सुपारी देकर जमीन विवाद में मास्टर माइंड शिक्षक ने ग्राम प्रधान की हत्या करा दी थी। जिसे लेकर बोआरीजोर थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज प्रधान की पत्नी के द्वारा करायी थी। शिक्षा विभाग को शिक्षक की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### धनबाद रेलवे मंडल के प्रबंधन से मिल भाजपा नेता ने उठाये कई मांग



बेरमो। धनबाद रेलवे मण्डल के निर्वतमन प्रबंधक महोदय कमल किशोर सिन्हा से भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय उनके कार्यलय में मुलाकात कर धनबाद रेलवे मण्डल के प्रबंधक के रूप में उनके योगदान हेतु बधाई दिया। उनके कार्याकाल में धनबाद रेवले मण्डल में बहुत कार्य हुआ इसके लिए उन्हें बहुत–बहुत धन्यवाद व आभार तत्पश्चात धनबाद रेलवे मण्डल के नए प्रबंधक श्री मिश्रा से पदभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया। इस दौरान धनबाद रेलवे मण्डल अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुविधाएं बढ़ाने हेतु मांग पत्र सौंपा, जिस पर उन्होंने यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया तथा डीआरएम साहब से मुलाकात कर गोमो–बरकाकाना रेलखंड पर फूसरो और बेरमो स्टेशन के बीच रेलवे की जमीन पर होने वाले अतिक्रमण पर चर्चा कर पिछले 70 –60 वर्षो से रेलवे के निकट बसे लोगो को हटाने से पहले बसाने की मांग की । मौके पर साथ में उपस्थित थे भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप गोस्वामी जी, पुर्व मण्डल अध्यक्ष सुनील मण्डल जी एंव अन्य।

### गोड्डा जिला में नये उपायुक्त ने ग्रहण किया पदभार, कहा

# जरूरतमंदों तक पहुंचायेंगे सरकारी योजनाओं का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी अंजली यादव ने मंगलवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड की अधिसूचना के आलोक में डीसी गोड्डा का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात डीसी ने समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपस्थित जिले के वरीय पदाधिकारियों से परिचय लिया एवं एक साथ मिलकर जिले के विकास के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाने एवं सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने को लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। नए डीसी ने कहा कि जिले के विकास योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराना है ताकि योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ जनता के कार्यों को पूरा करना ही प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। डीसी अंजली यादव ने कहा कि गोड्डा ने विकास मामले में पहले से कई कीर्तिमान स्थापित किए है। उन्होंने निवर्तमान डीसी जिशान कमर की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यों को आगे भी कायम रखेंगे। इस मौके पर निवर्तमान डीसी जिशान कमर ने उन्हें आगामी काल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने नए डीसी को पुष्पगुच्छ भेंट कर गोड्डा जिला में स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीडीसी स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, नगर प्रशासक आशीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं समाहरणालय संवर्ग के कर्मी मौजूद रहे।

# आदिवासी हिन्दू था है और रहेगा : बिमल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के सीनेट के सदस्य विमल मरांडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आदिवासी हिन्दू था, हिन्दू है और रहेगा इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को राजनीति करने का कोई हक नहीं। कांग्रेस और झामुमो को अपने गिरेबान पर झांक कर देखना चाहिये,जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी उस समय के केन्द्रीय जनजाति मंत्रालय के मंत्री ने भाजपा सांसद सुदर्शन भगत के सरना धर्म कोड के सवाल पर उन्होंने जो जवाब दिया था उसको याद करने की आवश्यकता है। आज जो लोग सरना धर्म कोड पर अपना राजनीति कर रहे हैं वही लोग सरना धर्म कोड को असंवैधानिक और अवैध बताकर इंकार कर दिया था। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा को कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने ये भी कहा था कि सरना धर्म कोड एक क्षेत्रीय मांग है जो एक असंवैधानिक है। आज किसी हैसियत से झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं। श्री विमल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो आदिवासी को बरगलाने में लगे हैं। आज आदिवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की हर नीति को समझ चुके हैं। झारखंड सरकार को अगर सरना धर्म कोड के प्रति हमदर्दी है तो जब वे नीति आयोग के बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर सरना धर्म कोड की मांग क्यों नहीं किया ये सोचने वाली विषय है।

# गोड्डा : ललमटिया सामूहिक दुष्कर्म मामले का डालसा ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** बीते दिनों ललमटिया में हुए गैंगरेप मामले में डालसा द्वारा संज्ञान लिया गया है। इस बाबत डालसा के सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर सोमवार को अधिकार मित्रों की एक टीम को जांच के लिए भेजा गया था। वहीं डालसा टीम के अधिकार मित्रों को पूरे मामले की जानकारी लेने को कहा गया है, ताकि पीड़िता के पूरे मामले की जांच कर मुआवजा की दिशा में उचित कार्रवाई की जा सके। सचिव द्वारा टीम में शामिल अधिकार मित्रों को कहा गया कि वे पूरे मामले की सही तरीके से पड़ताल करें और पीड़ित को तत्काल कानूनी सहायता प्रदान करने सहित मुआवजा आदि दिलाने की दिशा में पहल करें। बताया कि इन मामलों को लेकर डालसा पूरी तरह से संवेदनशील है। अधिकार मित्रों को इस प्रकार के मामले में गंभीरता से पहल करने को कहा गया है। मालूम हो कि शनिवार को राजाभीठा थाना क्षेत्र की एक आदिवासी महिला के साथ चाकू का भय दिखाकर एक विशेष समुदाय के दो युवकों द्वारा जंगल में ले जाकर बारी-बारी से गैंगरेप किया गया था, इसके बाद दूसरे दिन मामले को लेकर हंगामा हुआ। एक आरोपी को तो ग्रामीणों ने ही पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया और थाना परिसर में हंगामा भी किया। हालांकि पुलिस ने आरोपी सादिक अंसारी को जेल भेज दिया है, दूसरे आरोपी की खोजबीन की जा रही है। मालूम हो कि सुंदरपहाड़ी के घटियारी में भी जनवरी फरवरी माह में यौन शोषण की शिकार पहाड़िया युवती को मौत के घाट उतार दिया गया था जिसमें नशापान कराकर युवती की हत्या की गयी थी। इस मामले में पुलिस ने दो मुस्लिम युवकों को पकड़ कर जेल भेजा था।

# सीकेएस ने मनाया महिला सम्मान समारोह दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी ने मंगलवार को महिला सम्मान समारोह दिवस मनाया। महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय कुमार सिन्हा सहित सीसीएल महिला कर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

उक्त मौके पर सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ पेंशन सेल सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का शुरूआत भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रधेय दतोपंत ठेंगड़ी जी तथा मां भारती एवं विश्वकर्मा भगवान जी के मूर्ती पर माल्याअर्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही रवींद्र कुमार मिश्रा, संत सिंह, विनय कुमार सिंह एवं कुलदीप तथा सभी शाखा से आए हुए अध्यक्ष तथा सचिव ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पुष्प-गुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। वही कुमारी माला ने कहा कि आज भारतीय मजदूर संघ प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से महिला सम्मान समारोह मना रही है। आज के दिन हमलोग अपने मातृव शक्ति का सम्मान कर समाज में मातृव शक्ति की आंतरिक अनुभूति को समाज के बीच भारतीय मजदूर संघ के द्वारा अवगत कराया जाता है कि आज की महिला किस प्रकार देश विदेश एवं अपने घर मे परचम लहरा रही है। वही रवीन्द्र मिश्रा ने कहा कि मातृव शक्ति की अनेको रूप है और हमारे विकाशील देश मे हर क्षेत्र में हमारी मातृव शक्ति देश, विदेश अपने गृहस्थ जीवन मे परचम लहरा रही है आज हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर परचम लहरा रही है।

मौके पर प्रेमलता देवी, सुजाता मुखर्जी, सुमिति कुमारी, किरण देवी रेखा सिंह, बसंती देवी, ज्योति, बशन्ति देवी, सरिता देवी, सीमा देवी, सूती, देवकी देवी, नीरा देवी, लक्ष्मी देवी, कमली देवी, अनिता देवी,इंडिया देवी, लकी वाला देवी, पारो देवी, सुनीता गुनिया, रीना, अंजली, यशोदा, काजल देवी, रिका कुमारी, नुनुचंद महतो,सुबीर मुखर्जी, प्रतोष कुमार रॉय, प्रशांत मिश्रा, अरविंद ठाकुर, भुनेश्वर, बिरेन्द्र गुप्ता, सोमनाथ मिश्रा, शरद कुमार, संदीप ओरांव, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एसकेएमयू के वाणिज्य विभाग में नवनामांकित छात्रों का स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में नवनामांकित छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं वीर सिदो और कान्हू मुर्मू की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि पीजी की यह यात्रा केवल पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों को व्यावहारिक जीवन, सामाजिक जिम्मेदारियों और भविष्य के करियर के लिए तैयार करने का भी एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर शिक्षक डॉ बिनोद मुर्मू ने कहा कि पीजी की पढ़ाई एक सुनहरा अवसर है। जिसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई और आत्मविकास में अपनी ऊर्जा केंद्रित करने की सलाह देते हुए उनके भविष्य निर्माण की नींव बताया। शिक्षक डॉ ज्ञान चंद, अमृत होरो और टीपू कुमार ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए समय प्रबंधन, टीमवर्क एवं सतत सीखने की आदत को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ वरिष्ठ छात्र-छात्राओं में जागेश्वर सोरेन, नेहा प्रवीण, आदित्य चिराग, रतन राज, सुषमा, अनिमा, मुशर्रफ कमाल, क्रिस्टीना, बिमला, बबली, शफिया सिद्दीका, आनंद, अभिषेक, अर्चा, सुलेमान, विजय, संदीप, दिनेश, अन्नू टुडू, लीना प्रिया, संध्या, सुभान, जनार्धन, काजल आदि की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में उपरोक्त प्रदर्शन के आधार पर अनु को मिसेज फ्रेशर और अजित हांसदा को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

# महिलाओ की निजी स्वच्छता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर मंगलवार को डीवीसी बोकारो थर्मल प्रबंधन की ओर से ग्राम बरई के पंचायत भवन में महिलाओ की निजी स्वच्छता से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीवीसी अस्पताल एवं सीएसआर का योगदान रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं उपमहाप्रबंधक (स्वास्थ्य) डॉक्टर संगीता रानी उपस्थित रही । उन्होंने महिलाओं को निजी स्वच्छता एवं मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रबंधक एस ए अशरफ के स्वागत भाषण के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन भंडार विभाग के शाहिद इकराम ने किया। कार्यक्रम में डीवीसी के कृष्णा कुमार, शिवचरण इत्यादि उपस्थित रहे। पंसस शांति देवी, स्वास्थ्य सहिया एवं पंचायत से जुड़े अन्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डीवीसी की ओर से किशोरीयों के बीच सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया।

## एक नजर में

### बोकारो के नये डीसी अजय नाथ झा से है नयी उम्मीदें



बोकारो। बोकारो के 35वें उपायुक्त बने झारखंड कैडर 2012 बैच के आईएएस अजय नाथ झा इससे पूर्व आदिवासी कल्याण विभाग में और उससे पहले झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग में उपनिदेशक भी रह चुके हैं। 2020 में उन्हें आईएएस अधिकारी के रूप में प्रोन्नति दी गई और वे आयुक्त रैंक पर पदस्थापित हुए। सूत्रों के अनुसार झा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नेतरहाट आवासीय विद्यालय से प्राप्त की और तत्पश्चात दिल्ली विवि के हिंदू कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने सार्वजनिक सेवा के करियर की शुरुआत बिहार सरकार के साथ की थी तथा झारखंड राज्य के गठन के बाद उन्हें झारखंड कैडर में स्थानांतरित कर दिया गया।

### डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्लांट में पौधरोपण



बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन और इसके पर्यावरण प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा यहां के पावर प्लांट के भीतर पौधारोपण मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक–मानव संसाधन डॉ डीसी पांडेय वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा सहित डीवीसी के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर शर्मा ने कर्मियों को संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण का कार्यक्रम सभी शुभ आयोजनों पर किया जाना चाहिए। डॉक्टर डीसी पांडेय ने कहा कि हर व्यक्ति को साल में कई पौधा रोपण किया जाना और उसका संरक्षण किए जाने से सभी जीव जंतु को लाभ मिलेगा। वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने मानव जीवन के उत्थान के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक राजीव कुमार दीपक कुमार वरिष्ठ प्रबंधक सत्येंद्र कुमार राजीव तिवारी राजकुमार चौधरी अक्षय कुमार मनीष कुमार आदि कई लोगों ने पौधारोपण किया।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में समर कैंप प्रारंभ



बेरमो। मंगलवार से समर कैंप की शुरुआत हो गई। इस शिविर के दौरान भैया बहनों को आर्ट एंड क्राफ्ट, भोजन विधि एवं निर्माण, पेंटिंग, बास्केटबॉल, एथलीट, कराटे, इंडियन और क्लासिकल म्यूजिक और डांस, योग आदि जैसी गतिविधियां आयोजित होगी। इस समर कैंप की शुरुआत प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुई। इस मौके पर विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे ने कहा समर कैंप का उद्देश्य खेल भावना जगाने के साथ-साथ उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निकालना है। उन्हें स्कूल में पढ़ने के दौरान ही आत्मरक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास से जोड़ना है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो ने समर कैंप के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रमुख शैलबाला कुमारी ने समर कैंप के महत्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। समर कैंप का आयोजन सुबह 7:00 से 11:00 तक होगा। इस आयोजित कैंप में बच्चों ने पहले दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को सीखा। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन ही 154 छात्राएं समर कैंप में शामिल हुए। यह समर कैंप 27 मई से 31मई तक चलेगा। लंबे समय के बाद भैया बहनों को समर कैंप में हिस्सा लेने का मौका मिला है इससे छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इस समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों को सीखाने के लिए आचार्य में प्रदीप कुमार महतो, नित्यानंद मिश्रा, मंतोष प्रसाद, शैलेंद्र कुमार सिंह, शिवपूजन सिंह, राजेंद्र पांडे, कुमार गौरव, दीदी जी में शैलबाला कुमारी, विभा सिंह, वीणा कुमारी, संजू ठाकुर, सीमा, प्रीति प्रेरणा सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मैट्रिक जिला टॉप 10 में कसमार के छात्रों ने मारी बाजी



बोकारो/कसमार। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बोकारो टॉप 10 में कसमार के पांच छात्रों ने बाजी मारी। राजकीय क्षेत्र नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद के सरताज राजा ने जिले में चौथा स्थान आनंदमार्ग आवासीय विद्यालय खैराचातर की छात्रा कुमकुम कुमारी ने जिले में पांचवां स्थान आनंद मार्ग आवासीय विद्यालय खैराचातर के दीपमय महतो ने सातवां स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार के प्रिंस कुमार ने आठवां स्थान वही राजकीय क्षेत्रनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद की आनंदिता कुमारी ने जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले इन विद्यार्थियों ने न सिर्फ अपने स्कूल का नाम रोशन किया बल्कि पूरे परिवार और जिले को भी गर्व महसूस कराया। विद्यालय की प्राचार्या और शिक्षक गण इनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हैं। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता को स्कूल के लिए गर्व की बात बताया।

### ईश्वरी बाबू समाज सेवा में अग्रणी थे : आशीष

बेरमो। कोयलांचल के प्रसिद्ध मजदूर नेता स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद सिंह का 35वां पुण्यतिथि पुत्र अजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता वेदव्यास चौबे ने कहा ईश्वरी बाबू क्षेत्र में हमेशा हर सामाजिक कार्यों में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वाह करते थे। समाज को हमेशा सही दिशा और मार्गदर्शन देने का कार्य किये। ट्रेड यूनियन में इन्होंने ईमानदारी के बल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। श्रमिक नेता एवं स्व सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह ने कहा पिता से मिली प्रेरणा सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करती है। पिता का सपना शिक्षा को बढ़ावा देकर सभ्य तथा मजबूत समाज का निर्माण हो हमेशा उनकी सोच रहती थी। शिक्षा के लिए कई स्कूल के निर्माण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह की थी। अपने पैतृक गांव से लेकर कथारा में भी शिक्षा को लेकर स्कूल का निर्माण एवं व्यवस्था में बड़ी भूमिका का निर्वाह किए थे। सदैव उनके मार्गदर्शन पर चलकर दबे कुचले असहाय का आवाज बना पसंद करता हूं। इस अवसर पर पुत्र राम तपस्या सिंह विजय कुमार सिंह पौत्र स्वयं सिंह पुत्रवधू ममता देवी अर्चना सिंह ममता सिंह पौत्री शगुन सिंह आशीष, चंद्रशेखर सूर्यकांत त्रिपाठी देवाशीष आश नरेंद्र त्रिपाठी अरुण सिंह प्रवीण सिंह कमल कान्त सिंह सविता सिंन्हा संतोष सिंन्हा संतोष राम गोड अर्जुन करमाली शामिल थे।

### पेज एक का शेष : राष्ट्रपति ने बांटे पद्म पुरस्कार

**पद्म विभूषण :** दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी- चिकित्सा, शारदा सिन्हा (मरणोपरांत)- कला, जगदीश सिंह खेहर- सार्वजनिक मामले, ओसामु सुजुकी - व्यापार और उद्योग, कुमुदिनी रजनीकांत लखिया- कल (मरणो प्रांत), क्ष्मीनारायण सुृमण्यम-कलाा, एमटी वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) - साहित्य और शिक्षा।
**पद्म भूषण :** ए सूर्य प्रकाश- साहित्य और शिक्षा (पत्रकारिता), अनंत नाग- कला, जतन गोस्वामी-कला, जोस चाको पेरियाप्पुरम- चिकित्सा, कैशाश नाथ दीक्षित - पुरातत्व, एन कुप्पुस्वामी चेट्टी - व्यापार और उद्योग, पंकज पटेल- व्यापार और उद्योग, पंकज उधास (मरणोपरांत) - कला पीआर श्रीजेश- खेल, रामाहादुर राय साहित्य और शिक्षा (पत्रकारिता), साध्वी ऋतंभरा सामाजिक कार्य, शेखर कपूर - कला, विनोद धाम - विज्ञान और इंजीनियरिंग, विवेक देवरॉय (मरणोपरांत)- साहित्य और शिक्षा, सुशील मोदी (मरणोपरांत) सार्वजनिक मामले, मनोहर जोशी (मरणोपरांत)- सार्वजनिक मामले, नंदमुरी बालकृष्ण - कला, शोभना चंद्रकुमार - कला, अजित कुमार- कला
**पद्मश्री :** अरिजीत सिंह-कला, आर अश्विन- खेल, अशोक सराफ- कशा, अश्विनी भिड़े-देशपांडे- कशा, ातूश ागम - कशा, हरविंदर सिंह -खेल, जसपिंदर नरूला-कला, नीरजा भटला- चिकित्सा, भीम सिंह भावेश - कल, पी. दत्तचनमूर्ति- कला, गोकुल चंद्र दास - कला, मारुति भुजंगराव चितमपल ली - साहित्य और शिक्षा, शेखा एजे अल - योग, किशोर कुणाल (मरणोपरांत)-सामाजिक कार्य, चंद्रकांत सोमपुरा - कला, अनिल कुमार -साहित्य और शिक्षा, अरुणोदय साहा- साहित्य और शिक्षा, अरविंद शर्मा-साहित्य और शिक्षा, चंद्रकांत शेठ- साहित्य और शिक्षा, ल गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ - साहित्य और शिक्षा, गीता उपाध्याय- साहित्य और शिक्षा, हृदय नारायण दीक्षित - साहित्य और शिक्षा, जगदीश जोशीला- साहित्य और शिक्षा, केएल कृष्णा -साहित्य और शिक्षा, नागेंद्र नाथ रॉय- साहित्य और शिक्षा, नितिन नोहरिया-साहित्य और शिक्षा, प्रतिभा सत्पथी -साहित्य और शिक्षा, रामदरश मिश्रा -साहित्य और शिक्षा, सीनी विश्वनाथन - साहित्य और शिक्षा, शीन काफ निजाम- साहित्य और शिक्षा, स्टीफन नैप - साहित्य और शिक्षा, सैयद ऐनुल हसन - साहित्य और शिक्षा, तुषार दुर्गेशभाई शुक्ला -साहित्य और शिक्षा, वदिराज राघवेंद्राचार्य पंचमुखी - साहित्य और शिक्षा, अरुंधति भट्टाचार्य -व्यापार और उद्योग।

## स्पीड न्यूज

### जीडीपी में बुजुर्गों ने दिया 3 % योगदान

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुनः कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

### बक्सर में आरजेडी नेता की हत्या

पटना। बिहार के बक्सर जिले में निमार्णाधीन थर्मल पावर प्लांट के पास सोमवार देर रात आरजेडी लेबर सेल के नेता अर्जुन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना चौसा थाना क्षेत्र में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीन अज्ञात बाइक सवारों ने थार एसयूवी में सवार अर्जुन यादव का पीछा किया। प्लांट के गेट से थोड़ी ही दूरी पर आरजेडी नेता जब लस्सी खरीदने के लिए एक दुकान पर रुके, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग गए।

### पटना एम्स के जूनियर डॉक्टर कोरोना संक्रमित

पटना । राजधानी पटना में कोरोना ने दस्तक दे दी है। मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के एक जूनियर डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अलावा दूसरे मरीज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 30 वर्षीय वैज्ञानिक हैं। एक अन्य मरीज की जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज की गई है। इसके बाद शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या अब बढ़कर तीन हो गई है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के सुगनू पुलिस थानांतर्गत चाजिंग खुनौ इलाके से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

### चीन के कर्ज के जाल में फंसे 75 गरीब देश

नयी दिल्ली। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत लिए गए ऋणों के कारण 75 सबसे गरीब देशों को वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 25 अरब डॉलर का कर्ज चुकाना पड़ेगा, जिनमें पाकिस्तान जैसे देश भी शामिल हैं जिन्हें अकेले 22 अरब डॉलर चुकाने हैं। ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट की ओर से जारी अध्ययन के मुताबिक, इन ऋणों की भारी भरपाई विकासशील देशों की स्वास्थ्य, शिक्षा और जलवायु वित्तपोषण क्षमताओं को कमजोर कर रही है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि कर्ज चुकाने का यह दबाव इन देशों को गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट की ओर धकेल सकता है।

### सुकमा में 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा में मंगलवार को 39 लाख के इनामी एक महिला सहित 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित होने दबाव के फलस्वरूप नक्सली संगठन में सक्रिय 39 लाख रुपए के इनामी एक महिला सहित 18 नक्सलियों ने सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। मौके पर सुकमा एसपी किरण चव्हाण व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### 61वीं पुण्यतिथि पर सोनिया ने जवाहरलाल नेहरू की दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली । दिल्ली स्थित शांति वन में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर शेयर कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन।

# नकल के लिए अकल चाहिए

## ओवैसी ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर की खोली पोल

एजेंसी

नयी दिल्ली। एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर और पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ पर तंज कसा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर को बेवकूफ जोकर कहा। उन्होंने कहा कि एक हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की नकली फोटो पकड़े देखा। बता दें असीम मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कोऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की एक तस्वीर गिफ्ट की, जो असल में 2019 की चीनी सैन्य ड्रिल की फोटो थी। इस कार्यक्रम




में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और विदेश मंत्री इशाक डार सहित टॉप राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया था। ओवैसी ने इस बात के लिए तंज करते हुए कहा कि पाकिस्तान को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। ये लोग एक असली तस्वीर तक नहीं दे सकते। नकल करने के लिए भी अकल चाहिए, और इन नालायकों को अकल भी नहीं है। कुवैत में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि ये बेवकूफ जोकर भारत के साथ मुकाबला करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी और दावा किया कि यह भारत पर जीत है। वे एक सही फोटो भी गिफ्ट में नहीं दे सकते। ओवैसी ने पाकिस्तानी नेताओं की आलोचना : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से

**मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कोऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की एक तस्वीर गिफ्ट की, जो 2019 की चीनी सैन्य ड्रिल की तस्वीर थी**

सांसद ओवैसी ने भारत पर आतंकी हमलों में भूमिका के लिए पाकिस्तानी नेताओं की आलोचना की है। बता दें ऐसा पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अपने सैन्य अभियानों के बारे में गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने 15 मई को देश की वायुसेना की प्रशंसा करने के लिए ब्रिटेन स्थित अखबार के एक लेख की फर्जी तस्वीर का इस्तेमाल किया।

# आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे : मोदी

## 1947 में कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गयीं भुजायें

एजेंसी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और आज सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के ह्रदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी



के दिल में है। उन्होंने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुये कि कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गयीं भुजायें। देश के तीन टुकड़े कर दिये गये। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को

**▸▸ मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया**

मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए। लेकिन उनकी बात मानी नहीं गयी। मुजाहिदीन लहू चख गये थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आयी, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकिस्तान समझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिये उसने प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकवादी भारत भेजे जाते हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुधवार सुबह 11:00 बजे प्रधानमंत्री आवास पर होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा हो सकती है। पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। यहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। गुजरात दौरे के बाद वह दिल्ली लौटेंगे और बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेंगे।

कैबिनेट नोट के अनुसार, भारत में लैपटॉप, मोबाइल, सर्वर, मेडिकल डिवाइस, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है, यह नई यूनिट प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाएगी। इस मंजूरी के तहत कोयला लिंकेज को 'विंडो-कं' में अधिसूचित कीमत पर केंद्रीय और राज्यों को दिया जाना है। वहीं, कोयला लिंकेज को 'विंडो-कक' में अधिसूचित कीमत से प्रीमियम पर उत्पादन इकाइयों (जेनको) को दिया जाता है।

## हाईकोर्ट के 21 न्यायधीशों के तबादले की सिफारिश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के 21 न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। 26 मई को आयोजित बैठक में कॉलेजियम ने न्यायाधीशों के स्थानांतरण करने संबंधी फैसला किया। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल को तेलंगाना से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है जबकि न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव को कर्नाटक उच्च न्यायालय से दिल्ली उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से वापस पटना स्थानांतरित की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायमूर्ति लानुसुंगकुम जमीर को गुवाहाटी से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति मानस रंजन पाठक को गुवाहाटी से उड़ीसा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे को बॉम्बे से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा को इलाहाबाद से

**न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से पटना स्थानांतरित करने की संस्तुति**

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की गई है। न्यायमूर्ति सुमन श्याम को गुवाहाटी से बॉम्बे उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई। न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से वापस राजस्थान स्थानांतरित करने की संस्तुति की गई है। इसी प्रकार से न्यायमूर्ति विवेक चौधरी को इलाहाबाद से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह को केरल से कर्नाटक उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मद्रास से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्ति बट्टू देवानंद को मद्रास उच्च न्यायालय से वापस आंध्र प्रदेश स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला को इलाहाबाद से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति चंद्रशेखर को राजस्थान से बॉम्बे उच्च न्यायालय करने की संस्तुति की गई है।

## जून में होगी झमाझम बारिश

### 106 प्रतिशत हो सकती बारिश : आइएमडी

एजेंसी

नयी दिल्ली । मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि भारत में जून में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, जो दीर्घकालिक औसत का 108 प्रतिशत होगी। आईएमडी ने कहा कि पूरे मानसून के दौरान देश में 87 सेमी की दीर्घकालिक औसत बारिश का 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस मौसम में मानसून कोर जोन में सामान्य से अधिक (लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत से अधिक) बारिश होने की संभावना है। मानसून कोर जोन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आस-पास के इलाके शामिल हैं।



इस क्षेत्र में ज्यादातर बारिश दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान होती है और यह कृषि के लिए काफी हद तक इस पर निर्भर करता है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य बारिश होने की संभावना है, जबकि पूर्वोत्तर में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मध्य और दक्षिण भारत में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज किये जाने की संभावना है।



### तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति

पटना। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव फिर दादा बने हैं। बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। तेजस्वी ने एक्स और फेसबुक पर बच्चे की तस्वीर के साथ खबर सुनाई। उन्होंने लिखा कि सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे नन्हे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत आभारी, धन्य और खुश हूं। जय हनुमान!

## राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना

**▸▸ ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया : उपराष्ट्रपति**



होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूँ कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुँचें कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

# शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक

## सेंसेक्स 625 और निफ्टी 175 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रपति डोनालड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 624.82 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 81,551.63 अंक और निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में



तेजी रही। इससे मिडकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 45,191.80 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,865.29 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में कुल 4084 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1979 में बिकवाली जबकि 1957 में लिवाली हुई वहीं 148 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1462 में गिरावट जबकि 1412 में तेजी रही वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और दूरसंचार की 0.78 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 0.38, आईटी 0.71, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.60, धातु 0.52, तेल एवं गैस 0.51, पावर 0.35, टेक 0.49, सर्विसेज 0.38 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 138 अंक गिरकर 82,038.20 अंक पर खुला लेकिन दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर से पहले 82,410.52 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, मुनाफावसूली

### निवेशकों को 1.13 लाख करोड़ का घाटा

शेयर बाजार में गिरावट से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 443.66 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.79 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 1.13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## प्रधानमंत्री 30 को बिहार को 50 हजार करोड़ की विकास योजनाओं की देंगे सौगात

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंगलवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना एयरपोर्ट और विक्रमगंज पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 29 और 30 मई को प्रधानमंत्री पटना और विक्रमगंज से बिहार को 50 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। जिनमें एयरपोर्ट, सड़क, बिजली और रेलवे से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन, बिहटा एयरपोर्ट विस्तार योजना का शिलान्यास और औरंगाबाद जिले के नबीनगर में 29947.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास करेंगे।

